दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 316 | जयपुर | शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुश : पीएम

## ये फिर आतंक फैलाना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में दो जनसभाएं कीं। उन्होंने कटरा में कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर पाकिस्तान में बहुत उत्साह है। वहां इन दोनों पार्टियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पड़ोसी देश बहुत खुश है।

पीएम ने कहा कि ये सब मिलकर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती। वहीं, शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में पीएम ने कहा, हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलाएंगे। भाजपा ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए। इसके पहले 14 सितंबर को पीएम मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को लेकर कहा, इन तीन खानदानों ने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक घाटी में नफरत का सामान बेचा है। इनके कारण ही यहां के युवा तरक्की नहीं कर पाए। पिछले 6 दिन में पीएम मोदी का यह दूसरा कश्मीर दौरा है। इससे पहले वे 14 सितंबर को डोडा पहुंचे थे।

### कटरा में पीएम मोदी की दो बड़ी बातें...

1. पाकिस्तान में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की चर्चा में पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने इन दोनों पार्टियों का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35 को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का जो एजेंडा है, वही एजेंडा पाकिस्तान का है। ये वहां के मंत्री बोल रहे हैं। यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू करना चाहते हैं।
2. कांग्रेस ने हमारी आस्था का अपमान किया कांग्रेस का शाही परिवार भ्रष्टाचार का जन्मदाता है। कांग्रेस के उत्तराधिकारी ने विदेश जाकर कहा कि हमारे देवी-देवता भगवान नहीं हैं। यह हमारी आस्था का अपमान है। कांग्रेस को इसके लिए दंड देना चाहिए। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान लगाकर नफरत का सामान बेच रही है। यह उसकी नीति है।



### शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

**पहले फेज की रिकॉर्ड वोटिंग पर :** चुनाव में पहले फेज में इतनी बड़ी तादाद में वोटिंग हुई। ये खुशी की बात है कि दहशतगर्दी खत्म हुई और चुनाव के लिए लोग इतनी बड़ी तादाद में घर से बाहर निकले। ये नया इतिहास बना है। आपने ये इतिहास रचा है। दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं।

**एनसी-कांग्रेस और पीडीपी पर :** दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन्हें लगता है, जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आपको लूटना, ये इनका पैदायशी हक है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने सिर्फ डर और अराजकता ही दी है। अब कोई इनके शिकंजे में रहने वाला नहीं है।

**कश्मीर के युवाओं पर:** जिन नौजवानों को आगे नहीं बढ़ने दिया, वे इनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। आज वादी का जो नौजवान 20-25 साल का है, उनमें से कई पढ़ाई-लिखाई से महरूम रह गए हैं। कई ऐसे हैं, जिन्हें 10वीं-12वीं या कॉलेज तक पहुंचने में देश के बाकी बच्चों से ज्यादा साल लगे हैं। ये इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस-एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए हैं।

**घाटी में होने वाली पत्थरबाजी पर :** इन्होंने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक नफरत का सामान बेचा है। आप वो वक्त याद रखिए, जो स्कूल कॉलेज बच गए, वहां कई-कई सालों तक पढ़ाई नहीं हो पाती थी। ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमा कर खुश रहते थे।

## राहुल को आतंकी कहने पर केंद्रीय मंत्री बिट्टू पर एफआईआर

### मंत्री बोले- संसद में भी बोलूंगा, गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राहुल गांधी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी ने इसकी शिकायत की थी। बिट्टू पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) (झूठी जानकारी या अफवाह फैलाना), 192 (दंगा भड़काने की कोशिश) और 196 (धर्म और जाति के आधार पर नफरत फैलाना) के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं अपने बयान पर माफी नहीं मागूंगा, बल्कि संसद में भी बोलूंगा कि गांधी परिवार ने पंजाब जलाया। हमने पंजाब में अपनी कई पीढ़ियां खोई हैं। दरअसल, बिट्टू ने 15 सितंबर को कहा था कि राहुल गांधी देश के नंबर-1 आतंकवादी हैं। उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

नड्डा का खड़गे को जवाब, कहा- राहुल की करतूतें न भूलें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ओपन लेटर लिखा। नड्डा ने लिखा कि आप राहुल गांधी समेत अपने नेताओं की करतूतों को भूल गए हैं या फिर उन्हें जानबूझ कर नजरअंदाज किया।





यह उस चिट्ठी का जवाब है, जो खड़गे ने 17 सितंबर को पीएम मोदी के नाम लिखी थी। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जेपी नड्डा की चिट्ठी, जिसमें पीएम मोदी को कहे गए अपशब्द गिनाए...

नड्डा ने कहा- किस मजबूरी के चलते राहुल को सही बता रहे भाजपा अध्यक्ष ने अपनी चिट्ठी में खड़गे से पूछा कि जिस व्यक्ति का इतिहास ही देश के प्रधानमंत्री समेत पूरे ओबीसी समुदाय को चोर कहकर गाली देने का रहा हो, जिसकी मानसिकता पूरा देश जानता हो, उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश आप किस मजबूरी के चलते कर रहे हैं

नड्डा ने लेटर में यह भी लिखा कि कांग्रेस के नेताओं ने पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से ज्यादा गालियां दी हैं। तब राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, अनुशासन, शिष्टाचार जैसे शब्द आपकी डिक्शनरी से क्यों गायब हो जाते हैं आप राजनीतिक शुचिता की दुहाई दे रहे हैं लेकिन आपके नेताओं का इतिहास ही इसकी धज्जियां उड़ाने का रहा है। ऐसा दोहरा रवैया क्यों?

## बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

### गांव वालों ने कहा- कई राउंड फायरिंग की

बढ़ता राजस्थान

**नवादा।** बिहार के नवादा में दलित बस्ती में दबंगों ने बुधवार रात 8 बजे 80 घरों में आग लगा दी। आरोपियों ने फायरिंग भी की। लोगों के साथ मारपीट भी हुई। इसके बाद यहां तनाव बना हुआ है। गांव में हालात पर काबू पाने के लिए 5 थानों की पुलिस तैनात की गई है। मुख्य आरोपी नंदू पासवान समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना की वजह जमीन विवाद बताया जा रहा है।

मामला नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ददौर स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती का है। कई मवेशी भी जल गए। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंचीं। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर में रखे सामान जलकर राख हो गए। घर फूस और खपरैल के थे। घटना की वजह भूमि विवाद है। गांव के एक बड़े भूखंड पर दलित परिवार रहते है। इसी भूखंड को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है। इसकी सुनवाई कोर्ट में हो रही है।

## मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ 2502 पन्नों की चार्जशीट पेश


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पट्टे की एवज में भ्रष्टाचार के मामले में स्वायत्त शासन विभाग से मिले नोटिस के बाद गुरुवार को एसीबी कोर्ट में सुनवाई हुई। कमर दर्द की वजह से मेयर मुनेश कोर्ट में पेश नहीं हो पाई। वहीं मेयर के खिलाफ एसीबी ने 2502 पन्नों की चार्ज शीट पेश की है। वहीं इस मामले में अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को रखी गई है।

मेयर मुनेश के वकील दीपक चौहान ने मेडिकल सर्टिफिकेट कोर्ट में पेश किया। इसमें बताया कि उनके कमर में काफी दर्द है। इसका इलाज वे दिल्ली में करवा रही हैं और डॉक्टर ने उन्हें 7 दिन का बेड रेस्ट बताया है। ऐसे में फिलहाल वह कोर्ट में पेश नहीं हो पाएंगी। वहीं वकील का कहना है कि जो आरोप लगाए गए है, वे तथ्यहीन है। गौरतलब है किइससे पहले नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को एक बार 3 दिन का नोटिस दिया गया है। बुधवार को दिनभर चली कशमकश के बाद देर रात स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुनेश गुर्जर को तीन दिन का नोटिस देने का आदेश जारी किया। ऐसे में अब मेयर मुनेश के भविष्य पर 21 सितंबर के दिन फैसला होगा। मेयर मुनेश गुर्जर के वकील दीपक चौहान ने बताया कोर्ट में एसीबी द्वारा चार्जशीट पेश की गई है। इसमें क्या आरोप लगाए हैं, इस बारे में तो फिलहाल मुझे कोई जानकारी नहीं है। लेकिन यह सभी आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन है। यदि मुनेश गुर्जर के खिलाफ किसी भी तरह का साक्ष्य होता। तो एसीबी की टीम पिछले 1 साल में इन पर कार्रवाई करती लेकिन ऐसा नहीं होना यह बताता है कि इस मामले में मुनेश गुर्जर का कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं है।

### कमर दर्द के कारण एसीबी कोर्ट में पेश नहीं हो सकी; वकील बोले-आरोप तथ्यहीन



राजेश साहू
मो. 9887391627
7737247016
श्री नाथ पावभाजी

हमारे यहां शादी पार्टियों के आर्डर बुक किए जाते हैं।
पावनभाजी, चाऊमीन
भैलपुरी, मसालाडोसा
छोले बटूरे
जवाहर सर्किल, जयपुर

## दावा- रूस के खिलाफ भारतीय गोला-बारूद इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन

### इन्हें इटली के रास्ते पहुंचाया जा रहा, रूस ने 2 बार भारत से शिकायत की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन, भारत का गोला-बारूद इस्तेमाल कर रहा है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक भारत ने ये हथियार यूरोपीय देशों को बेचे थे, लेकिन अब यूक्रेन इनका इस्तेमाल कर रहा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूस के विरोध के बाद भी भारत ने इसे रोकने की कोशिश नहीं की है। इसमें 3 भारतीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि रूस ने 2 मौकों पर भारत से इसकी शिकायत की है। भारत के गोला-बारूद इटली और चेक रिपब्लिक के जरिए यूक्रेन पहुंच रहे हैं। ये दोनों देश बड़ी मात्रा में भारत से गोले खरीदते हैं। पिछले एक साल में इन्हीं दोनों देशों ने भारत का गोला-बारूद यूक्रेन भेजा है।



### रूस ने भारत से की शिकायत

रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच बैठक हुई थी। इसमें इस मसले को उठाया गया था। न्यूज एजेंसी ने बताया कि रूस और भारत की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इससे जुड़े सवाल का जवाब नहीं दिया। हालांकि जनवरी में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भारत ने यूक्रेन को तोप के गोले नहीं भेजे या बेचे हैं। भारत सरकार के दो सूत्रों और डिफेंस मिनिस्ट्री के दो सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि यूक्रेन जिस गोला-बारूद का इस्तेमाल कर रहा है, भारत ने उसका बहुत कम मात्रा में उत्पादन किया है।

### सरकारी कंपनी यंत्र इंडिया ने बनाए गोला-बारूद

अभी तक यह पता नहीं चला है कि यूरोपीय देशों ने भारत का गोला-बारूद यूक्रेन को सहायता के तौर पर मुफ्त में दिया है या बेचा है। बताया जा रहा है कि ये हथियार यंत्र इंडिया नामक सरकारी कंपनी ने बनाए हैं। इस कंपनी का हेडक्वार्टर नागपुर में है। ये कंपनी अक्टूबर 2021 में बनी थी।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# एसडीआरएफ व एनडीआरएफ का संयुक्त ऑपरेशन

## 35 फीट गड्ढे में फंसी 2 साल की मासूम नीरू को किया रेस्क्यू

### 17 घंटे गड्ढे में फंसी रही थी बालिका, रेस्क्यू टीमों ने सुरंग बनाकर बाहर निकाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दौसा जिले के बांदीकुई थाना अंतर्गत जोधपुरिया गांव में बुधवार शाम एक बोरवेल के समीप बने 35 फीट गहरे गड्ढे में खेलते समय गिरी 2 साल की मासूम नीरू गुर्जर को एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन कर सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि बुधवार शाम सूचना मिली कि जोधपुरिया गांव में एक दो साल की मासूम बच्ची नीरू गुर्जर एक 600 फीट गहरे बोरवेल के पास बने 35 फीट गहरे गड्ढे में खेलते समय गिर गई। बच्ची 30 फीट की गहराई पर फंसी हुई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ जी कंपनी की रिजर्व पुलिस लाइन जिला दौसा में तैनात रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल इन्द्रजीत कुलदीप को अविलंब घटना स्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए गये।

एसडीआरएफ के एडीजी अनिल पालीवाल के निर्देशानुसार बटालियन मुख्यालय गाडोता से बोरवेल रेस्क्यू उपकरणों के साथ बोरवेल का प्रशिक्षण प्राप्त जवानों की एक्सपर्ट टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया। साथ ही अजमेर में स्थित एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट योगेश मीणा से सम्पर्क कर रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजने का अनुरोध किया। रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सायं 7:15 बजे घटनास्थल पर पहुँचे। टीम कमांडर ने स्थिति का जायजा लिया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों संदीप कुमार, बजरंग लाल, मदन, प्रदीप दान, रामप्रताप, सुनील कुमार, नरसी राम, मनोहर सिंह, मनोज कुमार, राकेश कुमार, रामरख, भागीरथ सिंह तथा कृष्ण कुमार ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुछ समय के पश्चात अजमेर से एनडीआरएफ की एक रेस्क्यू टीम सहायक कमांडेंट योगेश मीणा के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुँची। सबसे पहले रेस्क्यू टीमों ने बोरवेल में वीएलसी कैमरा डाल कर बच्ची पर निगरानी रख ऑक्सीजन सप्लाई पहुँचाई। स्थानीय प्रशासन द्वारा बोरवेल से 15 फीट की दूरी पर जेसीबी एवं एलएनटी मशीनों की मदद से खुदाई का कार्य जारी रखा।दोनों रेस्क्यू टीमों ने स्वनिर्मित उपकरणों एवं रोप से लूप बनाकर बच्ची को रेस्क्यू करने का प्रयास किया। लगातार प्रयास करने के बाद सफलता नहीं मिलने पर कमांडेंट सिसोदिया के निर्देशानुसार सुरंग से बालिका को जीवित रेस्क्यू करने की योजना बनाई। समय-समय पर बालिका को बोतल से पानी व दूध पीने के लिए दिया गया। जेसीबी मशीनों से करीब 30 फीट की खुदाई करने के बाद सुरंग बनाने का कार्य शुरू किया गया। खोदे गये गड्ढे से बालिका तक पहुँचने के लिए 03 फीट चौड़े कंक्रीट पाइप के जरिये सुरंग खोदने का कार्य शुरू किया गया। 20 फीट लंबा पाइप डालने के बाद भी बालिका तक नहीं पहुंच पाये तो एसडीआरएफ के दो जवानों संदीप कुमार तथा बजरंग लाल ने 20 फीट सुरंग से आगे खुदाई का कार्य शुरू किया। 03 फीट और खुदाई करने के बाद दोनों जवानों को गुरुवार प्रात: 10 बजे सफलता प्राप्त हुई। दोनों जवानों ने 23 फीट लम्बी सुरंग से 35 फीट की गहराई में फंसी 02 वर्षीय बालिका नीरू पुत्री राहुल गुर्जर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एसडीआरएफ टीम के जवानों ने संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन से बोरवेल में गिरी बालिका को जीवित बचाकर साहस, शौर्य, बहादुरी एवं कौशल का परिचय तो दिया ही साथ ही एसडीआरएफ के स्लोगन ''आपदा सेवार्थ कटिबद्धता'' को पूर्ण रूप से चरितार्थ किया है।



## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई: झालावाड़ से तस्करी कर जयपुर अफीम ला रहे तस्कर को पकड़ा

### एक किलो 760 ग्राम अफीम बरामद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने ट्रेन द्वारा झालावाड़ से मादक पदार्थ अफीम लेकर जयपुर पहुंचे तस्कर गोपाल डोली (27) निवासी मिश्रौली (जिला झालावाड़) को जयपुर के सदर थाने के सामने से गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो 760 ग्राम अफीम बरामद की गई। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ और अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से ट्रेन में मादक पदार्थ लेकर जयपुर आ रहा है। इस पर सूचना को विकसित किया गया। सूचना पुख्ता होने पर सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के अनुसार एक व्यक्ति सदर थाने के सामने बैग के साथ नजर आया। जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से पकड़ा और उसके पास मिले बैग को चेक किया तो उसमें 1 किलो 760 ग्राम अफीम मिली। जिस पर सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस संपूर्ण कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा की महत्वपूर्ण भूमिका तथा एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, कमल सिंह, महावीर सिंह शेखावत, कांस्टेबल नरेश कुमार, सोहनदेव व सुरेश कुमार का सहयोग रहा। टीम का कुशल नेतृत्व सब इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया।

## भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देष एवं नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 200वीं बैठक में विभिन्न प्रकरणों का अनुमोदन करते हुए राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

जेडीसी ने भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक में आवंटित भूमि/भूखण्ड की स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने वाले पत्र तुरन्त प्रभाव से भिजवाये जाने के निर्देष दिए एवं जिन प्रकरणों में राज्य सरकार से भूमि/भूखण्ड आवंटन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है उन प्रकरणों में तत्काल आवंटन पत्र जारी करने के निर्देष दिए।

बैठक में जोन-2 विधाधर नगर योजना के सेक्टर 7 में राजकीय महाविद्यालय, विद्याधर नगर के भवन निर्माण हेतु 5400 वर्गमीटर संस्थानिक भूखण्ड नि:षुल्क आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-द्वितीय (उत्तर) जयपुर को निजी खातेदारी योजना बिरदा एन्कलेव ग्राम भांकरोटाकला तहसील सांगानेर में आरक्षित सुविधा क्षेत्र में से एक हजार वर्ग गज भूमि उच्च जलाषय (पानी की टंकी) के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया।



## .परमार्थ समिति द्वारा सनातनी परम्परा की मजबूती हेतु एक ओर मील का पत्थर

### श्राद्ध पक्ष में पितृ देवताओं की सेवा एवं नवरात्र में कन्या भोज कराया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों के सहयोग सें सनातनी परम्परा के निर्वहन हेतु श्राद्ध पक्ष के 16 दिन तक पितृ देवताओं की प्रसन्नता हेतु कोओं को प्रतिदिन पनीर, दही, नमकीन एवम् इमरती खिलाई जा रही है। श्राद्ध पक्ष के समापन के अवसर पर सर्वपित्र अमावस्या के दिन 51 पंडितों को भोजन कराया जाएगा। इसी क्रम में शारदीय नवरात्र के दौरान प्रतिदिन 51 कन्याओं को मोती नगर, गुर्जर की थड़ी के पास स्थित परमार्थ भवन पर भोजन कराया जाएगा।

उपरोक्त जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर के अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवम् सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।

## बहू से दुष्कर्म करने वाला आरोपित ससुर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलता गेट थाना इलाके में ससुर द्वारा घर पर अकेला पाकर बहु से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर डराया-धमकाकर कई बार देहशोषण किया। पीड़ित बहू ने आरोपित ससुर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जहां पुलि ने मामला दर्ज कर आरोपित ससुर को गिरफ्तार भी कर लिया गया। एसआई गिरीराज ने बताया कि गलतागेट निवासी 25 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि उसके ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

# लकी लक्ष्मी महोत्सव के नए आगाज़ के साथ जयपुर शहर होगा रौशन

### 12 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने अपने बहुप्रतीक्षित लकी लक्ष्मी महोत्सव की घोषणा कर दी है। जो इस बार गेट ब्लेस्ड, बी लकी थीम के साथ जयपुर में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। बारह अक्टूबर से छब्बीस नवम्बर तक चलने वाले इस वर्ष का महोत्सव पिछले आयोजनों से मिली महत्वपूर्ण सीख के आधार पर और भी बेहतर व गहन अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। यह नवीनीकृत महोत्सव जयपुर के प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें आभूषण विक्रेताओं को उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए शानदार मंच मिलेगा। इस आयोजन में कई नए डिजाइन और बेहतरीन शिल्प कौशल के माध्यम से आधुनिक और पारंपरिक आकर्षण का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

लगभग दस करोड़ रुपये के पुरस्कार के साथ लकी लक्ष्मी महोत्सव में आकर्षक प्रतियोगिताएं और रोमांचक गतिविधियां होंगी। जिनका उद्देश्य भारतीय आभूषण इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करना और प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करना है। इस महोत्सव में भाग लेने वाले लोगों को निश्चित उपहार जीतने के कई अवसर मिलेंगे और वे साप्ताहिक और बंपर पुरस्कार ड्रा में भी हिस्सा ले सकेंगे। विभिन्न विज्ञापन और मार्केटिंग चैनलों के माध्यम से किए गए व्यापक प्रचार प्रयासों के कारण इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्टोर्स पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। जिससे यह आयोजन और भी जीवंत और उल्लासपूर्ण बन जाएगा।

इसके साथ ही जीजेसी आगामी बी2बी इवेंट,जीजेसी- इंडिया जेम एंड ज्वैलरी शो की तैयारी में जुटा है। जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उद्योग के पेशेवरों को जोड़ने, नेटवर्किंग करने और नए व्यापारिक अवसरों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन सैय्यम मेहरा ने इस नए प्रारूप के प्रति अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि हम लकी लक्ष्मी महोत्सव को उसके नए और उन्नत रूप में प्रस्तुत करते हुए बेहद खुश हैं। महत्वपूर्ण फीडबैक के आधार पर, हमने इस साल के आयोजन को और भी रोमांचक और पुरस्कृत बनाने के लिए कई नए तत्व जोड़े हैं। हम जयपुर के ज्वेलरी मार्केट और उसके आगे के क्षेत्रों में इस महोत्सव के प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं।

जीजेसी के डायरेक्टर और लकी लक्ष्मी महोत्सव के संयोजक कमल सिंघानिया ने कहा कि इस साल का महोत्सव ग्राहकों और ज्वेलर्स दोनों के लिए नए उत्साह और अवसर लेकर आया है। हमारे उन्नत ऑफ़र और इनामों की विविधता के साथ, हम समृद्धि और सफलता का भव्य तरीके से जश्न मनाना चाहते हैं। हम सभी को आमंत्रित करते हैं कि वे लकी लक्ष्मी महोत्सव में भाग लें और इसका भरपूर लाभ उठाएं।

लकी लक्ष्मी के संयुक्त संयोजक मनोज झा ने कहा कि लकी लक्ष्मी महोत्सव हमेशा से आभूषण उद्योग में उत्सव और सफलता का प्रतीक रहा है। यह इस समय की आवश्यकता है क्योंकि इसका उद्देश्य छोटे,मध्यम और बड़े ज्वेलर्स को एक मंच पर एकत्र करना है। जिससे वह सामूहिक रूप से लाभान्वित हो सकें और आभूषण उद्योग में एक क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत कर सकें। हमें विश्वास है कि यह महोत्सव न केवल हमारे ग्राहकों को प्रसन्न करेगा बल्कि भाग लेने वाले ज्वेलर्स के लिए भी महत्वपूर्ण वृद्धि को प्रेरित करेगा।

## तारपुरा सरपंच ने सार्वजनिक समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन, जिला स्तरीय जनसुनवाई मे निराकरण की मांग

बढ़ता राजस्थान

**तारपुरा ( नि.स. )।** ग्राम पंचायत तारपुरा सार्वजनिक समस्याओं को लेकर गांव की सरपंच संतरा देवी ने जिला कलेक्टर सीकर को जिला स्तरीय जनसुनवाई में ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि गांव में खाद्य सुरक्षा में से एक साथ 300 नाम हटा दिए गए थे नाम पात्र परिवारों के हटा दिए इन पात्र परिवारों की जिला प्रशासन द्वारा पुन जांच की गई और इनको पत्र भी माना गया लेकिन अभी तक इनको खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं मिला इनमें इस प्रकार के परिवार हैं बीपीएल स्टेट बीपीएल अंत्योदय भूमिहीन लघु और सीमांत कृषक श्रेणी के परिवार हैं इनके अलावा पर जल की समस्या को लेकर ज्ञापन में लिखा कि पिछले 1 साल से जांगिड़ मोहल्ले में ट्यूबवेल खराब पड़ा हुआ है गांव की घनी आबादी में सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़क टूटी हुई है जिससे आमजन परेशान है राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में सुविधाओं का अभाव है संपूर्ण ब्लड की जांच सी बी सी मशीन व एक्स-रे मशीन नहीं होने के कारण गांव के लोगों को भारी परेशानी रहती है जांच के लिए जिला मुख्यालय या प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना पड़ता है गांव की आबादी लगभग 15 हजार के आसपास है जिससे चिकित्सालय में सुविधाओं का अभाव होने के कारण लोगों को भारी परेशानी रहती है ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण बारिश में छत टपकती है जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है ग्राम पंचायत में स्टेट लाइट व्यवस्था सुचारू नहीं चल रही है विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर ज्ञापन में लिखा गया कि गांव में जगह-जगह है ढीले तार हैं विद्युत लाइन फाल्ट होने पर कार्य समय पर नहीं हो रहा है सरपंच ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में उपरोक्त समस्याओं के निराकरण की मांग की।

## गौ आधारित उत्पादों को सरकारी पटल से मिलेगा प्रोत्साहन - निदेशक, गौपालन

### गौ काष्ट को आधिकारिक रूप से मिलेगी मान्यता - प्रहलाद नागा निदेशक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** गौपालन विभाग राजस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रह्लाद नागा कार्यभार संभालते ही गाय से बन रहे विभिन्न उत्पादों व जैविक कृषि के क्षेत्र में हो रहे अतुलनीय कार्यो के अवलोकन के उद्देश्य से टोंक रोड, सांगानेर स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में पधारे । इस अवसर पर गौ सेवा आयोग, राजस्थान की सचिव डॉ0 अनीता अग्रवाल भी मौजूद रहीं । आर्गेनिक फार्मर प्रोडूसर असोसिएशन और इंडिया के चेयरमैन व अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने निदेशक का स्वागत व सम्मान किया । निदेशक व सचिव महोदया ने जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में वेदालय के दर्शन कर एक अद्भुत अनुभूति का आभास किया तथा कहा की ऐसे दुर्लभ ग्रन्थ आज सजीव देखने को नहीं मिलते । इन मौके पर उन्होंने गाय के गोबर से बने गमले, राखियाँ, दीपक, गौकाष्ट, धूपबत्ती, हवन कुण्ड व अन्य अनेक गृह सज्जा के सामानों को देखा । इन उत्पादों को देखकर उन्होंने यह विश्वास दिलाया की सरकारी पटल के माध्यम से इन उत्पादों को और प्रचारित व संवर्धित किया जायेगा ।

इस अवसर पर उन्होंने यह भी जाना कि किस प्रकार सनराइज ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ ने अपने अथक प्रयासों से वर्ष 2022 में कुवैत जैसे अरब देश में 192 टन गाय का गोबर विश्व में प्रथम बार निर्यात किया । उन्होंने जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में स्थित 300 से अधिक दुर्लभ औषधीय पादपों के बारे में भी गहनता से जानकारी हासिल की, तथा यह भी जाना कि जैविक खेती से किस प्रकार किसान वर्ग आर्थिक रूप से स्वाबलंबी बन सकता है । उन्होंने स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाये जा रहे अचार, पापड़,लाख व गाय के गोबर से बने चूड़े आदि को देख व परखने के बाद महिलाओं के आजीविका के लिए किये जा रहे प्रकल्पों को भी सराहा ।

# ढाई सौ से अधिक स्कूलों ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** एलएक्सएल फाउंडेशन ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एससी आईएफएफ ) का 7वां संस्करण प्रस्तुत किया। जो भारत का सबसे बड़ा बच्चों का फिल्म महोत्सव है। राजस्थान में एससीआईएफएफ का प्रदर्शन ढाई सौ से अधिक स्कूलों में किया गया और इसमें 64 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण उत्तर भारत में लगभग 22 हजार 500 स्कूलों और 7.7 मिलियन से अधिक छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले अंतरराष्ट्रीय किड्स फ़िल्म फ़ेस्टिवल (आईकेएफएफ) के नाम से मशहूर एससीआईएफएफ भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा है।

शिक्षाविद्, दूरदर्शी, फ़िल्म निर्माता और फ़िल्म शिक्षाशास्त्र के मास्टर माइंड सैयद सुल्तान अहमद के नेतृत्व में एस सी आई एफ एफ 2024 एक फिल्म महोत्सव से कहीं बढ़कर था यह एक आंदोलन था। 30 हजार से अधिक स्कूलों, जिनमें 25 हजार से अधिक सरकारी स्कूल थे। इस वर्ष के आयोजन में 20 से अधिक देशों की 80 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गई, जिन्हें 15 से अधिक भाषाओं में दिखाया गया, तथा इनमें मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षा जैसे अनेक विषयों के बारे में बताया गया।

# विभागवार परिवादों का एनालिसिस कर फरियादियों को संतुष्ट करें अधिकारी : पंत

## सीएस सुधांश पंत व जिले के प्रभारी सचिव भास्कर ए सांवत ने प्रदेश स्तर से जुड़कर जिला स्तरीय जनसुनवाई की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को प्रदेश स्तर से वीसी के जरिए जुड़कर प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर विभागवार परिवादों का एनालिसिस का निस्तारण सुनिश्चित करवाएं। सभी जिला कलक्टर शिकायतों के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम व परिवादी के संतुष्ट स्तर का ध्यान रखें। प्रयास करें कि आमजन का संतुष्ट स्तर व एवरेज डिस्पोजल टाइम बेहतर हो।

पंत ने कहा कि परिवादों की क्लाजली मॉनीटरिंग करें तथा वीकली रिव्यू करें। इसी के साथ संपर्क पोर्टल आदि पर निस्तारण के बाद अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों में फोटोग्राफ भी अपलोड किए जाएं।

इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी सभागार में आमजन के अभाव-अभियोग सुने तथा अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर शेखावत ने कहा कि फरियादियों से प्राप्त होने वाले परिवादों का स्पष्टता के साथ निस्तारण हो। अधिकारी सुनिश्चित करें कि फरियादी अपने परिवाद के निस्तारण से शत प्रतिशत संतुष्ट हो। जनसुनवाई के दौरान मोरथल के गिरधारी प्रजापत ने गोचर भूमि में अतिक्रमण व अब पक्के अतिक्रमण बनाए जाने का परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर जिला कलक्टर शेखावत ने तारानगर उपखंड अधिकारी को आज ही मौका दिखाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान मेलूसर बिकान में रबी-2023 के दौरान चने के बीज वितरण में अनियमितताओं के प्रकरण, सुजानगढ़ में नवनिर्मित बस स्टैंड चालू नहीं होने, ओवरलोड वाहनों के आवागमन, रात्रि 8 बजे बाद शराब की दुकान खुली होने, खदाया गांव में आवासीय मकान से ऊपर से बिजली के नंगे तार गुजरने, अवैध कब्जे, फर्जी पट्टा निरस्त करने, नकल की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवाने, सानिवि की सड़कों के लेवलिंग कार्य, खाद्य सुरक्षा पोर्टल सहित विभिन्न प्रकरणों में समुचित जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, डीएफओ भवानी सिंह, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, पीएचईडी एसई रमेश कुमार



राठी, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, एपीआरओ मनीष कुमार, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ जगदेव सिंह, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डॉ निरंजन चिरानिया, रीको आरएम एसके गुप्ता, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, सांख्यिकी सहायक निदेशक पूजा मीना, एक्सईएन प्रेम कुमार, महिला अधिकारिता विभाग संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, नगर परिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव, रतनगढ़ सीडीपीओ डॉ प्रियंका सहित अधिकारी मौजूद रहे।



## द जील मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते 20 स्वर्ण सहित 51 पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,( नि.स. )।** प्रेरणा पब्लिक स्कुल द्वारा प्रजापति समाज भवन बेदला में आयोजित हुई 68वी जिलास्तरीय स्कुल कराते प्रतियोगिता में जिसमे द जील मार्शल एकेडमी के 75 बच्चों ने अपने अलग अलग स्कूलों का प्रतिनिधित्व करते हुवे इस प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया। द जील मार्शल आर्ट एकेडमी के निदेशक रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सेंट मैरी स्कूल फतेहपुरा,सेंट मैरी स्कूल, तितरडी,गुरु नानक स्कूल सेक्टर 4,दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस),रॉकवुड स्कूल,आलोक स्कूल फतेहपुरा, एमडीएस स्कूल, सेंट्रल एकेडमी,सेंट एंथोनी, द स्कॉलर्स एरिना,महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, स्टेप बाय स्टेप स्कूल,सेंट पॉल स्कूल,वरदान पब्लिक स्कूल ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे द जील मार्शल आर्ट एकेडमी के गर्ल्स और बॉयज ने अन्डर-17 और अन्डर -19 मे शानदार प्रदर्शन करके '20 स्वर्ण, 14 रजत और 17 कॉंस्य पदक (कुल 51 पदक )जीते।'इसके अलावा वुशू प्रतियोगिता मे 2 सिल्वर और एक कॉंस्य पदक और ताइन्क्वाडो प्रतियोगिता मे एक सिल्वर पदक भी जीता। सभी स्वर्ण पदक विजेता जयपुर में 23 सितम्बर तक चल रही राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता मे उदयपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

राष्ट्रीय दशहरा मेला-2024

## दशहरा मेला आयोजन को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान ही नही अपितु सम्पूर्ण देश में अपने अनूठे आयोजन के लिए विख्यात निम्बाहेड़ा के राष्ट्रीय दशहरा मेला आयोजन को लेकर नगर पालिका के द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां आरम्भ कर दी गई है। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि निम्बाहेड़ा के राष्ट्रीय दशहरा मेला को ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए सभी उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेला आयोजन के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों, रामलीला आयोजन तथा विभिन्न आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए जहां एक ओर समितियों का गठन किया जा चुका है, वहीं दूसरी ओर पालिका के कर्मचारी भी अपने अपने स्तर पर मेला के सफल आयोजन के लिए जूट गए हैं। नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक गोपाल सेन ने बताया कि 3 अक्टूबर से आरम्भ होने वाले दस दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेला-2024 के लिए मैदान में सफाई कार्य आरंभ कर दिया गया है। मैदान में रामलीला मंच, मीरा रंगमंच, अशोक वाटिका सहित विभिन्न स्थानों से गाजर घास को काटने तथा मैदान की सफाई के लिए सफाईकर्मी जुटे हुए हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मुख्य बाजारों में सघन सफाई कार्यक्रम अभियान आरंभ



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ. बी एल मीणा के निर्देश पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शुरू किए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कस्बे के मुख्य बाजारों में सघन सफाई अभियान आरंभ कर दिया गया है। नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक जयप्रकाश लिग्री ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार एवं गुरूवार को चाकसू के मुख्य बाजारों से नालियों की गहराई से सफाई करते हुए एकत्रित कचरा उठवाया गया। लोगों को मुख्य सड़क एवं नालियों में कचरा नहीं डालने के लिए कहते हुए अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने कचरा पात्र रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक जयप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि सफाई व्यवस्था की देखरेख एवं दिशा-निर्देश के लिए नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार बैरवा, स्वच्छता अभियान के प्रभारी अधिकारी अभियंता अनिल कुमावत, भावेश मिल्की, जमादार विजय वाल्मीकि बबलू कुमार एवं धीरज कुमार को विशेष दायित्व दिया गया है। स्वास्थ्य निरीक्षक जयप्रकाश लिग्री ने जानकारी देते हुए बताया कि समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण गुरुवार के प्राईवेट सफाई ठेकेदार के सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य नहीं किया जिसके चलते कुछ क्षेत्रों में गुरुवार को सफाई कार्य नही हो सका। संबंधित ठेकेदार से बातचीत करने पर कर्मचारियों को बकाया भुगतान का विश्वास दिलाया गया है संभवत शुक्रवार से ठेकेदार के कर्मचारी अपना कार्य शुरू कर देंगे।

## संत की उपस्थिति ही है समाज सेवा -साध्वी डॉ.संयमलता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,( नि.स. )।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ.संयमलताजी म. सा.,डॉ.अमितप्रज्ञा म.सा., कमलप्रज्ञा म.सा., सौरभप्रज्ञा म.सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में वर्तमान आचार्य शिव मुनि म.सा. की जन्म जयंती के निमित्त महामंगलकारी अनुष्ठान का आयोजन हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी संयमलता ने



कहा कि संत की उपस्थिति समाज सेवा है।संत का मौन प्रवचन है। संत का सानिध्य पथ दर्शन है। संत का दर्शन, चिंता मुक्ति की औषधि है। आचार्य श्री शिव मुनि के जीवन में ज्ञान की गंगा, दर्शन की यमुना और चरित्र की सरस्वती का विशिष्ट संगम है। आचार्य श्री नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के पर्याय तथा स्वस्थ समाज संरचना के प्रेरणा स्त्रोत है। आचार्य प्रवर श्री अरिहंत प्रभु की भक्ति से हमें जोड़ देते हैं।


## कोर्ट के स्टे के बावजूद नहीं रुका निरस्त पट्टा की खातेदारी भूमि पर पक्का निर्माण कार्य, आदेश की हो रही अवहेलना

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** सेंदड़ा ग्राम पंचायत में खातेदारी भूमि खसरा संख्या 770 पर निरस्त पट्टा संख्या 2/97-98 की जगह पर गुरुवार को अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी रायपुर द्वारा अस्थाई निषेधाज्ञा के आदेश के बावजूद अतिक्रमण कर बैठे लोगों के द्वारा आदेश की कोई पालना नहीं की जा रही हैं। जो की न्यायालय के आदेश की अवहेलना करना साफ जाहिर कर रहा हैं। इसके अलावा न्यायालय के आदेश को उन लोगो द्वारा खुले रूप से चुनौती देते हुए बेधड़क कारीगर और मजदूर लगा कर पक्का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस मामले को लेकर पीड़िता प्रार्थिया शीतल प्रजापत के द्वारा सहायक कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी रायपुर में अवैध रूप से हो रहे पक्का निर्माण कार्य रुकवाने को लेकर वकील के मार्फत दावा पेश किया गया था। जिसके बाद दिनांक 3 सितंबर 2024 को सहायक कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी रायपुर ने वादग्रस्त भूमि पर अस्थाई निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए गए और अप्रार्थिगण कमला वगैरह को वादग्रस्त भूमि में बेचान, हस्तांतरण व मौके की यथास्थिति बनाए रखने हेतु अप्रार्थीगण को पाबंद किया जावे के आदेश दिए गए थे। लेकिन आदेश के बाद भी पक्का निर्माण कार्य जारी हैं। इस मामले को लेकर पीड़िता प्रार्थिया शीतल प्रजापत के द्वारा रायपुर तहसीलदार पुष्पेंद्र पांचाल, सेंदड़ा ग्राम विकास अधिकारी अंजू कालवा, सेंदड़ा थानाधिकारी आदि को भी अवगत करवाया गया हैं।







## 23 अक्टूबर को चूरू में आयोजित होगा राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट

### जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने चूरू राइजिंग इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने गुरुवार को डीओआईटी वीसी सभागार में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट के तहत 23 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाले राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट में प्रतिभागी सभी विभागों के अधिकारी निवेशकों से समन्वय करें तथा जिले में अधिक अधिक निवेश के प्रयास करें। जिले की औद्योगिक प्रगति जिले व प्रदेश की प्रगति को इंगित करती है। इसलिए अधिकारी निवेशकों को प्रोत्साहित कर औद्योगिक विकास को गति दें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवसाय हेतु भू - रूपान्तरण के मामले शीघ्र निस्तारित करें। इस दौरान उन्होंने राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक जानकारी भिजवाने तथा सम्मिट के आयोजन से संबंधित समस्त गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए।

उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन से संबंधित बिंदुओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि राज्य में रोजगार के अवसर सृजन करने हेतु राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट सम्मिट -2024 का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, लोहिया महाविद्यालय डॉ रविन्द्र कुमार, कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, रीको आरएम एसके गुप्ता, डिसकॉम एसई वीआई परिहार, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, एलडीएम अमरसिंह, डॉ निरजंन लाल चिराणिया, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश, चूरू नगरपरिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव, सहायक खनि अभियंता नौरंगलाल मेघवाल, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेट की स्पोट एलइडी लाइट



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दानदाताओ द्वारा दान करने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दानदाता धर्मपाल मेघवाल और हनुमान ने स्पॉट एलईडी लाइट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ को भेंट की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा ने धर्मपाल मेघवाल और हनुमान का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूरतगढ़ शहर में दानदाताओं ने दिल खोलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दान किया है। जिसके कारण आज चिकित्सालय में मरीजों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाना संभव हुआ है। दानदाताओं के सहयोग से ही चिकित्सालय का जीर्णोद्धार संभव हुआ है। इसके लिए चिकित्सालय परिवार आप सभी का तहेदिल से आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुभाष महर्षि, डॉ लोकेश अनुपानी, डॉ. दीपेश सोनी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेंद्र पारीक, ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज नर्सिंग अधिकारी विक्रम सिंह, एनसीडी परामर्शदाता दीपक शर्मा, बीपीएम हंसराज भाटी और रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों की बैठक

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गुरुवार को मंडफिया स्थित गोकुल विश्रांति गृह में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न विभागों के संकेतको की विशेष रूप से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में निंबाहेड़ा उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, विकास अधिकारी विशाल सीपा, सीएमएचओ डॉक्टर ताराचंद गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, डीपीएम राजीविका डॉक्टर महेंद्र मेहता सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि द्वारा मनी की साइकोलॉजी पर वार्ता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि द्वारा वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी, मनी की साइकोलॉजी पर वार्ता आयोजित की गई।

संरक्षिका डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने कहा कि वित्तिय प्रबन्धन के बिना जीवन अधूरा है। किसी के पास धन बहुत है लेकिन यदि उसका सही प्रबन्धन नहीं होता है तो वह जल्दी ही समाप्त हो जाता है और किसी के पास कम धन होने के बावजूद उसका सही प्रबन्धन होता है। तो वह व्यक्ति थोड़ा-थोड़ा पैसा एकत्रित करके काफी बड़ी राशि जमा कर लेता है।

डॉ. छाबड़ा ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को वित्तीय निर्णयों पर मनोवैज्ञानिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

सत्र के दौरान एक कार्ड गेम भी खेला गया, जिसमें प्रतिभागियों ने व्यावहारिक रूप से सीखी गई बातों को लागू किया। इसके



अलावा, रोटरी क्लब के सदस्यों ने उपहार और पैम्फलेट वितरित किए। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ.दृष्टि छाबड़ा, वैशाली मोटवानी, जगदीश भाटी, हंसिका चड्ढा, सुनीता सिंघवी, अक्षय कुमावत सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। डॉ. छाबड़ा ने कहा कि हर बच्चे की जिंदगी में पैसे की कीमत पैदा करना, जीवन की सही दिशा बताना जरूरी है। विशेष रूप से लड़कियों को पैसे के प्रति जागरूकता देना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक वर्धमान विश्वविद्यालय की रश्मि बोहरा भी मौजूद थी।

## चाकसू विधायक ने समझा किसानों का दर्द

### विधायक द्वारा मुख्यमंत्री से फ़सल ख़राबे का मुआवजा दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू क्षेत्र में पिछले महिनों में हुई अतिवृष्टि के कारण विधानसभा क्षेत्र के किसानों की फसलों को भारी नुक्सान हुआ है। विधायक रामावतार बैरवा द्वारा विधानसभा के गांवों का दौरा करने एवं किसानों से खराब फसलों की जानकारी करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर फ़सल ख़राबे की जानकारी देते हुए मांग की है कि पीड़ित किसानों की गिरदावरी करवाकर नुकसान की जानकारी लेते हुए उसको पर्याप्त मुआवजा दिलवाया जाए। साथ ही संबंधित बीमा कंपनियों को भी निर्देशित करने का अनुरोध करे कि सर्वे करवा कर फसल बीमा के पैसे दिलवाएं जाएं। इधर क्षेत्र के पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार से कार्य बहिष्कार करते हुए पेन डाउन हड़ताल आरंभ कर दी है। पटवार संघ उपशाखा चाकसू के पदाधिकारियों ने गिरदावरी खरीफ फसल 2024 की विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग जयपुर के नाम एक ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार संजय चौधरी को सौंपा है। उपशाखा अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बताया कि करीब फसल 2024 की गिरदावरी राज खसरा गिरदावरी एप से ऑनलाइन की जानी है। लेकिन एप में आवश्यक अपेक्षित संशोधन की मांग को लेकर

22 अगस्त को अतिरिक्त भू प्रबंधन अधिकारी की अध्यक्षता में मीटिंग होने के बावजूद एप में आवश्यक संशोधन नहीं हुआ। ज्ञापन में बताया गया है कि लोकेशन बफर 50 मीटर के स्थान पर 350 मीटर किया जाए। लोकेशन डिसेबल का ऑप्शन पटवारी स्तर पर किया जाए। पटवारी द्वारा गिरदावरी सत्यापित करते समय लोकेशन मांगी जा रही है। यह बाध्यता समाप्त की जाए।



## सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर का संदेश, लोगों में बढ़ी लोकतंत्र के प्रति आस्था

**जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान में लोगों ने जिस उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया, वह न केवल यह बताता है कि यह केंद्र शासित प्रदेश शांति की राह पर बढ़ रहा है, बल्कि यह भी कि यहां के लोगों में लोकतंत्र के प्रति आस्था बढ़ी है। इसका प्रमाण यह है कि शाम पांच बजे तक 58 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हो चुका था। इससे भी अधिक उल्लेखनीय यह है कि उन क्षेत्रों में भी अच्छा-खासा मतदान हुआ, जो कभी आतंक के गढ़ के रूप में जाने जाते थे।**

महत्वपूर्ण केवल यह नहीं है कि लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया, बल्कि यह भी है कि बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। इनमें वे भी हैं, जो पहले कभी आतंकवाद और अलगाववाद के समर्थक थे तथा पाकिस्तान की भाषा बोलते थे। स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर की चुनाव प्रक्रिया पाकिस्तान के नापाक इरादों पर पानी फेरने और उसे इस दुष्प्रचार से वंचित करने वाली है कि इस भारतीय भू-भाग में लोकतंत्र की अनदेखी हो रही है। वास्तव में लोकतंत्र का दमन तो उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हो रहा है। यह किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान इस क्षेत्र के लोगों के साथ किस तरह दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहा है।

चूंकि जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और ये ऐसे चुनाव हैं, जो अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने के बाद हो रहे हैं, इसलिए उन पर देश ही नहीं, दुनिया की भी नजर होना स्वाभाविक है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र की महत्ता और प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ यह भी रेखांकित कर रहे हैं कि अंततः घाटी की जनता को यह समझ आ गया कि लोकतांत्रिक तौर-तरीके ही उसकी समस्याओं के समाधान में सहायक होंगे, न कि आतंक और अलगाव का रास्ता।

अभी यह कहना कठिन है कि जम्मू-कश्मीर की जनता सत्ता की बागडोर किसे सौंपेगी, लेकिन भावी सरकार को इसका आभास होना चाहिए कि लोग अपनी किन समस्याओं के समाधान की आस में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी कर रहे हैं। वहां की समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार को भी सजग रहना होगा। उसे इसके प्रति भी सावधान रहना होगा कि कश्मीर में असर रखने वाले जो राजनीतिक दल लोगों से यह वादा करने में लगे हुए हैं कि अनुच्छेद 370 की वापसी हो सकती है, वे दिवास्वप्न दिखाने का ही काम कर रहे हैं। ऐसे दलों से घाटी की जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि इस विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण अनुच्छेद की वापसी अब संभव नहीं। इसीलिए कांग्रेस ने इस पर मौन रहना उचित समझा। यह सही है कि स्थितियां अनुकूल होते ही जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होना चाहिए, लेकिन स्थितियां पूरी तौर पर सामान्य होने के बाद ही और स्थितियों के सामान्य होने की पुष्टि तब होगी, जब कश्मीरी हिंदू अपने घरों को लौट सकेंगे।

# क्या इससे बदल जाएंगे युद्ध के तरीके - भारत को भी रहना होगा चौकन्ना

**अशोक भाटिया**



लेबनान में सीरियल पेजर व वॉकी - टॉकी अटैक दुनिया में हमले का नया तरीका बताया जा रहा है । फ़िलहाल इस तरीके के हमलों के लिए कई देश तैयार नहीं है , भारत तो बिलकुल नहीं । लिहाजा , भारत की सुरक्षा एजेंसियां भी चौकन्ना हो गई है । एक्सपर्ट का कहना है कि पेजर व वॉकी - टॉकी अटैक से युद्ध के तरीके बदल सकते है । एक्सपर्ट का कहना है कि पेजर व वॉकी - टॉकी इस्तेमाल करने वाले टारगेट पहचान करने के लिए इनकी इलेक्ट्रोनिक सर्विलांस की गई हो गई सकती है ।

एक्सपर्ट के अनुसार अब ऐतिहासिक रूप से इस बात को मान लिया गया है कि जब भी युद्ध होता है, तो उसकी प्रकृति एक तरह की रहती है, उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है, यानी युद्ध में विरोधी को अपने मन मुताबिक़ झुकाने के लिए हिंसा का सहारा लिया जाता है। इसके साथ ही यह भी कहा जाता रहा है कि टेक्नोलॉजी, संगठन, राजनीति और संस्कृति के साथ-साथ युद्ध का स्वरूप बदल जाता है। लेकिन अब यह धारणा बदल चुकी है। देखा जाए तो पिछले एक दशक में युद्ध का तरीक़ा पूरी तरह से बदल गया है। युद्ध में अब ऐसी युक्तियों का उपयोग होता है, जिनमें न तो संपर्क की ज़रूरत होती है और न ही बहुत भाग-दौड़ की। इसके साथ ही युद्ध क्षेत्र का स्थान के लिहाज़ से अस्थाई रूप से विस्तार हुआ है। आज युद्ध और शांति की परिभाषित अवधियों को एक ऐसी निरंतर होने वाली प्रतिस्पर्धा से बदल दिया गया है, जिसमें सशस्त्र संघर्ष के स्थान पर दुश्मन को अन्य तरीक़ों से घेरने और मात देने की रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है।

कहा जा सकता है कि इस तरह के युद्ध का लक्ष्य विरोधी का विनाश करने का कम और उसके रास्ते में तरह-तरह के अवरोध पैदा करने का ज़्यादा होता है। युद्ध के स्वरूप में इस बदलाव के लिए दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां, जो सस्ती और दूर तक फैली हुई हैं, काफ़ी अहम रही हैं। इस बदले हुए परिवेश में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में सक्षम कमांडरों को तैयार करना अनिवार्य हो गया है। यानी ऐसे सैन्य कमांडरों को तैयार करना, जो न सिर्फ़ नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में गहरी समझ रखते हों, बल्कि जिनके पास विरोधियों के विरुद्ध नए-नए तीरक़ों से इन तक़नीकों का उपयोग करने के लिए रचनात्मक सोच और काबीलियत भी हो।

समय के साथ-साथ युद्ध में आने वाले परिवर्तन को वर्गीकृत करने की कोशिश करने वाले सिद्धांतकार, युद्ध की 'जेनरेशन्स या पीढ़ी' का उल्लेख करते हैं। पहली पीढ़ी के युद्धों में यानी शुरूआती काल के युद्धों में बड़े पैमाने पर जनशक्ति और लाइन-ऑफ़-कॉलम, अर्थात एक ही दिशा में हमला करने की रणनीति पर ज़ोर दिया गया। दूसरी जेनरेशन के युद्ध में मशीन गन और परोक्ष गोलीबारी की रणनीति थी, तीसरे जेनरेशन के युद्धों में छल-कपट, पैंतरेबाज़ी और साझा हथियारों की जंग का बोलबाला था, जबकि चौथी पीढ़ी में नॉन-स्टेट दुश्मन शामिल थे। वर्तमान पांचवीं जेनरेशन के युद्ध की विशेषता नॉन-काइनेटिक कार्रवाई यानी कि जानलेवा सैन्य कार्रवाइयों की जगह पर गलत सूचनाओं का प्रसार, साइबर-हमले और सोशल इंजीनियरिंग के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ऑटोनॉमस प्रणालियों का उपयोग है।

पिछले कई वर्षों में हुई कई घटनाओं ने यह भी दिखाया है कि युद्ध लड़ने और राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के बीच संबंध बेहद कमज़ोर हो गया है। जब तक राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने की इच्छाशक्ति मज़बूत नहीं हो, तब तक विरोधी की युद्ध लड़ने की ताक़त को कमज़ोर करना या दुश्मन के इलाक़े में कब्जा करने जैसे सैन्य उद्देश्यों को हासिल करना संभव नहीं हो सकता है।'जेनरेशन या पीढ़ी' शब्द की उत्पत्ति के पीछे एक अंतर्निहित धारणा है, जिसके अनुसार प्रत्येक नई पीढ़ी का युद्ध, हमले के पिछले तरीक़ों और तक़नीकों को छोड़कर आगे बढ़ जाता है।

हालांकि, पिछले दशक की घटनाओं ने दिखाया है कि ये पीढ़ियां एक-दूसरे का ख़ून बहाती हैं। आर्मेनिया-अज़रबैजान युद्ध, ऑपरेशन इराक़ी फ्रीडम , ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम और वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष ने इस नज़रिए को मज़बूती प्रदान की है। दुश्मन को कमज़ोर करने वाले युद्ध ने आतंकवादी रोधी अभियानों, मानव रहित प्रणालियों और कॉम्बैट बायोमेट्रिक्स जैसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग एवं साइबर हमलों व दुष्प्रचार के साथ मिलकर एक अराजकतापूर्ण %युद्धक्षेत्र% बनाने का काम किया है। पिछले कई वर्षों में हुई कई घटनाओं ने यह भी दिखाया है कि युद्ध लड़ने और राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के बीच संबंध बेहद कमज़ोर हो गया है। जब तक राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने की इच्छाशक्ति मज़बूत नहीं हो, तब तक विरोधी की युद्ध लड़ने की ताक़त को कमज़ोर करना या दुश्मन के इलाक़े में कब्जा करने जैसे सैन्य उद्देश्यों को हासिल करना संभव नहीं हो सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि सहयोग और संघर्ष का चोली-दामन का साथ है, यानी इन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। अमेरिका एवं चीन, भारत एवं चीन और दूसरे अन्य जोड़ीदारों का मामला इस विचार को पुख्ता करने का काम करता है।

इसके फलस्वरूप युद्ध संचालति करने के दो समानांतर तरीक़ों की परिकल्पना की जा रही है, पहला नॉन-कॉन्टैक्ट और दूसरा नॉन-काइनेटिक युद्ध। गैर-संपर्क यानी नॉन-कॉन्टैक्ट वाले युद्ध में लंबी दूरी तक निशाना साधने वाले हथियार, जैसे कि रॉकेट और मिसाइल, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, मानव रहित एरियल सिस्टम और साइबर अटैक आदि शामिल हैं, जबकि नॉन-काइनेटिक युद्ध संचालन में सोशल मीडिया के ज़रिए दुष्प्रचार करना, एक्सपोर्ट पर नियंत्रण, प्रोपेगंडा फैलाना और साइबर अटैक जैसी युक्तियां शामिल हैं। युद्ध के ये सभी तरीक़े ऐसे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग आवश्यक है। ये सभी विशेष रूप से डेटा के संग्रह, उसके मिलान एवं विश्लेषण, विकसित सेमीकंडक्टर्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन पर आधारित हैं। दरअसल, लड़ाई अब फिजिकल डोमेन के कहीं आगे बढ़कर संरचनात्मक क्षेत्र तक पहुंच गई है। अब युद्ध में देशों की प्रक्रिया संबंधी कमज़ोरियों को निशाना बनाते हुए, उनके राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में दख़ल समेत देश के भीतर पड़ी दरारों का फायदा उठाते हुए सरकार एवं नागरिकों के बीच अविश्वास को बढ़ावा दिया जाता है। ज़ाहिर है कि इस तरह की नए दौर की लड़ाई का सामना करने के लिए ऐसे सैन्य कमांडरों की आवश्यकता होती है, जो प्रौद्योगिकी की जानकारी से लैस हों और जो यह पहचान सकें कि भविष्य की चुनौतियों का मुक़ाबला हमेशा पुराने हथकंडों का इस्तेमाल करके नहीं किया जा सकता है। इन कमांडरों के पास सक्षम जूनियर अफ़सरों को तैयार करने और नवीनतम तक़नीकों की गहरी समझ-बूझ के आधार पर नए-नए युद्ध समाधान विकसित करने के लिए मानसिक योग्यता और क्षमता होनी चाहिए। ज़ाहिर है कि इसके लिए सैन्य नेतृत्व के भीतर सैद्धांतिक, संगठनात्मक और सबसे महत्त्वपूर्ण, संज्ञानात्मक बदलाव शामिल करने होंगे। युद्ध अब ग्रे-ज़ोन ऑपरेशन्स, , मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स , और न्यू जेनरेशन वारफेयर को कवर करने के लिए विस्तारित हो गया है।, तक़नीकी नवाचारों के प्रभावी उपयोग के ज़रिए फोकस गैर-संपर्क और नॉन-काइनेटिक साधनों को तैनात करने पर है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपने विरोधी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाए दुश्मन पक्ष अपनी सामाजिक और संगठनात्मक कमज़ोरियों में ही उलझा रहे है।

संदर्भ यह है कि भारत संभावित रूप से दो ऐसे कपटी, धूर्त और चालाक किस्म के पड़ोसी देशों से घिरा हुआ है, जो संशोधनवादी प्रवृत्ति के हैं। आज ज़्यादातर सैन्य ख़तरे प्रौद्योगिकियों की वजह से ही हैं, जैसे कि्द्ध और साइबर अटैक जैसे आंकड़ों की प्रमुखता वाली तक़नीक के ख़तरे, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम का हेरफेर, लंबी और छोटी दूरी वाली मिसाइलें एवं मानव रहित प्रणालियां, अंतरिक्ष आधारित इंटेलिजेंस, निगरानी और जासूसी प्रणालियां ।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरूरत है। आंखों में दर्द होने की भी संभावना है। पिता के साथ

**वृष**
सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि के लिए जा सकते हैं। आप प्रफुल्लित रहेंगे। आय के स्रोत बढ़ेंगे। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है।

**मिथुन**
धार्मिक कार्यों या धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखनें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े- विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। आर्थिक लाभ की संभावना है।

**कर्क**
किसी के साथ संघर्ष न हो, इसका ध्यान रखें। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मानसिक शांति मिलेगी। आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ होगा।

**सिंह**
नियमित आय में वृद्धि होने के साथ अन्य तरीके से आर्थिक लाभ होगा। दांपत्यजीवन में आनंद व्याप्त रहेगा। तन-मन से स्वस्थता का अनुभव होगा। किसी रमणीय पर्यटन स्थल की यात्रा से आपके आनंद में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या**
शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा। राजनीतिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे।

**तुला**
शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा। राजनीतिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। नौकर और सहकर्मी आपके

**वृश्चिक**
समय से भोजन करने में विलंब तथा अत्यधिक खर्च आपके मन को अस्वस्थ बनाएंगे। नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है।

**धनु**
आज अत्यधिक धन खर्च की संभावना है, इसलिए संभलकर खर्च करने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ आर्थिक व्यवहार करते समय काफी सावधानी बरतें। सामान्य बातचीत वाद-विवाद में परिवर्तित न हो जाये।

**मकर**
तबीयत खराब होने की संभावना होने के कारण खान-पान का ध्यान रखें। संक्षेप में कहा जाए, तो आज का दिन मध्यम रहेगा। आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक होगा। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखर उठेगी। शरीर में थकान,

**कुंभ**
पारिवारिक सदस्यों या सगे- संबंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। आपकी बातचीत या व्यवहार के कारण गलतफहमी खड़ी हो सकती है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होने से चिंता बढ़ेगी। व्यर्थ के कार्यों में शक्ति बरबाद होगी।

**मीन**
मन दुविधा से मुक्त होने के कारण आप हिम्मत से काम कर सकेंगे और उत्तरदायित्वों का अच्छी तरह निर्वाह कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। मौज-शौक की वस्तुएं और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा।

## शख्सियत



ईश भारद्वाज (युवा नेता व समाजसेवी)

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा नेता व समाजसेवी ईश भारद्वाज इनका जन्म 25 फरवरी सन 1977 को अलवर के नौगावां में चंद्रप्रभु भगवान के मेले के दिन हुआ। हमेशा मुस्कान भरा चेहरा आत्मविश्वास से लबरेज ही नजर आया। बड़ों का आदर व छोटों का सम्मान इनके परवरिश गुणों को बखान करता है। क्षेत्र में इन्हें युवाओं के आर्दश के रूप में देखा जाता है। इनकी सबसे बड़ी शख्यियत यही है कि ये बड़ों के साथ बैठकर बड़े बन जाते हैं युवाओं के साथ ये युवा जैसा व्यवहार करते हैं इसलिए इनकी सादगी के सब दिवाने हैं। साधारण कुलीन संस्कारी ब्राह्मण कुल में जन्मे,बचपन संयुक्त परिवार के सानिध्य में बीता, बचपन से ही धार्मिक संस्कृति के प्रति प्रेम, परिवार भगवान कृष्ण की आराधना का सानिध्य मिला जाकि आज तक निरंतर प्रभु कृपा से मिल रहा है। हमेशा घर में गाय का पालन और सेवा की जाती थी, इसीलिए बाल्यकाल से ही गौ की सेवा करना अच्छा लगता। ये परिवार के धार्मिक संस्कारों का ही प्रभाव है की पिछले 20 वर्षों से बिना भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किए बिना अन्न ग्रहण नहीं करते। 1994 में संघ परिवार से जुड़े, दसवीं कक्षा तक नौगावाँ के माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की। ग्यारवी एवं बारहवीं कक्षा में रामगढ़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ी। तत्पश्चात आर्ट्स कॉलेज अलवर से स्नातक किया । राजनीतिक विज्ञान में एमए की डिग्री प्राप्त की। इस सबके साथ ही कॉरपोरेट संसार में भी अपना नाम बनाया। फाइनेंस में एमबीए किया। राजस्थान के लगभग सभी जिलों में प्रभावशाली कार्य किया। अलवर में साधारण कॉरपोरेट पद से शुरुआत करके संपूर्ण राजस्थान के स्टेट हेड की पोजिशन तक पहुंचे। 25 वर्ष के कॉरपोरेट करियर में पूरे राजस्थान को नजदीक से देखा। इसी बीच राजनीति में भी गहरी रुचि रही। अपने क्षेत्र समस्यों एवं सामाजिक स्तिथि की गहरी समझ बनाई। 2014 में रामगढ़ क्षेत्र की स्तिथि को देखते हुए सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। 2018 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी होने की प्रबल दावेदारी प्रस्तुत की। 2015 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच राजास्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष है। 2021 में विश्व स्तरीय सामाजिक संगठन विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। इसी बीच विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर सर्व समाज के लिए कार्य किया। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाने वाली स्वच्छ और साहसी छवि बनाई। 2023 के चुनावों में जनता के पसंदीदा उम्मीदवारों में से एक रहे तथा पार्टी द्वारा टिकट के लिए सर्वोच्च स्तर पर विचार किया गया। 2024 के लोकसभा चुनावों की विजय में सक्रिय भूमिका निभाई। पिछले बीस वर्षों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका में रहें है। वर्तमान में रियल एस्टेट तथा एजुकेशन व्यवसाय से जुड़े हुए है। आज के समय में युवाओं के लिए इनका संदेश है की सभी प्रकार के नशों से दूर रहे। जीवन में कभी इन्होंने किसी भी नशे को हाथ नहीं लगाया तथा सदा ही स्वस्थ एवं आध्यात्मिक जीवनचर्या का अनुसरण किया है। कुछ कर गुजरने का इनका संकल्प व सपना है ऐसे में क्षेत्र के युवाओं के लिए कुछ अच्छा करने के लिए अच्छे समय का इंतजार है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। *-रूपक शर्मा*

## आज का इतिहास

### 20 सितंबर का इतिहास

- 2009 में आज ही के दिन मराठी फिल्म 'हरिशचन्द्राची फैक्ट्री' को ऑस्कर अवार्ड्स की विदेशी फिल्म कैटेगरी में भारत की एंट्री के तौर पर चुना गया था।
- 2006 में 20 सितंबर को ही ब्रिटेन के रॉयल बॉटैनिक गार्डन्स के वैज्ञानिकों को 200 वर्ष पुराने बीज उगाने में कामयाबी मिली थी।
- 2004 में आज ही के दिन इंडोनेशिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ था।
- 2003 में 20 सितंबर को ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित कर इस्रायल से यासिर अराफात की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा था।
- 2001 में आज ही के दिन अमेरिका ने 150 लड़ाकू विमान खाड़ी में उतारे थे।
- 2000 में 20 सितंबर को ही क्लिंटन दम्पत्ति 'व्हाइट वाटर कांड' के आरोपों से मुक्त हुए थे।
- 1995 में आज ही के दिन संयुक्त राज्य महासभा का 50वां अधिवेशन शुरू हुआ था।
- 1984 में 20 सितंबर को ही लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित अमेरिकी दूतावास पर आत्मघाती हमला किया था।
- 1983 में आज ही के दिन एप्पल उपग्रह ने कार्य करना बंद किया था।
- 1970 में 20 सितंबर को ही रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें एकत्र की थीं।
- 1946 में आज ही के दिन पहला कांत फिल्म समारोह आयोजित हुआ था।
- 1878 में 20 सितंबर को ही मद्रास का अखबार द हिंदू पहली बार जीएसएस अय्यर के संपादन में सप्ताहिकी के रूप में प्रकाशित हुआ था।
- 1831 में आज ही के दिन भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गई थी।

### 20 सितंबर को जन्में प्रसिद्ध व्यक्ति

- 1856 में 20 सितंबर को ही भारत के महान संत एवं समाजसुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म हुआ था।
- 1897 में आज ही के दिन मराठी पत्रकार नाना साहब परुलेकर का जन्म हुआ था।
- 1897 में 20 सितंबर को ही प्रसिद्ध अभिनेत्री सोफिया लोरेन का जन्म हुआ था।
- 1911 में आज ही के दिन भारतीय आध्यात्मिक नेता श्रीराम शर्मा आचार्य का जन्म हुआ था।
- 1924 में 20 सितंबर के दिन ही तेलुगु फिल्म अभिनेता और फ़िल्म निर्माता ए. नागेश्वर राव का जन्म हुआ था।

### 20 सितंबर को हुए निधन

- 1942 में आज ही के दिन भारतीय महिला स्वतंत्रता सेनानी कनकलता बरुआ का निधन हुआ था।
- 1996 में 20 सितंबर को ही प्रसिद्ध साहित्यकार दया पवार का निधन हुआ था।
- 1999 में आज ही के दिन तमिल सिनेमा की स्वप्न सुंदरी नाम से विख्यात अभिनेत्री राजकुमारी का निधन हुआ था।
- 2017 में 20 सितंबर को ही हिंदी सिनेमा में सन 1950-60 की प्रसिद्ध अभिनेत्री शकीला का निधन हुआ था।
- 2012 में आज ही के दिन रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकार और निर्देशक दिनेश ठाकुर का निधन हुआ था।

## विशेष आलेख

# 'एक देश, एक चुनाव' को मोदी की हां, विपक्ष की ना किसकी होगी जीत?

**रामस्वरूप रावतसरे**



केन्द्र सरकार द्वारा पहले जनगणना करवाने की चर्चा छेड़ी गई और अब ''एक देश, एक चुनाव'' पर कोविंद समिति की रिपोर्ट को सरकार से स्वीकृति दे दी गई। मोदी कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की उस रिपोर्ट पर मुहर लगा दी है जिसमें कहा गया है कि देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ करवाए जाएं। इससे पहले अधिकारियों की तरफ से खबर आई कि मोदी सरकार जनगणना करवाने की तैयारियां कर रह रही है। फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जल्द ही जनगणना की घोषणा की जाएगी। उन्होंने मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिनों की उपलब्धियों की चर्चा के दौरान कहा, ''हम जल्द ही इसकी (जनगणना की) घोषणा करेंगे।''

इस बार जनगणना कई मायनों में अलग होने वाली है। एक तो कि कोविड के कारण जनगणना टल गई थी और 10 साल की जगह अब इसे 13वें साल में शुरू कराया जाएगा। दूसरी यह कि इस बार जाति जनगणना का बड़ा शोर रहा है। विपक्ष और खासकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का इस पर खासा जोर है। फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भी जातीय जनगणना के लिए हामी भर दी तो लगता है कि मोदी सरकार ने भी इसका मन बना लिया है। तीसरी खास बात यह है कि पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना होगी। फिर जनगणना में आए आंकड़ों के आधार पर ही चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन भी होना है। इसके लिए नई संसद की दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में सदस्यों के बैठने की सीटें बढ़ा दी गई हैं। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार परिसीमन के साथ ''वन नेशन, वन इलेक्शन'' का प्रॉजेक्ट भी पूरा करने का इरादा रखती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दे दी है। इस बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए थे और अब कोविंद पैनल की सिफारिशों पर पूरे भारत में विभिन्न मंचों पर चर्चा की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि एक साथ चुनाव पर कोविंद पैनल की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए वर्किंग ग्रुप का गठन किया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के लिए तर्क दिए थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि बार-बार चुनाव होने से देश का विकास धीमा हो रहा है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' लागू किया जाएगा। बताया जा रहा है कि विधि आयोग भी 2029 तक सरकार के तीनों स्तरों, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों में एक साथ चुनाव प्रस्तावित करेगा। विधि आयोग किसी भी सदन में अविश्वास प्रस्ताव या अविश्वास प्रस्ताव आने की स्थिति में बचे हुए कार्यकाल तक मिलीजुली सरकार बनाए जाने के प्रावधान पर भी विचार कर रहा है। देश में 1952,1957,1962 और 1967 के शुरुआती चार चुनावों में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एकसाथ ही मतदान हुए थे। फिर कुछ नए राज्य बने और कुछ पुराने राज्यों का पुनर्गठन हुआ जिस कारण केंद्र और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव की प्रक्रिया बंद हो गई। 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभा को भंग कर दिया गया तो एकसाथ चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद हो गई। हालांकि, एक राष्ट्र, एक चुनाव पर लौटने की जरूरत तुरंत महसूस होने लगी और 1983 में चुनाव आयोग ने अपनी सालाना रिपोर्ट में इसकी सिफारिश कर दी। 1999 में विधि आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में देशभर में एकसाथ चुनाव करवाने की जरूरत याद दिलाई गई। विधि आयोग ने ही 2018 में एक मसौदा रिपोर्ट सरकार को सौंपी। फिर मोदी सरकार ने 2023 में कोविंद समिति का गठन कर दिया और अब उसकी सिफारिश को सरकार ने मान भी लिया है।

जानकारी के अनुसार जनगणना का काम अगले वर्ष शुरू हो जाएगा और फाइनल रिपोर्ट आने में कम से कम एक वर्ष का वक्त लगेगा। 2026 में जनगणना का फाइनल डेटा आने के बाद परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों और विशेषज्ञों की राय में परिसीमन का काम पूरा होने के बाद 2027 में एक ''राष्ट्र, एक चुनाव'' की वापसी हो जाएगी ऐसा माना जा रहा है। तब तक असम, बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में 2026 में होने वाले चुनावों को रोका जा सकता है। वहीं, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर जैसे राज्यों के होने वाले चुनावों में कुछ दिन, सप्ताह या महीने का अंतर रह जाएगा क्योंकि इनके चुनाव 2027 में ही होने वाले हैं। त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलांगाना जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों को थोड़ा पहले कराया जा सकता है क्योंकि उनके चुनाव 2028 में शेड्यूल होंगे।

एक देश एक चुनाव को लेकर तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में हुई एक सर्वदलीय बैठक में 19 दलो शामिल हुए थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## विधायक ने किया जन समस्या निवारण केंद्र का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विधायक रामसहाय वर्मा ने बुधवार की सुबह कृषि उपज मंडी परिसर में जन समस्या निवारण केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि जन समस्या समाधान केंद्र पर आमजन के विभिन्न आवश्यक दस्तावेज निशुल्क बनाए जाएंगे। केंद्र के शुरू हो जाने से आमजन को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर अरनिया मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर, वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, रामअवतार घाटी व कृषि मण्डी व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किसान महापंचायत के शिष्ट मंडल ने पाम ऑयल तेल हेतु राजस्थान राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** किसान महापंचायत के शिष्ट मंडल ने पाम के तरल पदार्थ का आयात एवं खाद्य तेलों में मिलावट को प्रतिबंधित करने हेतु प्रधानमंत्री के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। किसान महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने सरसों के तेल में पाम मिलाने पर 2020 में प्रतिबंधित होने के बाद भी मिलावट को रोकने के सार्थक प्रयास नहीं होने से देशवासियों को सरसों का शुद्ध तेल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। मिलावटखोर कमाने के लालच को अपना अधिकार समझने लगे हैं। उन्होंने बताया कि देश विदेश के आयात समझौता के कारण इसे रोकने में असमर्थतता व्यक्त करे तो आयात शुल्क 300 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में बाजरा खरीद नहीं होने के कारण राजस्थान के किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिलता है। जबकि वर्ष 2023 मोटे अनाज के लिए घोषित किया गया है। इसको लेकर किसान महापंचायत के शिष्ट मंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश महामंत्री सुन्दरलाल भावरिया, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल बैरवा व नीम का थाना जिला अध्यक्ष बलदेव यादव ने सरसों तेल में पाम नहीं मिलाने एवं एमएसपी पर बाजरा खरीद को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** जमात में गुरुवार को एक ट्रक बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि जयपुर रोड स्थित नगरपालिका के समीप जमात में ट्रक व बाइक के टक्कर हो गई है। इस दुर्घटना में मस्तराम पुत्र भैरूलाल गुर्जर निवासी हाड़ावाली ढाणी घायल हो गया। जिसको राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार करके जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक व बाइक को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवा दिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बरोनी थानान्तर्गत गांव ककराज खुर्द में एक ट्रैक्टर चालक ने एक युवक के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की उपचार के दौरान टोंक में मौत हो गई। बरौनी थानाधिकारी नूर मोहम्मद ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे गांव ककराज खुर्द निवासी अंकेश पुत्र जगदीश कीर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसके ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मार दी और फरार हो गया। घायल अवस्था में युवक को सआदत अस्पताल टोंक में उपचार के लिए भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## किसान महापंचायत की बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ग्राम पंचायत भरथला में शुक्रवार को किसान महापंचायत की बैठक आयोजित होगी। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी शिवराज पलेई ने बताया कि किसान महापंचायत द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा किसान महापंचायत गांव ढाणी संग अभियान को लेकर ग्राम पंचायत भरथला में किसानो की समस्याओं को लेकर शाम 6 बजे किसानो की बैठक आयोजित होगी। जिसमें किसानों के मुद्दों पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान, महासचिव गोविंद चौधरी व मोहनलाल सभा को संबोधित करेंगे और आगे आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

## व्यवसायिक उपयोग करने पर 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** खाद्य विभाग के निर्देश पर गुरुवार को जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने की कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी ओमप्रकाश जोतड़ ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी इंद्रपाल मीणा एवं धर्मचंद अग्रवाल ने श्याम होटल पक्का बंधा टोंक से 2 एवं मैसर्स देवनारायण होटल पक्का बंधा टोंक से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्यवाही के दौरान मौके पर उक्त सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। जब्त किये गये 4 गैस सिलेंडर बुंदेल गैस एजेंसी टोंक की सुपूर्दगी में दिये गये है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 22 से निवाई में

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में 22 से 28 सितंबर तक कृषि उपज मंडी परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा के शुभारंभ पर 21 सितंबर को मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंगल कलश यात्रा का जुलूस सुबह 9 बजे नगर पालिका से रवाना होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास साध्वी स्वाति भारती कथा वाचन करेंगी।

# लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी ग्राम पंचायते हुई नगरपालिका में क्रमोन्नत

## राज्य सरकार ने जलदाय मंत्री के प्रयासो से दी सौगात

(बढ़ता राजस्थान)

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** स्वायत शासन विभाग जयपुर ने आदेश जारी कर क्षैत्र की लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी सहित दो ग्राम पंचायतो को चतुर्थ श्रेणी नगरपालिका के रूप में क्रमोन्नत किया है। स्वायत शासन विभाग के विशिष्ट एवं शासन सचिव व निदेशक क्रुमार पाल गौतम की ओंर से अधिसूचना जारी की गई है।

जिसमें बताया गया है कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं मानको को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय अधिसूचना के द्वारा निर्धारित मानको में शिथिलन देते हुए राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी को तत्काल प्रभाव से चतुर्थ श्रेणी की नगरपालिका में क्रमोन्नत करने की धोषणा की जाती है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने अपने प्रथम बजट में जुलाई माह में ही इन दोनो ग्राम पंचायतो को नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने की धोषणा की थी। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत बजट धोषणा में इन दोनो को नगरपालिका बनाने की धोषणा के साथ ही दोनो पंचायत क्षैत्रो के लोगो ने जश्न मनाकर खुशियां मनाई थी। महत्वपूर्ण यह भी है कि मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से ही यह संभव हो पाया है। चौधरी के प्रयासो के बाद सरकार

### दो माह की अल्प अवधि में ही बजट धोषणा हुई पूरी

ने मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के साथ साथ इन दोनो ग्राम पंचायतो को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने की सौगाते मिली थी। जिनमें से पहली सौगात के रूप में लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी ग्राम पंचायातो को नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने की अधिसूचना जारी हो चुकी है। अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि इन दोनो ग्राम पंचायतों के सरपंच नगरपालिका अध्यक्ष, उपसरपंच नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं वार्ड पंचो को वार्ड पार्षद माना जाएगा।

### इस प्रकार रहेगी भौगोलिक स्थिति :-

**लाम्बाहरिसिंह की :-** स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षैत्र में राजस्व ग्राम लाम्बाहरिसिंह, गुलगांव, आमली चारणान व बलेड़ा को शामिल करते हुए वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार कुल जनसंख्या 8 हजार 383 मानी गई है।

**डिग्गी की :-** स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र में राजस्व ग्राम डिग्गी, भवानीपुरा, प्रतापपुरा, ढाणी







देशवालियान को शामिल कर वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस नगरपालिका की कुल जनसंख्या 11 हजार 70 मानी गई है।

**इस तरह मनाई खुशियां :-** मालपुरा क्षैत्र की लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी ग्राम पंचायतो के नगरपालिका में क्रमोन्नत होने के बाद खुशियां मनाई गइ। जिसमें डिग्गी ग्राम पंचायत के नगरपालिका में क्रमोन्नत होने के बाद गुरूवार को सरपंच प्रतिनिधि हकीम भाई, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश चौधरी, कार्मिक रामावतार प्रजापत, सीताराम वेष्णव सहित अन्य व पुलिस ग्राम रक्षक दल के सदस्य सुरेन्द्र शर्मा डिग्गी स्थित कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंच कर प्रसाद अर्पित किया। सभी ग्रामवासी बस स्टेण्ड पर एकत्रित हुए। जहां ढोल नंगाड़ो व बेण्डबाजो के साथ मुख्यमंत्री व जलदाय मंत्री के नारो से क्षेत्र को गूंजायमान करते हुए जमकर जश्न मनाया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई : जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें- डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि हर माह ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने माह के तीसरे गुरुवार को भारत निर्माण सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में परिवादियों से चर्चा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों एवं वीडियों कॉन्फ्रेसिंग से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।



टोंक शहर से आए पुरानी टोंक के राम अवतार ने मजदूरी की राशि दिलाने, बनवारी लाल सैन ने पट्टा दिलाने, काला बाबा पुरानी टोंक के निवासियों ने लोहे के स्थान पर सीमेंट का खंभे लगाने एवं मिश्रा कॉलोनी वासियों ने कच्चे नाले में अवरोधक हटवाने को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। टोंक शहर के तुर्राब अली ने टूटी सड़क को सही करवाने, अनवरउद्दीन ने अतिक्रमण हटाने, खोज बावड़ी के रामस्वरूप वर्मा ने पट्टा दिलवाने, सादिया ने भुगतान दिलवाने, सीताराम सैनी ने बकाया बिलों का भुगताने करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसी प्रकार टोंक के ग्राम पराना के ग्यारसी ने राशन कार्ड चालू करने, मंडावर के निवासियों ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने, मांगीलाल गुर्जर ने कृषि कनेक्शन चालु करवाने, भरनी के कीमत राम मीणा ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, अरनियामाल के मोजीराम मीणा ने अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाई।

निवाई के ग्राम डांगरथल निवासी सुरेश शर्मा ने नामांतरण खुलवाने, दूनी के ग्राम घाड़ के महावीर प्रसाद ने मंदिर भूमि से अतिक्रमण हटाने एवं जय शंकर ने सूचना नहीं देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। तहसील उनियारा के प्रभुलाल ने नल से पानी नहीं आने, भगवानदास जांगिड़ ने फसल मुआवजा देने, ग्राम सुथड़ा की कांता ने पेंशन देने, सुरेली के ग्रामीणों ने चरागाह से अतिक्रमण हटाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

जनसुनवाई में पीपलू के ग्राम दौलतपुरा से आए फौजू मीणा ने पीएम आवास की राशि स्वीकृत करने, संदेड़ा के रामस्वरूप ने जमीन का नामांतरण खोलने, बोरखंडीकलां के कमलेश कुमार जैने ने सीसी रोड़ बनाने,के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त, जलदाय, राजस्व विभाग समेत संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में एडीएम सुरेश चौधरी, सीईओ परशुराम धानका, सहायक निदेशक लोक सेवाएँ जावेद अली, तहसीलदार रामधन गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दो बाईकों की आपसी भिड़ंत में ब्रेकर से उछलकर गिरे युवक की हुई मौत

### देर रात हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप हुआ हादसा



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** शहर के पेट्रोल पंप चौराहे से एजेंसी मार्ग पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक मौत हो गई। इस मामले में मृतक के जीजा ने देवली पुलिस में एक अन्य बाइक चालक पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। जानकारी में मामला यह सामने है कि खिवास थाना आंधी जिला जयपुर निवासी दिनेश कुमार शर्मा पुत्र राम अवतार शर्मा ने रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि। संकल्प शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी एजेंसी एरिया बुधवार दे रात करीब 12:30 बजे अपनी बाइक से घर जा रहा था। इस बीच पीछे से आ रही एक बाइक चालक ने संकल्प की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे संकल्प की बाइक अनियंत्रित हो गई और वही बने बेतुके तरीके से ब्रेकर पर चढ़ गई जहां मृतक उछलकर गिर गया। यहां संकल्प शर्मा के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई यह घटना एजेंसी एरिया रोड राजपूत कॉलोनी के बाहर की ओर बने रोड ब्रेकर पर हुई है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे और संकल्प शर्मा को राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए युवक का शव मोर्चरी रखवा दिया । इधर, देवली थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से रिपोर्ट लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई पुरी करके मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार संकल्प शर्मा जयपुर स्थित मण्णापुरम गोल्ड लोन बैंक में काम करता था। इसी बीच बुधवार को कोटा में हुई कंपनी की मीटिंग में शामिल होकर वापस अपने शहर देवली के लिए निकल पड़ा और घर के करीब पहुंचने से चद मीटर की दूरी पर उक्त दुर्घटना में उसकी जान चली गई। इस दौरान उक्त हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### जानलेवा बना हुआ था रोड ब्रेकर

लोगों ने बताया कि यहां राजपूत कॉलोनी के बाहर की ओर नाले पर रोड ब्रेकर बना हुआ है। इस ब्रेकर का निर्माण नियम विरुद्ध किया है। गलत मापदंड के करण दुर्घटना को आमंत्रित करने वाले रोड ब्रेकर की ऊंचाई काफी अधिक बनाई गई हैं । उल्लेखनीय की इस रोड ब्रेकर के कारण कई मर्तबा अनजान लोग यहां पर ब्रेकर से असंतुलित होकर गिर चुके हैं। वही प्रतिदिन चौपाहियां वाहनों को भी यहां से निकलने में परेशानी होती आ रही है। रोड नियम के गेरमुताबिक उक्त ब्रेकर ने आखिरकार एक युवक की जान ले ही ली ।


## अजय पारीक जिला उपाध्यक्ष व जितेन्द्र चंवरिया व अंकुर गुप्ता बने जिला मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीतसिंह मेहता ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशों पर निवाई के अजय पारीक को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। पारीक भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी व पार्टी के कई अभियानों के प्रभारी रह चुके हैं। वह कई वर्षों तक सिक्किम के राज्यपाल व वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर के राजनीतिक सहायक भी रहे हैं। इसी प्रकार नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया व भाजपा शहर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया है।







## निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा- दस उपावास करने वाले तपस्वीयो की निकली बिन्दोरी



**मालपुरा ( नि.स. )।** सकल सरागवी जैन समाज के तत्वावधान में पर्यूषण महापर्व की पुर्णाहुति के मौके पर श्रीजी की शोभायात्रा का भव्य जुलुस निकाला गया। गुरूवार को जैन सरागवी मौहल्ला स्थित दिगम्बर जैन मन्दिर चौधरियान से श्रीजी की शोभायात्रा का भव्य जुलुस बेण्डबाजो के साथ रवाना हुआ। यह जुलुस मुख्य बाजारो से होकर घाटी रोड स्थित जैन नसियां पहुंचा। जहां विधान पूजन, कलशाभिषेक के अलावा खेलकूद प्रतियोगिताऐं आयोजित हुई। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। सायंकाल के समय महाआरती के बाद श्रीजी का जुलुस वापस रवाना होकर अपने प्रारम्भ के स्थान पर पहुंचा। इधर सकल दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण पर्व के दौरान दस उपवास जैसी तपस्या करने वाले तपस्वीयो की भव्य बिन्दोरी का जुलुस बेण्डबाजो के साथ गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर से रवाना हुआ। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर जयपुर रोड स्थित पाण्डुक शिला पहुंचा। जहां कई धार्मिक व रोचक प्रतियोगिताऐं आयोजित हुई। अंत में मोजुद सभी समाजबंधुओं को प्रभावना का वितरण किया गया।

## लोक अदालत के प्री काउंसलिंग में चार साल से अलग अलग रहे पति पत्नी को एक साथ रहने के लिए राजी किया





(बढ़ता राजस्थान)

**मालपुरा ( नि.स. )।** अदालत परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री काउंसलिंग आयोजित की वर्ष 2021 से अलग अलग रहकर अदालत में विचाराधीन मामले के पति पत्नि को एक साथ रहने के लिए राजकी किया। इस बाबत जानकारी देते हुए तालुका विधि सेवा समिति के सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि 28 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलो का निस्तारण करने के उद्धेश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्री काउंसलिंग का आयोजन पीठासीन अधिकारी कृष्ण मुरारी जिदंल की निगरानी में किया गया। इसमें वर्ष 2021 से अलग अलग रहकर अदालत में प्रकरण विचाराधीन रखने वाले मुकेश मेघवंशी व आशा बलाई (दोनो पति पत्नि) को एक साथ रहने के लिए प्रेरित कर समझाया गया। जिसमें पक्षकारो द्वारा समझाने एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रेरित करने के बाद तीन साल से अलग अलग रहकर जीवन यापन करने वाले दोनो पति पत्नि एक साथ रहने को राजी हुए। इसमें मुकेश के अधिवक्ता परशुराम चौधरी एवं आशा बलाई के अधिवक्ता रघुवीरसिंह की मुख्य भूमिका रही। अंत में दोनो पति पत्नि मुकेश एवं आशा को अदालत परिसर में ही माला पहना कर भविष्य में एक साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

### तथ्यात्मक

## शॉल और शील्ड़ बुके की दुकान



एक एम.एल.ए,एक मंत्री,एक कैबिनेट मंत्री,एक मुख्यमंत्री एक सांसद और प्रधानमंत्री पाँच साल तक पद पर बने रहते है। पूरे देश में जनता ने उन्हे चुन कर भेजा है पद का सम्मान बनता भी है। इंसान पाँच साल तक हर दिन अपने-अपने हिसाब से आधा दर्जन कार्यक्रमों में जाते हैं। कोई तीन में ही जा पाता है कई तो एक दर्जन निपटा आते हैं। अब बात मैं यहां मुद्दे की कर रहा हूं। एक साल में 365 दिन होते हैं और पाँच साल में 1835 दिन अब यहां बात करू तो जरा ध्यान से समझना 1835 दिन में 200 दिन विधानसभा और लोक सभा के लगा लो बाकि बचे 1635 दिन अब एक दिन में मरे से मरे चार कार्यक्रम तो लगा ही लो तो हो गए 8175 गणना इसलिए करवा रहा हूं ताकि अच्छे से समझा सकूं कि शॉल और शील्ड़ की दुकान कहां है। अब समझिए इतने बड़े पद के इंसान जब कार्यक्रम में मुख्यातिथि बनकर पहुँचेगें तो शॉल भी पहनाए जाऐंगे,बुके भी दिए जाऐंगे और शील्ड़ भी दी जाऐगी। तो लगभग आठ हजार शॉल, इतने की बुके और इतनी ही शील्ड़ ये महानुभव कहां रखते होगें यदि घर में रखेगें चलों बुके तो दो चार दिन में ढक्कन बन जाता है लेकिन बाकि चीजों से घर ही कबाड़ खाना बन जाएगा या यूं कहूं कि शॉल की बाजाजा बाजार वाली दुकान घर पर ही खुल जाऐगी। बहराल मेरे आर्टिकल का उद्देश्य यहीं है कि पूरे देश में कितने एमएलए हैं कितने सांसद है कितने स्टेट मिनिस्टरर्स हैं कितने केन्द्रीय मंत्री हैं। अब आप ही बताईये कि ये मामला उस कहावत को ये पछाड़ रहे है कि हमारे बुर्जुग कहते थे रोटी कपड़ा और मकान,समाज की ये तीन दुकान। लेकिन अब बदलते समय के साथ सब कुछ बदल गया अब नई कहावत ना रोटी, ना कपड़ा और ना ही मकान अब तो सज गई हैं शॉल, शील्ड़ और बुके की दुकान।

**रूपक शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार,बढ़ता राजस्थान**

## भगवान के शरणागत होना : स्वामी विजयानंद गिरी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अपना घर शालीमार में श्री राम मंदिर में चल रहे दुर्लभ सत्संग के अंतिम सातवें दिन श्रद्धेय स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज ने साधकों को अपने प्रवचन में बताया कि भगवान के शरणागत होने में ही मनुष्य का जीवन सफ्ल, सार्थक और कल्याणकारी हो सकता है।

प्रत्येक जीव किसी ना किसी के शरणागत होता है।जीव माया के अधीन हो गया है ये सब आश्रय सांसारिक और अस्थाई हैए सच्चा और स्थाई आश्रय तो भगवान का है। कृष्ण जी ने अर्जुन को दिए गए गीता के उपदेश में स्पष्ट कहा कि तुम मेरी शरण में आ जाओ, मैं तुम्हे सब पापों से मुक्त कर दूंगा। हम संसार के नहीं, भगवान के है, बस इसे मानना ही है, क्योंकि हम भगवान के तो हैं ही, मानो या ना मानो। शरणागति भाव है, जबकि क्रिया में अहंकार होता है,अभिमान आते ही भगवान जीव से दूर हो जाते हैं। यदि मानव को अपना कल्याण करना है तो वह अपनी पूरी शक्ति लगा दे भगवान की भक्ति में। जो जिसकी शरणागत हो जाता है फ्रि चिंता उसके मालिक को हो जाती है।

भगवान का चिंतन होना चाहिएए भगवान की मर्जी में ही अपनी मर्जी को मिला देना ही शरणागत होना है। अंत में स्वामी जी ने अपने साधकों से गुरु दक्षिणा में यही चाहा कि जो भी उन्होंने अपने प्रवचनों मे बताया कि मानव अपना कल्याण भगवान से प्रेम करके, पूरी लगन से भगवान भक्ति में लगकर यह कहे कि भगवान मै तो आपका हूं आप मुझे अपनी शरण ले ले।

## इनरव्हील क्लब ने स्कूली बच्चों को बैग किए वितरित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मौजदीका उमैरण में इनर व्हील संस्थान के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षक सहायक सामग्री के रूप में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को 175 बैग वितरित किए गए इस अवसर पर संस्थान के सम्माननीय सदस्य उपस्थित रहे। इस प्रोग्राम में पधारे सभी आगंतुकों का प्रधानाध्यापक महोदया प्रमिला शर्मा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन भरत सिंह गुर्जर के द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विद्यालय परिवार ने किरण व मधु जी का आभार प्रगट किया। स्कूल स्टाफ और सहायक कर्मचारियों को इको फ्रेंडली फोल्डिंग सब्जी के थैले तथा बच्चो को स्कूल बैग दिये ये प्रेसिडेंट किरण सिंहल ने उपलब्ध करवाये।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 58 से अधिक प्रकरणों में हुई सुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार की मंशानुरूप त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने यह बात गुरुवार को पंचायत समिति कोटपुतली के वीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कही। इस दौरान सभी उपखंडों से सभी उपखंड अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े । जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने परिवादी की समस्या को एक-एक कर सुनवाई करते हुए परिवाद से संबंधित अधिकारी से मौके पर ही फीडबैक लेकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के तुरंत बाद जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रकरणों की प्रतिदिन संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा संतुष्टि के स्तर में सुधार लाने के लिए परिवादीयों से फोन पर बात करके उन्हें फोटो तथा दस्तावेजों के साथ हल किए हुए प्रकरण के बारे में सूचित जरूर करें जिससे संतुष्टि के स्तर में सुधार हो सके। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, बिजली, रास्ता खोलने, भूमि विवाद, अतिक्रमण हटवाने, सड़क मरम्मत, अवैध निर्माण, अवैध खनन, चारागाह भूमि से अवैध शराब ठेके को हटाना, सड़क निर्माण,सीमा ज्ञान, पीएम किसान निधि किस्त का भुगतान सहित विभिन्न जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बंधित विभागों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिये गए।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अलवर में रिमझिम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी
### बाजरे की कटाई में परेशानी आ रही, सुबह से घने बादल छाए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर जिले में गुरुवार सुबह से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश है। एक दिन पहले बुधवार की तरह सुबह से घने बादल छाए हैं। आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई है। जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। असल में अब किसानों की खरीफ की फसल की कटाई का समय है। खेतों में कटाई जारी है। जिसके बीच में बारिश होने से किसानों की भागदौड़ बढ़ गई। वहीं बाजरे की कटाई में परेशानी आ गई। कहीं खेतों में कटी फसल खराब होने लगी है। कहीं कटाई में दिक्कतें आ गई हैं। अलवर में सुबह से घने बादल होने के कारण धूप भी नहीं निकली है।

बीच-बीच में रिमझिम बारिश हुई है। दोपहर बाद में भी कई जगहों पर हल्की बारिश है। हालांकि, इससे पहले कई दिन तक मौसम साफ रहा था। उस बीच में खेतों में किसानों ने बाजरे की कटाई की। लेकिन अब अचानक बारिश होने से परेशानी खड़ी हो गई है।

# देवली शहर में लोक परिवहन बसों के चालकों का बना हुआ है आतंक

### इनकी गतिविधियों पर पुलिस बनी रहती है खामोश, इनकी मनमानी का विरोध किया तो झगड़े पर उतारू हो जाते हैं चालक परिचालक

### बुधवार की रात्रि को एक माह के गाय के बछड़े को कुचल दिया चालक ने

### शहर के भीड़ बढ़ वाले मार्गों पर होरन बजाते हुए तेज गति से चलाते हैं बसों को

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां लोक परिवहन बस चालकों की मनमानी अब बेलगाम होती चली जा रही है । ऐसा ही एक मामला बुधवार रात लोक परिवहन बस के एक चालक ने फिर से दोहरा दिया। लोक परिवहन बस के चालक ने शहर के बस स्टैंड के बाहर करीब एक माह के गाय के बछड़े को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। जिसे देखकर लोग दंग रह गए। वहीं घटना के बाद दर्जनों गौसेवक मौके पर एकत्र हुए। जिन्होंने मृतक बछड़े के शव को हटाया और और बछड़े की मौत से तड़पती मा गाय को गोसेवकों ने नियंत्रित किया।इस मामले को लेकर सांवरिया पुत्र श्यामलाल ग्वाला ने बुधवार देवली थाने में लोक परिवहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवा कर पुलिस को बताया कि रात करीब 9 बजे लोक परिवहन बस के चालक ने बस स्टैंड के बाहर एक बछड़े को टक्कर मार दी और उसे कुचल दिया । जिसकी मौके पर मौत हो गई। यह देखकर बछड़े की मां व गाय बेसुध हो गई। गाय बार-बार अपने बछड़े को संभालती रही। और चिल्ला चिल्लाकर इधर-उधर भागती रही। यह देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं सूचना पर श्री सांवरिया सेठ गौशाला समिति के दर्जनों गौसेवक मौके पर पहुंचे और रस्सी की मदद से गाय को नियंत्रित किया। वहीं मृतक बछड़े के शव को हटाया। इस घटना को लेकर गुरुवार दोपहर 2 बजे श्री सांवरिया गौ सेवा समिति की ओर से लोक परिवहन बसों पर प्रतिबंध लगाने व दुर्घटना रोकने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया । इस दौरान दर्जनों की संख्या में गौ सेवक लोक परिवहन बसों को देवली में प्रतिबंधित करने की मांग करते रहे और इनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी लोक परिवहन बस चालकों की मनमानी के कई गंभीर मामले पुलिस के सामने आए हुए हैं । पर इनकी मनमानी और आतंक को पुलिस काबू में नहीं कर पा रही है। इसलिए की इनके विरुद्ध कार्रवाई करने वाली ट्रैफिक पुलिस शहर के बाहर और अन्य स्थानों पर बाइक को चालान काटने में व्यस्त बनी रहती है।तो वही देवली शहर की थाना पुलिस इनकी हरकतों को देखकर भी अनजान बन जाती है। पुलिस के सामने यह बस स्टैंड में हालात यह बने रहते हैं कि यह बस चालक रात के वक्त बेतरतीब पार्किंग करते हैं। जिन्हे पुलिस कुछ नहीं कहती है।

## नगरपरिषद पार्षदो ने शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर की बैठक

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर को सौपा ज्ञापन, कलक्टर ने नगरपरिषद आयुक्त को मौके पर ही दिये दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** नगरपरिषद पार्षदों ने शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर गुरूवार को नागाजी की गोर स्थित भौमियां बाबा मंदिर में एक बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपस्थित सभी पार्षदो ने सर्वसम्मती से निर्णय किया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई मे जाकर जिला कलक्टर को इस सम्बन्ध में अवगत करा कर ज्ञापन दे। जिस पर सभी पार्षद पंचायत समिति पंहुच कर जनसुनवाई में जिला कलक्टर को अवगत कराया कि कोटपूतली नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी, लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ाई हुई है।इससे जगह-जगह कचरे के ढ़ेर लग रहे हैं। कचरे के ढ़ेरो से उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों को परेशानी हो रही है। गंदगी से संक्रमण का खतरा हो रहा है। जबकि सफाई व्यवस्था पर प्रति माह कई लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी कस्बे में गंदगी की समस्या बढ़ती जा रही है। वार्ड पार्षद सफाई को लेकर नगर परिषद में अनेक बार शिकायत कर-कर थक चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पार्षदों ने बताया कि कस्बे के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, चारों तरफ सडकें टूटी पड़ी है, सडक में गड्ढे हो रहे हैं, जिनमें पानी भरा रहता है एवं नालियां गंदगी से भरी पड़ी है, नालियो का पानी रोड़ पर फैल रहा है, जगह-जगह लगे कचरे के ढ़ेर से आमजन परेशान है। इस बारे में जब सफाई ठेकेदारों से बात करते है तो सफाई ठेकेदार पार्षदों की नहीं सुनते। वहीं नगर परिषद आयुक्त सहित जिम्मेदार सफाई इंस्पक्टर को समस्या से अवगत कराने पर जल्द व्यवस्था सुधारने की बात कहते है परन्तु कोई कार्यवाही नही होती और समस्या जस की तस रहती है। पार्षदों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अगर कोटपूतली परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो पाँच दिवस पश्चात समस्त पार्षदों द्वारा कलेक्टर ऑफीस के नीचे एंव नगर परिषद कोटपूतली में धरना प्रदर्शन किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।इस दौरान उपसभापति अशोक शरण बंसल पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, पार्षद प्रमोद सैनी, मनोज गौड़ राजेन्द्र मीणा, ममता आर्य, मनोज देवी, अमित मीणा, सोनू आर्य, कपिल चौहान, रामकरण सूद, जयराम रावत, ताराचंद, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल, कृष्ण छावड़ी सुंदरलाल सैनी कृष्ण कारोडिया सुभाष सैनी सहित अनेक पार्षद व आमजन मौजूद रहे।

**कलक्टर ने नगरपरिषद आयुक्त को मौके पर ही दिये दिशा निर्देश**

पार्षदो द्वार जनसुनवाई में शहर की बीगड़ी सफाई व्यवस्था से जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को अवगत कराने पर उन्होने मौके पर ही उपस्थित नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को शक्त दिशानिर्देश देते हुए कहा की तुरन्त सफाई ठेकेदार पर पलन्टी लगाई जाये तथा 4-4 वार्डो पर एक एक सुपरवाईजर नियुक्त कर ग्राऊड़ रिपोर्ट मंगवाई जाये तथा जल्दी से जल्दी शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाए।

## बच्चे शिक्षा से विमुख न हो इसलिए आखर की ताकत अभियान चलाया- सरिता खंड़ेलवाल

### उदीशा संस्था के द्वारा सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** गुरूवार को समाजिक सरोकार का बीड़ा उठाकर समाज को नई दिशाए देने वाला उदिशा ग्रुप दिल्ली से अलवर पहुँचा। ये सभी गृहणियां सरिता खंड़ेलवाल, शशि खंड़ेलवाल, अमिता खंड़ेलवाल, अनु खंड़ेलवाल, अरुणा खंड़ेलवाल, मधु खंड़ेलवाल और बीना खंड़ेलवाल सामाजिक कार्यो में बढ़चढ कर भाग लेती हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मौजदीका में उदीशा संस्था के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। उदीशा संस्थान के द्वारा विद्यार्थियों को 30 बैंच,चार कमरों के लिए फर्श (ग्रीन मैट) चार सीलिंग फैन (पंखे) प्रत्येक विद्यार्थी के लिए स्टेशनरी, 175 बच्चों के लिए बैग तथा अल्पाहार का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की संस्थापक सरिता खंडेलवाल, अध्यक्ष शशि खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अमिता खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष अनुराधा खंडेलवाल, सचिव अकणा खंडेलवाल,महासचिव मधु खंडेलवाल एवं बीना खंडेलवाल,अनीता खंडेलवाल, सोनिशा खंडेलवाल, रिंपी खंडेलवाल उपस्थित हुए। संस्थान के पधारो हुए सदस्यों का प्रधानाध्यापिका प्रमिला शर्मा एवं समाज स्टाफद्वारा स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन भामाशाह प्रेरक भरत सिंह गुर्जर द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने उदीशा संस्थान का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या प्रमिला शर्मा ने कहा कि शाला में पढ़ने वाले होनहार बच्चों के लिए उदीशा संस्थान की और से की गई अनुपम पहल सराहनीय है। पूरा शाला परिवार उदीशा संस्थान का आभार प्रगट करता है। इधर ग्रुप की संस्थापक सरिता खंड़ेलवाल ने बताया कि कोई बच्चा शिक्षा से विमुख न हो इसलिए हमने आखर की ताकत अभियान चलाया है।

## अलवर कलेक्टर की पहली जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी:पानी, बिजली और अतिक्रमण की शिकायत की, शहर में सफाई व्यवस्था भी सुधरी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अलवर कलेक्टर अर्तिका शुक्ला की पहली जनसुनवाई मिनी सचिवालय में सुबह 11 बजे शुरू हुई। उससे पहले ही सैकड़ों परिवादी पहुंच गए। जब जनसुनवाई शुरू हुई तो परिवादियों की लंबी लाइन लग गई। जिले में सबसे अधिक पानी, बिजली व अतिक्रमण को लेकर समस्या आती है। बहुत से परिवादी बार-बार आते हैं। उनकी सालों से परेशानी का हल नहीं निकला है। जन सुनवाई में अधिक भीड़ आने का मतलब यह भी निकाला जाता है कि जनता के निचले स्तर पर काम नहीं हो रहे। जिसके कारण उनको कलेक्टर के पास आना पड़ता है।अलवर की नई कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने आते ही शहर की सफाई का जिम्मा लिया। जिस पर लगातार काम करने में लगी है। उसका असर भी दिखा है। अब अलवर शहर के मुख्य मार्ग, चौराहे व रोड पर पहले जितनी गंदगी नहीं है। कचरा पाइंट पूरी तरह साफ रहने लगे हैं। जिसके कारण आसपास बदबू कम हैं। जबकि कलेक्टर के आने से पहले शहर का बुरा हाल रहा है। लेकिन अब सफाई पटरी पर लौटी है। इस कारण कलेक्टर से आमजन की उम्मीद भी अधिक है।

## देवली शहर में घनी आबादी के बीच खड़ी एसयूवी कार के पहिए खोल के ले गए चोर

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** शहर के पटेल नगर कॉलोनी स्थित एक में घर के बाहर खड़ी एसयूवी कार के पहिए चुराने का मामला गुरुवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह वारदात राजकीय महाविद्यालय देवली के प्राचार्य प्रो. पूरणमल वर्मा की क्रेटा कार के साथ हुई है।

इस घटना को लेकर वर्मा ने बताया कि वह पटेल नगर में चिरंजीलाल इंदौरिया के मकान में किराए से रहते हैं। सिटी प्राइड स्कूल वाली गली में उनकी कार खड़ी थी। बीती रात 12 से एक बजे के बीच अज्ञात चोर आए। जिन्होंने क्रेटा कार के पीछे के दोनों पहिए खोल लिए। वही आगे के दोनों पहिए के बोल्ट भी खोल कर रखे हुए थे। लेकिन समीप में एक बुजुर्ग महिला के जग जाने की वजह से बदमाश आनंद फानन में कार के दो व्हील लेकर भाग छूटे । प्राचार्य पूरणमल ने देवली थाने में इस मामले की रिपोर्ट दे दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस तरह की वारदात हो चुकी है। जहां चोर कारों के पहिए खोलकर गाड़ी को ईटों पर टिका फरार हो गए थे। यहां पुलिस बाइक चोर और उक्त घटनाओं जैसी कई में दर्जनों चोरी की वारदातों में शामिल चोरों को पकड़ने में नाकाम बनी हुई हैं ।

# शिक्षा मंत्री ने किया 68 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरूवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में 68वीं राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का ध्वजारोहण एवं गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि खेल में जीत-हार होती रहती है लेकिन खेल भावना रखते हुए किसी के प्रति मन में कटुता का भाव नहीं लाएं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ने की ललक होती है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों का आव्हान किया कि वे जीवन में आने वाली समस्त चुनौतियों एवं खतरों का सामना करते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने जिला स्तर पर चयनित होने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्टेडियम में मौजूद सभी खिलाड़ी आज यह संकल्प लेकर जाएं कि पॉलिथीन का किसी भी कीमत पर उपयोग नहीं करेंगे और अपने परिवार एवं आस-पड़ोस के लोगों को पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन खाने से गौवंश की मृत्यु हो रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। माइक्रोप्लास्टिक कण विभिन्न माध्यमों से मानव शरीर में जा रहे हैं जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने गौवंश को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आह्वान किया।

शिक्षा मंत्री ने इस प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाहों तथा आयोजकों को साधुवाद दिया। उद्घाटन कार्यक्रम कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कोटा के.के. शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए करीब 3 हजार खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट किया। शिक्षा मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने मार्चपास्ट की सलामी ली। मार्चपास्ट में जैसलमेर जिले की टीम प्रथम, केकड़ी द्वितीय एवं पाली जिले की टीम तृतीय रही। विजेता टीमों के कप्तान एवं दल प्रभारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। 19 से 24 सितम्बर तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष तक की आयु के छात्र-छात्राओं के लिए सॉफ्टबॉल तथा 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में सॉफ्टबॉल खेलों का आयोजन राजकीय मल्टीपरपज स्कूल, गुमानपुरा में जबकि शतरंज खेलों का आयोजन महात्मा गांधी सीनियर सैकण्डरी स्कूल, रामपुरा में होगा।



# क्रॉकरी शोरूम की लिफ्ट का तार टूटा, महिलाओं समेत 6 चोटिल

## दो मंजिला कोकरी की दुकान में खरीदारी करने गया था परिवार पहली मंजिल से नीचे गिरे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के छावनी इलाके में कोकरी शॉप पर बड़ा हादसा टल गया। दोपहर में दुकान में लगी लिफ्ट का तार अचानक टूट गया। उस दौरान लिफ्ट में एक ही परिवार के 6 सदस्य व एक स्टाफ मौजूद था। तार टूटने से लिफ्ट पहली मंजिल पर आकर गिरी। हादसे में 3-4 महिला व स्टाफ चोटिल हुआ है। जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना दोपहर 4 बजे के आसपास की है। इधर घटना की सूचना पर डीएसपी व गुमानपुरा थाना सीआई मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी ली।

छावनी में तिलक नगर में सिंघवी एजेंसी के नाम से दो मंजिला शॉप है। यहां कोकरी के सामान मिलते है। शॉप संचालक के भाई रोचक सिंधी के अनुसार एक परिवार के 5-6 सदस्य खरीददारी के लिए शॉप में आए थे। परिवार की महिलाएं सामान देखने दूसरी मंजिल पर गई थी। सामान देखने के बाद लिफ्ट से वापस नीचे आ रही थी। लिफ्ट में महिलाओं के साथ एक दुकान का कर्मचारी भी था। लिफ्ट में एक कार्टून रखा हुआ था। अचानक से लिफ्ट का तार टूट गया। लिफ्ट धड़ाम से नीचे आ गई। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे में 3-4 महिलाओं के पैर में चोट लगी है। जिन्हें भाई प्रतीक हॉस्पिटल लेकर गया। लिफ्ट 1 हजार किलो की है। डीएसपी राजेश टेलर के अनुसार घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंचे है। आसपास के लोगों से पूछताछ की है। प्रारम्भिक तौर लापरवाही सामने आई है। लिफ्ट में कितना लोड था, कितने कस्टमर थे इसकी जांच की जा रही है। शॉप मालिक को पता नही लिफ्ट की कितनी कैपिसिटी है। ये लिफ्ट लोगों के लिए नहीं, सामान ऊपर नीचे करने के काम में आती है।

# तेजा दशमी और डोल ग्यारस पर नगर पालिका ने आयोजित किए कम खर्च में 5 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** नगर पालिका ने दो दिवसीय तेजा दशमी खेमजी तालाब पर और तीन दिवसीय डोल ग्यारस बमोरी धाम पर कुल पांच दिवसीय शानदार सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें श्रोताओं का उमड़ा जन सैलाब देखने को मिला। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष भी पांच दिवसीय कार्यक्रम लगभग 10 लाख रुपये के कम खर्च में कराए गए। तेजा दशमी कार्यक्रम में अध्यक्ष महावीर वैष्णव और बमोरी धाम के अध्यक्ष अजय गुर्जर की मेहनत के साथ-साथ नगर पालिका के कर्मचारी, अधिकारी और विभिन्न समितियों के सदस्यों के अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफल रहे, जो नगर में चर्चा का विषय बने। खेमजी महाराज तालाब पर आयोजित दो दिवसीय मेले का समापन रंगारंग आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिसमें पहले दिन तेजाजी गायन और भजन संध्या का आयोजन हुआ।

दूसरे दिन रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार दीपक मीणा उर्फ पन्या सेपट ने अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाया। नगर पालिका अंता द्वारा आयोजित तीन दिवसीय डोल मेला भी सोमवार को बॉलीवुड स्टार नाइट कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अंता विधायक कंवरलाल मीणा का स्वागत मेलाध्यक्ष अजय गुर्जर ने माला पहनाकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ, जिसके बाद नटराज ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, और राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। हाड़ौती के प्रसिद्ध कॉमेडी कलाकार गोपाल सिंह सोलंकी ने भी अपने हास्य व्यंग से दर्शकों को गुदगुदाया। कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंता थानाधिकारी दिग्विजय सिंह और पुलिस जाप्ता अलर्ट रहा, जबकि नगर पालिका के कर्मचारी व्यवस्थाएं संभालते रहे।

# 55 साल तक के काश्तकार कर सकेंगे विदेश यात्रा, कृषि की नई तकनीको की जानकारी लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की पालना में वर्ष 2024- 25 में 100 किसानों को क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एन्हांसमेंट कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण के लिए विदेश भिजवाया जाना है। इसके लिए किसान 25 सितंबर तक राज किसान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उप निदेशक उद्यान विभाग डॉ. शंकर लाल जाट ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने के लिए किसान के पास अपने नाम अथवा नेशनल शेयर के आधार पर कम से कम एक हेक्टेयर कृषि भूमि होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला किसानों के लिए कृषि भूमि की न्यूनतम सीमा 0.5 (आधा) हैक्टेयर रहेगी। किसान की उम्र 55 वर्ष से अधिक नहीं हो, किसान न्यूनतम पिछले 10 साल से लगातार खेती कर रहा हो। किसान उच्च तकनीक खेती कर रहा हो जिसमें संरक्षित खेती, सोलर पंप सेट, लो टनल, मल्चिंग, बूंद बूंद सिंचाई पद्धति, फव्वारा सिंचाई पद्धति, आटोमेशन, फर्टीगेशन, फार्म पौड तथा डिग्गी, आवेदन कर सकते हैं।

# जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के हो रहे बुरे हालात डॉक्टर अपने चैंबरों से नदारद मरीज हो रहे परेशान







बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है डॉक्टर अपने चेंबरो से नदारद मिले और बाहर मरीजों की लाइन लगी हुई है । मरीज से बात करने पर पता चला कि वह काफी समय से यहीं पर बैठे हुए हैं डॉक्टर साहब अभी तक नहीं आए वह कह रहे हैं कुछ देर और बैठेंगे उसके बाद कहीं और जाएंगे दिखाने के लिए हम भी दूर गांव से आए हैं । मरीज का कहना है कि मजबूरीवश हमें बाहर की और रुख करना पड़ेगा क्योंकि डॉक्टर अपने चेंबर में नहीं है और काफी समय तक आते ही नहीं है किसी से पूछो तो कहते हैं कि वार्ड में गए हैं। एक बुजुर्ग महिला का आरोप है कि डॉक्टर सिर्फ टाइम पास करते हैं लाइन में एक-एक घंटा लगने के बावजूद भी डॉक्टर सिर्फ तीन-चार मरीजों को देखते हैं । बुजुर्ग महिला का आरोप है कि मैं लाइन में एक घंटा खड़ी रही कमरानंबर 4 के बाहर अंदर बैठे डॉक्टर ने 1 घंटे में सिर्फ तीन-चार मरीजों को देखा और जाने लगे तो मैंने कहा कि मेरी ब्लड प्रेशर की दवाई लिख दो तो डॉक्टर ने पर्ची को हाथ से मसल कर फेक कर बिना दवाई लिखे चले गए । बुजुर्ग महिला का आरोप है कि ऐसे ही करना था तो फिर इतना बड़ा हॉस्पिटल और इतने डॉक्टर की क्या जरूरत,जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में पहले इन डॉक्टर की मनमर्जी पर पीएमओ कार्यवाही करेंगे या फिर डॉक्टर की मनमर्जी ऐसे ही चलती रहेगी ।

**इन चेंबरो में डॉक्टर मिले नदारद :** नेत्र रोग विशेषज्ञ महेंद्र कुमार, कमरा नंबर 29 में डॉ अमित गुप्ता अस्थि रोग विशेषज्ञ और डॉक्टर मुकेश शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर माधव सिंह मीणा, अमित गोयल लेप्रोस्कोपिक सर्जन, कमरा नंबर 4 में डॉक्टर नवल किशोर जांगिड़ व डॉ अशोक कुमार जिंज्वाड़िया, डॉ सीमा बबल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी यह डॉक्टर अपने अपने चैंबर से नदारद मिले । आखिर एक साथ इतने डॉक्टर अपने-अपने चेम्बरो से नदारद रहेंगे तो मरीजो को मजबूरिवश बाहर दिखाने को मज़बूर होना पड़ेगा।

# कुंडला रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को दे रहे न्योता, जिम्मेदारो का कोई ध्यान नहीं

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के मुख्य कुंडला रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्डे हो रहे जो हर वक्त दुर्घटना को न्योता दे रहे लेकिन जिम्मेदारो का इस और कोई ध्यान नहीं है। शायद वे किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में समस्या रखने के बाद भी इस समस्या का समाधान नही हो पाया है जिससे लोगो में नाराजी है। कस्बे के मुख्य बाजार कुंडला रोड की सड़क पर तीन जगह बड़े बड़े गड्डे कई महीनो से होने से लोगो को परेशानी हो रही है आए दिन बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है लेकिन जुम्मेदारों का ध्यान इस समस्या को दूर करने की ओर नही है। कुंडला रोड पर पशु चिकित्सालय के सामने सड़क पर बीचों बीच बड़ा गड्ढा हो रहा है साथ ही सीसी सड़क के सरिए निकल रहे जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है वही सिटी पैलेस के सामने भी गड्डे हो रहे है ,ग्राम सेवा सहकारी समिति के सामने सड़क क्रास कर बनी नाली का चेंबर काफी समय से टूट जाने से बड़ा गड्ढा हो रहा है गड्डे की जगह पुलिस का बेरीकेट लगा रखा है जिससे यातायात प्रभावित होता है यह कुंडला चौमहला का मुख्य मार्ग होने से दिन में कई बार यहां जाम की स्थिति बनती है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिस कारण लोगो को परेशानी हो रही है। कस्बे के विलावली रोड भी जगह जगह गड्डे हो रहे है जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। वार्ड पंच प्रतिनिधि कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने बताया की कई बार सरपंच सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नही हुआ है। ग्राम पंचायत की वार्ड पंच भारत बाई विश्वकर्मा ने 12 सितंबर को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में इस समस्या को प्रमुखता से रखा था लेकिन समस्या का समाधान नही हो पाया।



# स्कूल टीचर पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों ने स्कूल पर जड़ा ताला



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के रामगंजमंडी इलाके में जुल्मी के सरकारी स्कूल के बाहर जमकर हंगामा हुआ है। यहां पर एक टीचर पर ग्रामीणों ने छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एहतियातन पुलिस जाप्ते की तैनाती कर दी गई। साथ ही नाराज ग्रामीणों को समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इस संबंध में जानकारी मिली है। साथ ही उन्होंने इसको लेकर पुलिस से भी बात की है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। अगर शिक्षक दोषी पाया गया तो उसे दंडित किया जाएगा। सुकेत थाना अधिकारी रघुवीर सिंह के अनुसार जुल्मी के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक वेद प्रकाश बैरवा के खिलाफ एक छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। गुरुवार को जैसे ही स्कूल खुला ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्कूल को बंद कर दिया। ग्रामीणों से रिपोर्ट देने की बात कही है, उनकी रिपोर्ट पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# पाइप लाईन से घरेलू गैस कनेक्शन के लिए प्रोत्साहन योजना

## नए कनेक्शन पर एक माह के उपभोग की गैस फ्री मिलेगी

बढ़ता राजस्थान


**कोटा (का.स.)।** राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस आरएसजीएल ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए स्थापना दिवस के अवसर पर 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक पाइप लाईन से घरेलू गैस (डीपीएनजी) के नए कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरु की है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि इस अवधि के दौरान कोटा शहर में डीपीएनजी कनेक्शन लेने वाले पहले एक हजार उपभोक्ताओं को लगभग एक माह के उपभोग की गैस निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। एमडी सिंह ने गुरुवार को नए डीपीएनजी गैस कनेक्शन लेने वालों के लिए निःशुल्क पीएनजी गैस कनेक्शन अवसर पोस्टर जारी किया। कोटा शहर में सीएनजी एवं पीएनजी उपलब्ध कराने का कार्य आरएसजीएल द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पाइप लाईन से घरेलू गैस ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के साथ ही किफायती, सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और बार-बार सिलेण्डर बुक कराने और बदलने की आवश्यकता भी नहीं होगी। डीजीएम विवेक रंजन व विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि कोटा शहर में आरएसजीएल द्वारा सीएनजी पीएनजी सुविधा के लिए आधारभूत ढांचा विकसित करने के साथ ही घरेलू, व्यावसायिक व औद्योगिक कनेक्शनों के साथ ही सीएनजी सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।




# अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन कल

## अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा शनिवार 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर्स दिवस मनाया जा रहा है और साथ ही अल्जाइमर्स नामक दिमागी विकार के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक किया जा रहा है। अल्जाइमर रोग 'भूलने का रोग' है। इस बीमारी के लक्षणों में याददाश्त की कमी होना, निर्णय न ले पाना, बोलने में दिक्कत आना और फिर इसकी वजह से सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं की गंभीर स्थिति आदि शामिल हैं। इस कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा अल्जाइमर्स विकार, इसके लक्षण, संभावित कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा।

# मदरसा ए नक्शबंदीयां के नेतृत्व मै दो दिवसीय कार्यक्रम का हुवा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार में जश्ने ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर गंगधार मदरसा ए नक्शबंदीयां के नेतृत्व में मंगलवार व बुधवार को दो दिवसीय पैगम्बर ए इसलाम मोहम्मद साहब की शान में बच्चों की इस्लामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन की अध्यक्षता रईस बैग अध्यापक आलिम हामिद ने की। मदरसा ए नक्शबंदीयां के सैय्यद शौकत अली ने बताया की ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर दो दिवसीय नबी की शान मै मिलाद का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने कुरान की आयतें नात ख्वानी,तकरीर,तफ़सीर पेश की गई। बच्चों ने एक से एक बड़ कर नबी की शान मै कलाम पेश किएं।सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गए।इस दौरान गंगधार सदर सलीम खाँन, अशफाक बेग,अनवर अली,डग सदर अमान लाला,बडौद सलीम लाला,शाहिद खाँन,कालू बैग,इस्माइल शाह,अहफाज खान,इरफान इंदौरी, अतहर बैग,फैजान हुसैन,सहित मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# भारी बारिश के बाद दिखने लगे तबाही के मंजर

## एक दर्जन परिवारों के घरों को पहुंचा नुकसान, प्रशासन से की सहायता की मांग







बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी शहर में पिछले सप्ताह हुई तेज बारिश से जगह-जगह जल भराव की समस्या पैदा हुई है। कई निचले इलाकों की कॉलोनियां पानी में डूब गई है। शहर के धौलपुर रोड पर तिवरिया हनुमान मंदिर के ठीक सामने बसे तिलूआ के अड्डा के परिवारों को बारिश से नुकसान हुआ है। ये परिवार प्रशासन से लगातार मदद की गुहार लगा रहे हैं। इनके घरों तक पहुंचाने का रास्ता बंद है। वे रहने को लेकर इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं। हालांकि पूर्व में इन्हें सरकारी स्कूल में रुकवाया गया था और भोजन पानी की भी व्यवस्था की थी, लेकिन वह चार-पांच दिन ही चल सकी। इसके बाद इनको इनके हाल पर छोड़ दिया गया। तिलुआ का अड्डा निवासी महिला ओमवती पत्नी राकेश कोली, रामभरोसी पुत्र कप्तान गुर्जर, गीता, रेनू ने बताया कि इनके छप्परपोश मकान पिछले 10 दिन पहले आई तेज बारिश में ढह गए। लोगों के सहयोग से उन्होंने अपनी जान बचाई और प्रशासन से मदद मांगी। एसडीएम राधेश्याम मीणा, तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां समेत हल्का पटवारी और कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनको हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। उनको पास के सरकारी स्कूल में रुकवाया गया। भोजन, पानी की भी व्यवस्था की गई साथ में गांव के रास्ते को दुरुस्त करने के लिए 300 ट्राली मिट्टी डालने के निर्देश भी दिए। दो-तीन दिन तक उन्हें भोजन पानी भी मिला, एक दो स्वयंसेवी संस्थाओं ने मौके पर आकर भी मदद की लेकिन बाद में सब गायब हो गए। अब हालात यह हैं कि उन्हें स्कूल से हटा दिया गया है और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। ऐसे में जो मकान उनके गिरे हुए हैं। उन्हीं में रहने पर वे मजबूर है और खुले आसमां तले रात गुजार रहे हैं। मामले को लेकर तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां ने बताया कि तिलुआ के अड्डा मामले में हल्का पटवारी ने मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा का कहना है की बारिश से प्रभावित परिवारों को सरकार तत्काल सहायता उपलब्ध कराए। जो परिवार परेशान है उनको यदि समय पर मदद नहीं मिल सकी तो फिर ऐसी मदद से क्या फायदा। वर्तमान में तिलुआ का अड्डा हो या ग्रामीण क्षेत्र में बटेश्वर खुर्द या गांव, प्रभावित लोग हर जगह परेशान हैं। जिसको लेकर तुरंत नुकसान का आकलन करने और पीड़ित परिवारों के मदद की जरूरत है।



# झगड़े के बाद पति-पत्नी ने खाया जहर

## प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर रेफर, दो महीने पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर के चेतन नगर में जरा सी अनबन पर पति-पत्नी द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पति-पत्नी को परिजन बाड़ी सामान्य अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार शहर के चेतन नगर निवासी राधा (21) और उसके पति प्रशांत कुशवाहा (22) पुत्र रामदास कुशवाह ने बुधवार शाम आपस में झगड़ा होने पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के बाद जब राधा और प्रशांत दोनों की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों और आसपास के लोग उनको शहर के सामान्य अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद हालत बिगड़ने पर दोनों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया किसी जहरीले पदार्थ का पति-पत्नी ने सेवन किया था। जिनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी। ऐसे में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है साथ में घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी है।अस्पताल में दोनों पति-पत्नी के साथ आई महिला गुड्डी ने बताया दोनों की शादी अभी 2 महीने पहले जुलाई में हुई थी। परिवार में किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं था। अचानक से जब दोनों चिल्लाए और घबराने लगे तब घटना का पता लगा। प्रशांत के पिता रामदास मजदूरी करते है। वही प्रशांत कुशवाहा अभी बेरोजगार है। कोई काम नहीं करने के चलते पति-पत्नी में झगड़ा हुआ होगा। जिससे यह घटना सामने आई है। टाउन चौकी प्रभारी हरवीर सिंह ने बताया कि अभी मामले को लेकर उनके पास कोई रिपोर्ट नहीं आई है। अस्पताल से नई सूचना के आधार पर जांच की जा रही है।

# बारिश के कारण हरी सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोतरी

## आलू टमाटर सहित विभिन्न सब्जियों के बढ़े भाव, रबी की फसल की बुवाई में होगी देरी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** प्रदेशभर के साथ इस बार धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में मानसून जमकर मेहरबान हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण एक तरफ जहां नदी-नाले उफान पर बने हुए हैं तो वहीं अत्यधिक बारिश ने खेती-किसानी पर भी खासा असर डाला है। पिछले सप्ताह अधिक समय तक हुई बारिश के बाद इस सप्ताह मंगलवार शाम को फिर से एक्टिव हुए मानसून के चलते बुधवार शाम तक बादल जमकर बरसे हैं। जिससे बाजरे की फसल खासी प्रभावित हुई है। खेतों में बारिश का पानी भरा होने के कारण किसान आगे रबी की फसल की बुवाई में भी देरी की आशंका जता रहे हैं।

**हरी सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोतरी :** अत्यधिक बारिश के कारण हरी सब्जियों की फसल भी खासी प्रभावित हुई है। जिससे सब्जियों के दामों में इजाफा हुआ है ऐसे में लोगों की रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। राजाखेड़ा बाजार में सब्जी की दुकान चलाने वाले व्यापारी अंशुल राठौर, मनोज आदि ने बताया कि बारिश के कारण सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है जिससे मंडी में सब्जियों की आवक कम होने के कारण सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। इस समय बाजार में आलू 30 रुपए किलो, टमाटर 50, फूल गोभी 80, खीरा 40, मूली 60, हरी मिर्च 80, अरबी 60, भिंडी 30, बैंगन 40, करेला 50, और अदरक 60 रुपए किलो के हिसाब से मिल रहा है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर देश और प्रदेश व्यापी सदस्यता अभियान के तहत बूथ पर छोटी-छोटी बैठको द्वारा कार्यक्रम करके सदस्य बनाने के लक्ष्य के अनुरूप गुरूवार को बूथ संख्या 119, 120, 121, 122, 123, 124, 125 पर अजमेर देहाज जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक देवीशंकर भूतडा के सानिध्यम मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक मे देवीशंकर भूतडा ने कार्यकर्ताओं को लिंक और मिस कॉल के माध्यम से किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली जाती है उसके बारे मे विस्तार के जानकारी दी। इस दौरान अजमेर जिला मंत्री शिव सामरिया, बृज किशोर शर्मा, अनुसूचित जाति जिला मोर्चा अध्यक्ष चेतन गोयल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कावड़िया, महामंत्री हिमांशु शर्मा, पार्षद दशरथ कुमार, मंडल मंत्री कंचन रावत, कुंज बिहारी तोलंबिया युवा मोर्चा अध्यक्ष गोलू पहलवान, महामंत्री राजेश जांगिड़, प्रेम सिंह, पप्पू सिंह, विनोद, कैलाश, लक्ष्मी, गीत, सोनू, गुड्डी, रोशनी, ललित, अनीता, सीता तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को ब्यावर जिले के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को ब्यावर जिले के दौरे पर रहेंगे। मंत्री श्री गहलोत शुक्रवार को जयपुर से प्रातः 9 बजे रवाना होकर जैतारण क्षेत्र के मोहराई गांव में दोपहर 1 बजे पहुंचेंगे। जहां वे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68वी जिला स्तरीय खो.खो प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्री गहलोत शुक्रवार को दोपहर 3 बजे विधायक सेवा केंद्र जैतारण पर आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करेंगे। तत्पश्चात वे शाम 5 बजे आगामी कार्यक्रमों के लिए जोधपुर प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम के लिए जैतारण पहुंचेंगे ।

# अब जनसुनवाई के बाद मामले के निस्तारण को लेकर पीड़ित से फोन करेंगे अधिकारी

## जनसुनवाई के परिवादों के खानापूर्ति निस्तारण पर लगेगी रोक, वीसी के जरिये हुई बैठक

### जिलास्तरीय जनसुनवाई बैठक में मुख्य सचिव के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** शहर की पंचायत समिति वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम राधेश्याम मीणा के नेतृत्व में इस बैठक में उपखण्ड के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में वीसी के जरिये राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत भी जुड़े। जिन्होंने बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए परिवाद के निस्तारण के बाद अधिकारी उस व्यक्ति से फोन पर वार्ता करें और की गई कार्रवाई से उसकी संतुष्टि को लेकर जवाब ले। ऐसे में पीड़ित तो खुश होगा ही साथ में कार्यवाही की वस्तु स्थिति का भी पता लगेगा। ज्यादातर कार्रवाइयों को लेकर देखा जा रहा है कि उन्हें कागजों में भी सम्बंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी निस्तारित कर देते है। पीड़ित तक संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचते। ऐसे में लोगों में जनसुनवाई बैठकों को लेकर विश्वास कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि परिवाद निस्तारण के बाद पीड़ित से फोन पर बात की जाए। जिससे कार्रवाई की वस्तु स्थिति भी पता लग सकेगी। बैठक के दौरान एसडीएम राधेश्याम मीणा ने पूर्व की जनसुनवाई बैठक में आए परिवादो और उनके निस्तारण को लेकर की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत विभाग,जलदाय विभाग को निर्देश दिए कि लोगो की बिजली ,पानी को लेकर किसी प्रकार की समस्या नही आनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की वे मौसमी बीमारियों के प्रति सचेत रहें और पूर्व में ही हर व्यवस्था को करना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां,पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह,सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा,जलदाय विभाग के एक्सईएन जयनारायण चेतीवाल,डिस्कॉम के सहायक अभियंता अकरम खान, पीडब्ल्यूडी के एईएन नागेंद्र सिंह,पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के पीजी कॉलेज में हुआ दिवेर स्मृति दिवस का आयोजन

## महाराणा प्रताप के जीवन पर शिक्षाविदों ने डाला प्रकाश, पराक्रम से शिक्षा लेने का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** शहर के राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में दिवेर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्र - छात्राओ के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन काजल परमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ.मनोज कुमार सिंह द्वारा दिवेर विजय स्मृति तथा राणा प्रताप के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और बताया कि राणा प्रताप अपने स्वाभिमान के लिए जीने वाले एक महान पराक्रमी योद्धा थे। कार्यक्रम में इतिहास के प्रवक्ता कबीर शरण तथा नरेंद्र लवानिया के द्वारा राणा प्रताप की वीर गाथा पर विचार रखे गए ।जिसमे कबीर शरण ने बताया कि महाराणा प्रताप सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक तथा यूनान के राजा लियोनिडास के समान महान पराक्रमी योद्धा थे। हमें उनके जीवन से स्वाभिमान, मातृप्रेम,त्याग,बलिदान जैसे गुणों को अर्जित करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के गुमान सिंह मीणा,डॉ. नीतेश भारद्वाज ,डॉ.महेंद्र सिंह मीणा,डॉ.परवेज आलम, डॉ.योग्यता शाक्य, डॉ.बाबर अली ,दिनेश वर्मा, पुष्पेंद्रसिंह चौहान,मनोज कुमार, अभिषेक गौड़, रोहित सिंह डागौर, कृष्णकांत शर्मा सहित अन्य सहायक आचार्य मौजूद रहे।

# ठगी की सूचना पुलिस को देने की अपील

## एसपी ने जारी की एडवाइजरी, नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे ठग

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( नि.स. )।** धौलपुर जिले में साइबर ठगों द्वारा नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। जिसको लेकर धौलपुर एसपी ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में एसपी सुमित मेहरड़ा ने लोगों से नौकरी के नाम पर की जा रही ठगी की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

एडवाइजरी जारी करते हुए एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि ऑफिस में जनसुनवाई के दौरान सर्वाधिक मामले ठगी के सामने आ रहे हैं। जिन मामलों में ठग लोगों से उनकी नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लेकर ठगी कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठगी के बाद जहां युवा और उनके परिजन परेशान होते हैं, तो वहीं पुलिस भी ठगी करने वाले लोगों की धरपकड़ में लग जाती है। नौकरी के नाम पर की जा रही ठगी से पीड़ितों के लिए एसपी ने एडवाइजरी जारी की है। इसके लिए लोगों से अपील की है कि नौकरी के नाम पर दिए जा रहे प्रलोभन से बचने के लिए लोग किसी को पैसे ना दें और अगर कोई उन्हें नौकरी के नाम पर ठगी कर रहा है, तो उसकी तुरंत प्रभाव से सूचना पुलिस को दें।

जिससे ठगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। एसपी ने ठगी की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम का नंबर 9530411842 जारी किया है।

# गुणात्मक ढंग से परिवादों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करें : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण हेतु दिए निर्देश

### जनसुनवाई में कुल 54 परिवाद प्राप्त



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** माह के तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। जनसुनवाई का जिले के प्रभारी सचिव पी रमेश वर्चुअल माध्यम से पर्यवेक्षण कर रहे थे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी अधिकारी न सिर्फ संख्यात्मक बल्कि गुणात्मक ढंग से परिवादों का निस्तारण कर अधिक से अधिक लोगां को राहत प्रदान करें। जनसुनवाई के दौरान परिवादी कन्हैया ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उसे खातेदारी की भूमि पर बुवाई व जुताई करने से रोका जा रहा है। जिस पर जिला कलक्टर ने पुलिस अधीक्षक धौलपुर को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। वहीं परिवादी हरविलास के जमीन का पट्टा दिलवाये जाने के मामले में आयुक्त नगर परिषद को नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। परिवादी विन्द्रावली ने शहरी रोजगार गारंटी योजना में किये गये कार्य के एवज में भुगतान न होने के संबंध में बताया जिस पर जिला कलक्टर ने आयुक्त नगर परिषद को त्वरित भुगतान की कार्यवाही कर परिवादी को राहत प्रदान किये जाने हेतु निर्देश दिए। परिवादी रहीस खां निवासी पुरानी छावनी में मोहल्ले में नालों की सफाई के संबंध में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर विकास अधिकारी धौलपुर को समुचित कार्यवाही कर मामले के निस्तारण हेतु निर्देश दिए। परिवादी किरन देवी निवासी मदीना कॉलोनी ने जनसुनवाई में बताया कि विगत कुछ माह से उसकी पेंशन रुकी हुई है जिस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी को मामले की जांच कर समुचित कार्यवाही कर मामले के निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 54 प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीना, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन सुरेश मीणा, तहसीलदार धौलपुर धर्म सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सेवा स्वच्छता पखबाड़े के तहत शहर के गांधी पार्क और गुरु की बगिया में हुआ श्रमदान

## कुशवाह फाउंडेशन और सेवा योजना से जुड़े युवाओ ने किया श्रमदान,

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** सेवा स्वच्छता पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में गुरुवार को कुशवाह फाउंडेशन युवा कुशवाहा समाज समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े युवाओं द्वारा शहर के महात्मा गाँधी पार्क एवं गुरु की बगिया मे श्रमदान किया और परिसर की साफ-सफाई कर अनावश्यक उग आये छोटे,बड़े पेड़ पौधों को हटाया गया। बड़े पौधों की कटिंग की गई साथ मे परिसर क्षेत्र मे पड़े हुए कागज,पॉलीथिन और अन्य कूड़े कचरे को साफ किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने सभी को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थान पर आने वाले लोगो से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की और सभी युवाओं को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई। इस दौरान वार्ड 26 के नवनियुक्त पार्षद आकाश यादव ने भी श्रमदान किया और सभी युवाओं से आव्हान किया कि प्रति सप्ताह एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर कम से कम 2 घंटे अवश्य श्रमदान करे। कुशवाह फाउंडेशन के अध्यक्ष रिंकू कुशवाह ने बताया की हमें अपने घरों की तरह ही अपने शहर की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बीमारियों से बचना है तो स्वच्छता अवश्य अपनानी होगी। इस दौरान नगर पालिका के एमआईएस इंजीनियर विवेक मीना,टीम बेसिक्स सिटी इंचार्ज हरिसिंह राजपूत, किशोरी भटेले,सतीश गुर्जर, कवित सारस्वत,प्रमोद सारस्वत हरिसिंह



कुशवाह,राजकुमार कुशवाहा, चंदन सिंह कुशवाहा,मुकेश कुशवाहा,रोहित कुशवाह,दिनेश कुशवाहा, अमन कुशवाहा,रामबिराज कुशवाहा,नीरज कुशवाहा,जीतू कुशवाह,राकेश नेताजी, जगबीर कुशवाहा,सूरज कुशवाहा, जतिन कुशवाहा,सुनील कुशवाहा,भूरी सिंह कुशवाहा,रामू कुशवाहा सहित कुशवाह फाउंडेशन की समस्त कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# 68वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में समापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र के गोराजी का निंबाहेड़ा के फौजी स्पोर्ट्स एंड एजुकेशनल अकादमी में 68वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। साथ ही अतिथि रूप में राजस्थान पुलिस एटीएस विभाग के भानु प्रताप सिंह झीलवाड़ा,पूर्व प्रधान पृथ्वीराज जाट,सरपंच शांतिलाल डांगी,उदयराम जाट,बद्रीलाल जाट,लक्ष्मण जाट,भागीरथ जाट, परोपकार सेवा संस्थान के किशनलाल जाट, पर्यवेक्षक राजेंद्र गालव,सरपंच दिनेश खटीक आदि उपस्थित रहे।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं हेतु भोजन व्यवस्था करने पर कमलेश जैन का अभिनंदन व डूंगरपुर खेल विभाग के एनआईएस कोच ऋतुराज सिंह तंवर का अभिनंदन किया गया।इसके बाद मुख्य निर्णायक शांतिलाल खटीक द्वारा प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर परिणाम घोषित किया गया। जिसमे छात्रवर्ग में प्रथम स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोलिया,दिव्तीय एमजीएम विद्यालय कपासन व तृतीय राउप्रावि सुरखंड की टीम रही।छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान राउप्रावि कोदिया खेड़ी,द्वितीय राउमावि कदमाली व तृतीय राउप्रावि चतुर्भुजपूरा की टीम रही।इस दौरान श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सांवरिया अहीर रोलिया एवं लक्ष्मी जटिया कोदिया खेड़ी को प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक उज्ज्वल दाधीच ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक ओंकारलाल लोहार,बुद्धिप्रकाश व्यास, रमेश सिंह,नानालाल जाट सहित ब्लॉक के शारीरिक शिक्षक निदेशक महावीर सिंह शेखावत, प्रधानाचार्य वीबी चतुर्वेदी आदि सहयोगी रहे।

# सदस्यता अभियान बनेगा कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने का माध्यम-भूतडा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मण्ड्ल के प्रवास के दौरान देवीशंकर भूतडा ने कहा कि आपके वोट की ताकत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शपथ ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्की छत दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीब, युवा, महिला, किसान और मजदूर को ध्यान में रखकर उनके कल्याण और उत्थान के लिए कार्य किया। प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकसित भारत के साथ ही विकसित राजस्थान के संकल्प को भी पूरा करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। देवीशंकर भूतडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मज़बूती के साथ 2047 में विकसित भारत बने और विकसित भारत में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका हो इसके लिए भजनलाल सरकार नवाचारों के साथ विकसित राजस्थान 2047 के मार्ग पर अनवरत रूप से आगे बढ़ रही है। मण्डल महामंत्री सन्तोष जाग्रत ने बताया की जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा ने सदस्यता अभियान के तहत महाराणा प्रताप मंडल में बूथ क्रमांक 81, 82, 72, 73, 74 और 84 पर बूथ समिति के सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर बैठक की और सभी कार्यकर्ताओं से अपने बूथ के प्रत्येक घर पर जाकर सदस्य बनाने की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रतिज्ञा, विकसित भारत 2047 का निर्माण, सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी भाजपा के रूप में जन समर्थन लेते हुए हम सभी मिलकर प्रत्येक बूथ पर 300 से अधिक सदस्य बनाएंगे। भूतडा ने घर-घर जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान मण्ड्ल अध्यक्ष नरेश मित्तल, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भंवर लाल बूला, सदस्यता अभियान संयोजक नवल किशोर मुरराका, सह संयोजक मनिष बंसल, शिखा गुप्ता, मण्ड्ल महामंत्री सत्येंद्र यादव, उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा, नटवर अरोडा, रामेश्वर गहलोत, पार्षद अंगदराम अजमेरा, रवि चौहान, नाथूलाल साहु, रमेश अरोडा, प्रेम चन्द्र टाक, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शिक्षकों ने की ओपीएस जारी रखने की मांग

## केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम का शिक्षकों ने किया विरोध, एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि छलावा है यह स्कीम

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केंद्र सरकार की ओर से कार्मिकों के लिए लागू की गई यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के विरोध में अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने बुधवार को उपखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मांगों से अवगत कराया। प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. विष्णु कुमार तेली व प्रदेश उपसभा अध्यक्ष कैलाश चंद गौड़ ने बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित यूपीएस कर्मचारियों के साथ छलावा हैं। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील संघ के जिलाध्यक्ष रामधन जाट ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों पर शिक्षकों ने यूपीएस के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि केन्द्र सरकार द्वारा कार्मिकों के लिए लाई गई यूपीएस राज्य में कर्मचारियों पर लागू नहीं की जाएं, स्थानांतरण नीति बनाकर तृतीय श्रेणी अध्यापकों का तबादला किया जाए, पिछले 4 वर्षों की बकाया पदोन्नति जल्दी की जाए एवं शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश लाल पारीक व गोपाल लाल वैष्णव ने बताया कि राज्य सरकार अपने कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना दे रही हैं।

उसे निरन्तर जारी रखा जाएं। इसमें फेरबदल किया गया तो शिक्षक बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे। इस मौके पर रोडूलाल बैरवा, बाबूलाल कोली, श्योजीराम बैरवा, रामलाल जाट, गोपाल लाल वैष्णव, बनवारी लाल वैष्णव, दिनेश पंवार, धीरेंद्र चांवला, कैलाश झारोटिया, हंसराज झारोटिया, श्रीराम बैरवा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट 24 अक्टूबर को, जिला कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** राज्य सरकार द्वारा आगामी समय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 का जयपुर में आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट भी आयोजित होगी।ब्यावर जिले में यह इन्वेस्टर मीट 24 अक्टूबर को देलवाड़ा रोड स्थित गीता रिसोर्ट में किया जाना प्रस्तावित है। यह आयोजन जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र एवं रीको लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा।

जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इन्वेस्टर मीट की तैयारियो के संबंध में विभिन्न विभागों, औद्योगिक संघों एवं वृहदध्मध्यम इकाइयों से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर ने कहा कि उद्यमियों की उद्योग से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा एवं उच्च स्तर की समस्याओं के निस्तारण के लिए राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने जिला स्तरीय इन्वेस्टर सम्मिट में ज्यादा से ज्यादा एमओयू करने की अपील की जिससे कि जिले में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी एवं विकसित होगा। जिला उद्योग महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुये बताया कि इस आयोजन हेतु लगभग 92 करोड़ के एमओयू जिला उद्योग एवं वाणिज्य उप केंद्र द्वारा किए जा चुके हैं तथा रीको लिमिटेड अजमेर व ब्यावर यूनिट द्वारा भी अलग से निवेशकों से संपर्क कर एमओयू किए जा रहे हैं।

उन्होंने कह कि इन संभावित एमओयू में होटलध् रिसोर्ट उद्योग, टेक्सटाइल उद्योग, मिनरल उद्योग आदि से संबंधित है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 के तहत राजस्थान एसएसओ पोर्टल पर राज निवेश की आइकॉन पर जाकर एमओयू हेतु आवेदन किया जा सकता है।

बैठक में रीको एसआरएम शिव कुमार, खनिज विभाग एएमई स्वरूप सिंह गहलोत सहित विभिन्न वरिष्ठ उद्यमी, उद्योग से जुड़े विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीएमएस ने रेलवे स्टेशन ऑटो यूनियन के समर्थन मे विभिन्न मांगो को लेकर स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** भारतीय मजदूर संघ जिला ब्यावर के बैनर तले रेलवे स्टेशन ऑटो यूनियन की विभिन्न मांगों को लेकर स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सोपा गया।

शंकरसिंह रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि ऑटो के खड़े रहने की जगह स्थाई की जाए तथा जहां पूर्व में ऑटो स्टैंड का बोर्ड लगा हुआ था वह वापस लगवाया जाए। इस मौके पर संरक्षक दिलीप सेन, दिलीप जांगिड़, शंकर सिंह रावत, आदित्य गहलोत, मोहन सिंह रावत, सोहन सिंह, नीरू काठात, घनश्याम सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रताप सिंह, लादू सिंह, महादेव, मुकेश, राज आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

# विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर 29 को

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** श्री ओसवाल जैन श्री संघ संस्थान ब्यावर के तत्वावधान में विभिन्न रोगों का नि:शुल्क विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर का ब्यावर में आयोजन किया जा रहा है। संघ महामंत्री सुशील मेहता ने जानकारी देते हुये बताया कि श्री राजस्थान हॉस्पिटल अहमदाबाद के विशिष्ट चिकित्सकों के सहयोग से एक विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवम् परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 29.9.2024को ब्यावर में किया जायेगा। शिविर संयोजक उत्तमचन्द भंडारी ने बताया कि शिविर का आयोजन श्री महावीर भवन विनोद नगर में किया जायेगा जिसका पंजीयन उसी दिन प्रात: 8 बजे से किया जायेगा। शिविर का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा जिसमें पच्चीस से ज़्यादा बिमारियों के रोगियों को चिकित्सा परामर्श देकर लाभान्वित किया जायेगा।

# जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई मे 30 से ज्यादा परिवेदनाए सुन अधिकारियों को दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** मुख्य सचिव व जन अभियोजन निराकरण विभाग के आदेशानुसार माह के तीसरे गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के तहत जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी । जनसुनवाई के पश्चात जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक भी आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर द्वारा एक महिला को सिलाई मशीन ट्रेंनिंग दिलाने व सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों को अवरुद्ध मार्गो पर से किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। श्री कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर अस्थायी रूप से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। जनसुनवाई में अवैध अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली कनेक्शन, साफ-सफाई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित लगभग 30 से ज्यादा परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओ का त्वरित निवारण किया। परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से आमजन को बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतो के निस्तारण की औसत समय सीमा घटाएं एवं परिवेदना का प्रभावी निस्तारण कर संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाए। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि माह के प्रथम व दूसरे गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई संवेदनशीलता रखते हुए प्रभावी रूप से की जाए एवं शासन की मंशानुरूप परिवेदनाओं का ज्यादा से ज्यादा निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम सहित समस्त विभागो के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की हुई बैठक

## केकड़ी जिले के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को अतिवृष्टि से हुए नुकसान का त्वरित आंकलन करने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित हुई। जिले भर में हुई अतिवृष्टि से विभिन्न सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के संबंध में जिला कलक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को नुकसान का आंकलन करने और विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर श्रीमती श्वेता चौहान ने सरकारी कार्यालयों, सड़कों, अस्पतालों, जल निकायों, बांधों, पाइपलाइनों और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्तियों को हुए नुकसान का त्वरित मूल्यांकन करने पर जोर दिया और अधिकारियों को व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों, पुलों और पुलियाओं का भौतिक निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन करने एवं आवश्यक मरम्मत के लिए अनुमानित लागत के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों को अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे चालू और सुलभ रहें। बिजली, पानी और चिकित्सा आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाओं में किसी भी संरचनात्मक क्षति या व्यवधान पर विशेष ध्यान देने की ताकीद की गई।

# जैन धर्मावलम्बियों ने मांगी एक-दूसरे से क्षमा, हाथ जोड़कर कहा 'उत्तम क्षमा'

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** दशलक्षण पर्व के अवसर पर बुधवार को सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में क्षमा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दिगम्बर जैन मंदिरों में नित्य पूजन व जिन प्रतिमाओं के अभिषेक किए गए। शाम को क्षमा पर्व का जुलूस निकाला गया तथा विभिन्न मंदिरों में अभिषेक के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर तपस्या करने वाले तप आराधकों का समाज की ओर से बहुमान किया गया। अभिषेक के बाद जैन धर्मावलम्बियों ने परस्पर एक- दूसरे से वर्ष भर में की गई भूलों और गलतियों के लिए क्षमा मांगी। दोपहर को अजमेर रोड स्थित शांतिनाथ जिनालय से जुलूस प्रारम्भ हुआ, जो बोहरा कॉलोनी स्थित ऋषभदेव जिनालय, नेमिनाथ मंदिर, घण्टाघर स्थित आदिनाथ मंदिर, देवगांव गेट स्थित पार्श्वनाथ मंदिर, सरावगी मोहल्ला स्थित मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, गुजराती मोहल्ला स्थित शांतिनाथ मंदिर होता हुआ विद्यासागर मार्ग स्थित चन्द्रप्रभु जैन चैत्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुआ। भगवान चन्द्रप्रभु के जयघोषों के बीच श्रीजी की प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। इस मौके पर चैत्यालय परिसर में सैंकड़ों जैन धर्मावलम्बी मौजूद रहे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए दिगम्बर जैन मुनि अनुपम सागर महाराज एवं यतीन्द्र सागर महाराज ने कहा कि क्षमा वही व्यक्ति धारण कर सकता है जो समताधारी हो। क्रोध की आयु अल्प होती है, लेकिन बैर की आयु दीर्घ होती है ऐसे में जीवन में सरलता और सहजता को धारण करने वाला व्यक्ति ही उत्तम क्षमा को प्राप्त कर सकता है तथा उत्तम क्षमा कर सकता है। मानव की सफलता अहंकार में नहीं क्षमा में है।

जो व्यक्ति क्षमा मांगने व क्षमा करने की कला सीख लेता है। वह जीवन जीने की कला को जान लेता है। कार्यक्रम के दौरान सोलह उपवास करने पर सुनीता कासलीवाल, दस उपवास करने पर सुनीता बाकलीवाल, ललिता पाटनी, वर्षा जैन, शांति देवी बज, रेखा पांडया, टमू जैन, ज्ञान देवी जैन, मैना देवी जैन, प्रियंका जैन, पारस जैन, धर्मचंद जैन, चेतन जैन, अमित जैन व अभिषेक जैन एवं पांच उपवास करने पर सुरभि कासलीवाल, रुक्मिणी देवी, मिथलेश देवी, आशा देवी, मिताली जैन, अंकित पाटनी व पारस लुहाड़िया का समाज द्वारा बहुमान किया गया।

# केकड़ी में 14 वर्ष आयुवर्ग की जिला स्तरीय छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता समारोहपूर्वक सम्पन्न

## छात्रों को दी नियमित अभ्यास से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्वावधान में आयोजित 14 वर्ष आयुवर्ग की 68वीं जिला स्तरीय छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को समारोहपूर्वक सम्पन्न हुई। स्कूल प्रांगण में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता स्कूल के निदेशक अजय जैन ने की। समारोह के प्रारंभ में स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा सुनिधि जांगीड़ व ग्रुप ने अतिथियों के स्वागत में सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों ने प्रतियोगिता की विजेता टीम पहल पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय, देवलियाकलां, उपविजेता टीम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चांपानेरी तथा तीसरे स्थान पर रही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, दौलतपुरा की टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। देवलियाकलां स्कूल के खिलाड़ी लक्की बैरवा को सर्वश्रेष्ठ बॉलर और दौलतपुरा स्कूल के खिलाड़ी सिद्धार्थ भाट को सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। स्कूल के निदेशक अजय जैन द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य एस एन खण्डेलवाल, उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा व शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण गुर्जर व प्रतियोगिता के तकनीकी सलाहकार कृष्ण गोपाल मीणा सहित कई शिक्षकगण मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक अन्य हुआ घायल

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (नि.स.)।** केकड़ी जिले में सिटी थाना इलाके के धुंवालिया गांव के निकट एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक ग्राम केसरपुरा के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात को केसरपुरा निवासी दो युवक बाइक पर सवार होकर केकड़ी से गांव जा रहे थे। इसी दौरान देर रात को जयपुर-भीलवाड़ा राजमार्ग पर धुंवालिया गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में केसरपुरा निवासी नंदकिशोर पुत्र सत्यनारायण नायक उम्र 22 वर्ष व महेश नायक पुत्र कैलाश नायक उम्र 27 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को केकड़ी के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर केकड़ी सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद नंदकिशोर नायक को गंभीर हालत होने पर अजमेर एवं महेश नायक को फैक्चर होने की वजह से देवली के लिए रेफर कर दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को

## वृद्धजन कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान एवं वरिष्ठजनों को किया जाएगा सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(नि.स.)।** प्रतिवर्ष की भांति दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर राज्य-स्तरीय समारोह में वृद्ध कल्याण, सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे वृद्धजन कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान एवं वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जायेगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी धौलपुर ने बताया कि आवेदन करने के इच्छुक व्यक्ति, स्वयं सेवी संस्था, कार्यालय, एजेंसियां कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी आर.ए.सी. लाईन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर में 23 सितम्बर तक आवेदन कार्यालय में जमा करा सकते हैं।




# चेन्नई टेस्ट के पहले दिन भारत 339/6

## अश्विन का शतक, जडेजा के साथ 195 रन की पार्टनरशिप की, हसन महमूद को 4 विकेट;

**चेन्नई (एजेंसी)।**

भारत-बांग्लादेश के बीच पहले चेन्नई टेस्ट के पहले दिन भारत ने 6 विकेट खोकर 339 रन बना लिए। टीम ने एक समय 144 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन यहां से रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने नाबाद 195 रन की पार्टनरशिप कर दी। अश्विन ने होम ग्राउंड पर सेंचुरी लगाई, जबकि जडेजा 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

भारत से पहले दिन यशस्वी जायसवाल ने 56, ऋषभ पंत ने 39 और केएल राहुल ने 16 रन बनाए। रोहित शर्मा और विराट 6-6 रन बनाकर आउट हुए, वहीं शुभमन गिल खाता भी नहीं खोल सके। बांग्लादेश से हसन महमूद ने 4 विकेट लिए। 1-1 सफलता मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा को मिली। दूसरे दिन का खेल कल सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

# भारत की बदौलत टेस्ट खेल सका बांग्लादेश

## आईसीसी के इंडियन चेयरमैन ने स्टेटस दिलाया, इंग्लैंड नहीं माना तो भारत ने खेला पहला मैच

**नई दिल्ली।** 1990 तक बांग्लादेश में क्रिकेट दूसरा सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल था। फुटबॉल पहले नंबर पर था। वहां की क्रिकेट टीम 1996 तक एसोसिएट देशों में भी टॉप पर नहीं थी, लेकिन इसके 4 साल बाद ही बांग्लादेश को टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा मिल गया।

2000 के दौरान एसोसिएट देशों में केन्या का दावा बांग्लादेश से मजबूत था, लेकिन केन्या को टेस्ट का दर्जा नहीं मिल सका। अब 2024 में केन्या का क्रिकेट पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है, जबकि बांग्लादेश टीम न्यूजीलैंड और पाकिस्तान जैसे देशों को हराकर आज से भारत के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने उतर रही है।

### भारत-बांग्लादेश के पहले डे-नाइट टेस्ट की कहानी

1996 में देखा टेस्ट क्रिकेट का सपना 1971 में पाकिस्तान से अलग होने के बाद बांग्लादेश अलग देश बना। 1986 में बांग्लादेश ने वनडे क्रिकेट खेलना शुरू किया, लेकिन अगले 10 साल देश कुछ खास नहीं कर सका। एसोसिएट देशों के बीच होने वाली आईसीसी ट्रॉफी में टीम केन्या, आयरलैंड और स्कॉटलैंड जैसी टीमों से भी जीत नहीं पा रही थी।

1996 में साबेर हुसैन चौधरी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट बने। उन्होंने देश को टेस्ट क्रिकेट का दर्जा दिलाने का जिम्मा उठा लिया। 1997 में टीम ने भी परफॉर्म किया और केन्या को हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीत ली। जिसके चलते बांग्लादेश को वनडे टीम का दर्जा भी मिल गया और उन्होंने 1999 वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया।




2 टूर्नामेंट होस्ट किए, डालमिया को मनाया वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने के बाद साबेर हुसैन ने 1998 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी ली। देश ने फिर एशियन टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी होस्ट किया। दोनों मेजबानी आईसीसी के प्रेसिडेंट जगमोहन डालमिया की वजह से मिलीं। साबेर ने फिर डालमिया से बांग्लादेश को टेस्ट क्रिकेट का दर्जा दिलाने की बात भी की। डालमिया भी बांग्लादेश क्रिकेट का विकास चाह रहे थे। बंगाल से ही होने के कारण डालमिया का रुझान बांग्लादेश की ओर कुछ ज्यादा था। साबेर ने फिर डालमिया के सपोर्ट से आईसीसी मीटिंग में वोटिंग कराई कि उन्हें टेस्ट स्टेटस मिलना चाहिए या नहीं। बांग्लादेश को 3 ही वोट की उम्मीद थी, लेकिन भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज ने भी उन्हें सपोर्ट कर दिया।

45 मिनट प्रेजेंटेशन के बाद मिला टेस्ट स्टेटस 26 जून 2000 को आईसीसी की एनुअल मीटिंग हुई, यहां साबेर हुसैन को उनका पक्ष रखने का मौका मिला। उन्होंने 45 मिनट की प्रेजेंटेशन दी और बताया कि बांग्लादेश को टेस्ट खेलने का दर्जा क्यों मिलना चाहिए। साबेर को इस बार 7 वोट की उम्मीद थी, लेकिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी उनके सपोर्ट में वोट किया और बांग्लादेश को सभी 9 वोट मिल गए।

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास, पहली बार साउथ अफ्रीका को हराया: पहला वनडे 6 विकेट से जीता; अफ्रीकी टीम को 106 पर समेटा

**शारजाह (एजेंसी)।**

अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए साउथ अफ्रीका को इंटरनेशनल के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार हरा दिया है। बुधवार को शारजाह के मैदान पर पहले वनडे में टीम ने साउथ अफ्रीका को 106 रन पर ऑलआउट किया। फिर 26 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल भी कर लिया।

अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 4, अल्लाह घजनफर ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। बैटिंग में गुलबदीन नईब ने 34 और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 25 रन बनाकर टीम को आसानी से जीत दिला दी। इसी के साथ अफगानिस्तान से 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को तीनों फॉर्मेट में पहली बार ही हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 2 वनडे खेले गए थे। सभी में साउथ अफ्रीका को जीत मिली थी। अफगानिस्तान ने अब इतिहास पलटा और साउथ अफ्रीका को हरा दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप की हार का हिसाब बराबर किया दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल 26 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में आमने-सामने हुई थीं। तब साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 56 रन पर ऑलआउट कर दिया था। साउथ अफ्रीका ने फिर 9 ही ओवर में मुकाबला जीत लिया था। अफगानिस्तान ने अब हिसाब बराबर किया और साउथ अफ्रीका को वनडे में 106 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 26 ही ओवर में मैच भी जीत लिया।

वायन मुल्डर ने लगाई फिफ्टी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 36 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए। टोनी डी जॉर्जी 11, काइल वेरियन 10 और रीजा हेंड्रिक्स 9 ही रन बना सके। 3 बैटर खाता भी नहीं खोल सके, जबकि कप्तान ऐडन मार्करम 2 ही रन बना पाए।




वायन मुल्डर ने फिर फिफ्टी लगाई और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। उनके साथ बोर्न फोर्च्यून ने 16 रन बनाए। नांद्रे बर्गर ने एक रन बनाया, जबकि लुंगी एनगिडी खाता भी नहीं खोल सके। टीम 33.3 ओवर में 106 रन ही बना सकी।

फारूकी को 4 विकेट अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर अल्लाह घजनफर ने महज 20 रन देकर 3 विकेट झटक लिए। जबकि राशिद खान ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

अफगानिस्तान की भी खराब शुरुआत 107 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 35 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। रियाज हसन 16 और रहमत शाह 8 ही रन बना सके, रहमानुल्लाह गुरबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। टीम का स्कोर 50 रन के पार ही पहुंचा था कि कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी भी 16 रन बनाकर आउट हो गए।

ओमरजई-गुलबदीन ने जीत के पार पहुंचाया 60 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई और गुलबदीन नईब ने अफगानिस्तान को संभाला। दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया और 26 ओवर में जीत दिला दी। ओमरजई 25 और नईब 34 रन बनाकर नॉटआउट रहे। साउथ अफ्रीका से बोर्न फोर्च्यून ने 2 विकेट लिए। जबकि ऐडन मार्करम और लुंगी एनगिडी को 1-1 सफलता मिली।

दूसरा वनडे 20 सितंबर को पहले वनडे में जीत के साथ अफगानिस्तान ने 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 20 सितंबर को शारजाह में ही खेला जाएगा। फिर तीसरा मैच 22 सितंबर को शारजाह में ही होगा।

# भारत चेस ओलिंपियाड की दोनों कैटेगरी में टॉप पर

## ओपन कैटेगरी में चीन को हराया, लड़कियों ने जॉर्जिया को दी मात

**नई दिल्ली**

फिडे चेस ओलिंपियाड 2024 में भारत सात राउंड पूरा होने के बाद ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में 14 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। बुधबार को सातवें राउंड में ओपन कैटेगरी में 4 मैच खेले गए। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने चीन के वेई यी पर शानदार जीत हासिल की। उनकी इस जीत की बदौलत भारत ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। वहीं तीन मैच ड्रॉ रहें।

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में खेले जा रहे टूर्नामेंट में चार राउंड खेलने बाकी हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा।

विमेन टीम ने जॉर्जिया पर 3-1 से जीत दर्ज की वहीं, भारतीय विमेन टीम बुधवार को 45वें चेस ओलिंपियाड में जॉर्जिया पर 3-1 की शानदार जीत के साथ अपना जीत का अभियान जारी रखा है। चार मैचों में ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने लेला जावाखिशविली और वंतिका अग्रवाल ने बेला खोतेनाश्विली को हराया। हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख का मैच ड्रॉ रहा।



1,884 खिलाड़ी हिस्सा ले रहें 11 सितंबर से शुरू हुआ यह ओलिंपियाड 22 सितंबर तक चलेगा। शतरंज के इस ओलिंपियाड में 195 देश ओपन और 181 देश विमेन कैटेगरी में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 1,884 खिलाड़ी (975 ओपन में 909 विमेन में) हिस्सा हैं।

1924 में पहली बार खेला गया था चेस ओलिंपियाड चेस ओलिंपियाड एक शतरंज टूर्नामेंट है, जिसमें दुनिया भर के देशों की टीमें हिस्सा लेती हैं। यह पहली बार 1924 में खेला गया। स्न्ढ्ष्ठश्व इस टूर्नामेंट का आयोजन करता है। यह टूर्नामेंट हर दो साल पर आयोजित किया जाता है। साल 2022 में पहली बार भारत में चेस ओलिंपियाड का आयोजन किया गया था। यह टूर्नामेंट चेन्नई में हुआ था।

सोवियत यूनियन के पास सबसे ज्यादा 18 गोल्ड मेडल हैं। अमेरिका और रूस दोनों के पास 6-6 गोल्ड हैं। कोविड-19 के दौरान साल 2020 और 2021 में ऑनलाइन चेस ओलिंपियाड आयोजित किया गया था। भारत एक बार ब्रॉन्ज जीता है।

**स्वास्थ्य समाचार**

# रात में सोने से पहले बालों को कंघी करने से मिलते हैं फायदे

**बालों की सही देखभाल न करने की वजह से लोगों में बाल झड़ने की समस्या होती है। हेयर केयर रूटीन सही न होने पर आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी वजह से आपकी खूबसूरती पर भी असर पड़ता है। बालों को हेल्दी, मजबूत और समस्याओं से मुक्त रखने के लिए बालों की सही ढंग से केयर जरूर करनी चाहिए। बालों में कंघी करने से आप बालों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं। सही ढंग से बालों में कंघी अकरने से आपको कई फायदे मिलते हैं। हालांकि बालों में कंघी करने को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रामक बातें भी प्रचलित हैं। महिलाओं को अक्सर यह कहा जाता था कि रात के समय बालों में कंघी बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए। ऐसा कहा जाता था कि इस बात का शास्त्रों में जिक्र है। यह बात एक मिथ के अलावा कुछ भी नहीं है। बालों में सही ढंग से कंघी करने स आपको कई फायदे मिलते हैं। रात में सोने से पहले बालों में कंघी करना भी बहुत फायदेमंद होता है।**

**रात में कंघी करने के फायदे :** रात में बालों में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। रात के समय बालों में बिना कंघी किये सोने से सुबह में आपके बाल उलझे हुए होते हैं। उलझने की वजह से बाल जल्दी टूटते हैं और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए रात में सोने से पहले कंघी करना फायदेमंद माना जाता है।

**बालों को टूटने से बचाता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आप बालों को टूटने से बचा सकते हैं। रात में लोग अक्सर बालों को खुला रखकर सोते हैं। सोते समय बाल आपस में उलझ जाते हैं और इसके बाद कंघी करने से आपके बाल बहुत ज्यादा टूटते हैं। बालों को टूटने से बचाने और कमजोर होने से रोकने के लिए रात में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**ब्लड सर्कुलेशन ठीक होता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आपके स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है। इससे आपके बाल की जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की जड़ों में ऑक्सीजन की सप्लाई भी सही ढंग से हो पाती है। बालों की जड़ों को पोषण मिलने से आपके बाल हेल्दी और मजबूत रहते हैं।

**बालों की चमक बढ़ती है :** रात में सोने से पहले कंघी करने से आपके बालों की चमक बढ़ती है। उलझे हुए होने के कारण आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी चमक भी कम हो जाती है। बालों में सही ढंग से कंघी करने से आपको बहुत फायदे मिलते हैं। बालों की चमक बरकरार रखने के लिए आपको रात में सोने से पहले सही ढंग से कंघी जरूर करनी चाहिए।

**डैंड्रफ की समस्या में मिलता है फायदा :** बालों में गंदगी इकट्ठा होने के कारण आपको डैंड्रफ या रूसी की समस्या हो सकती है। रात में सोने से पहले सही ढंग से कंघी करने से आपके बालों में उलझी हुई गंदगी दूर होती है और इससे आपको रूसी की समस्या में भी फायदा मिलता है।

# पेट में दर्द और जलन को कम करने के लिए घरेलू उपाय

आजकल की लाइफस्टाइल में लोगों के पास खाने-पीने का पर्याप्त समय नहीं है। लोगों को जब भी वक्त मिलता है वो जंक फूड्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं। पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेट दर्द, गैस, लूज मोशन जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। पेट में दर्द और जलन की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं।

**गुड़ का सेवन करें :** अगर आपको खाना खाने के बाद पाचन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो आप नियमित तौर पर गुड़ का सेवन करें। गुड़ में आयरन और क्लोरीन भरपूर मात्रा में होते हैं इसके अलावा इसमें कई प्रकार के विटामिंस और मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने का काम करता है। पेट में जलन, गैस और दर्द जैसी समस्याओं में गुड़ का सेवन करते समय इसे चबाकर न खाएं बल्कि इसे टॉफी की तरह चूसते रहें।



**एलोवेरा जूस :** पेट में जलन, कब्ज, उल्टी और पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में एलोवेरा जूस सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। एलोवेरा जूस विटामिन बी, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, कॉपर, सोडियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करने से आंत में पानी का स्तर बढ़ता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आप खाना खाने के बाद या सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन कर सकते हैं।

**सौंफ का पानी :** सौंफ का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है।

खाना खाने के बाद जिन लोगों पचाने में परेशानी और पेट में दर्द जैसी समस्या होती है उन्हें नियमित तौर पर सौंफ का पानी की सलाह दी जाती है। सौंफ का पानी बनाने के लिए 2 से 3 चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। पेट में जलन और दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए आप सुबह खाली पेट सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं।

**पुदीने का पानी :** पुदीने को सेहत का खजाना माना जाता है। पुदीने में मौजूद मेन्थॉल आंतों में मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके पेट में दर्द, सूजन, कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। पेट में जलन और दर्द जैसी प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए पुदीने के पानी का सेवन करना अच्छा माना जाता है। नियमित तौर पर आप सुबह खाली पेट पुदीने के पानी का सेवन कर सकते हैं।

# ज्यादा स्क्रब करने से स्किन को हो सकते हैं ये नुकसान

**स्किन पर स्क्रब करने के फायदों के बारे में आपने कई बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं स्किन पर ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा को कई तरह के नुकसान भी हो सकते हैं? स्क्रब स्किन के लिए जरूरी तो होता है लेकिन कई बार ये स्किन को क्षतिग्रस्त भी कर सकता है। स्क्रब करते समय कई बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। कई बार ठीक से स्क्रब नहीं करने के कारण त्वचा खराब भी हो सकती है।**

**पिंपल्स की समस्या :** ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं- जैसे पिंपल्स, दाने निकलना और इंफेक्शन होना आदि। कई बार लोग स्किन पर पिंपल्स होने पर भी त्वचा पर स्क्रब का इस्तेमाल करने लगते हैं, जिस कारण त्वचा को काफी नुकसान पहुंचता है। स्क्रब के दाने त्वचा को छील भी सकते हैं। इसलिए अगर आपको चेहरे पर पिंपल्स या दाने की समस्या है, तो स्क्रब करते समय सावधानी बरतें।

**फेस का कलर डार्क होता है :** स्किन पर ज्यादा स्क्रब करने से फेस का रंग डार्क होने लगता है। स्क्रब करने का फायदा तभी होता है जब आप इसे ठीक से इस्तेमाल करें। ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा पर



डार्क स्पॉट की समस्या भी हो सकती है। चेहरे पर ज्यादा स्क्रब करने से स्किन का ग्लो भी कम होने लगता है।

**मॉइश्चर की कमी :** ज्यादा स्क्रब करने से स्किन पर मॉइश्चर की कमी होने लगती है। ज्यादा स्क्रब करने से स्किन का नैचुरल माइस्चर चला जाता है, जिससे स्किन ड्राई हो जाती है। ये मॉइश्चर स्किन को चमकदार बनाने के साथ स्किन की रंगत को भी सुधारता है। लगातार स्क्रब करने से स्किन रूखी नजर आती है।

**त्वचा में लालिमा और सूजन की समस्या :** ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा में लालिमा और सूजन की समस्या भी हो सकती है। स्क्रब का चुनाव अगर आपने अपनी स्किन के अनुसार नहीं किया है, तो यह स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। स्क्रब का इस्तेमाल स्किन टाइप के अनुसार ही करें। इसके अलावा स्क्रब को हफ्ते में 2 बार से ज्यादा न लगाएं।

**त्वचा में इंफेक्शन की समस्या :** चेहरे पर ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा में इंफेक्शन की समस्या भी हो सकती है। कई बार हम स्क्रब इतने टाइट हाथों से करते हैं, जिसके कारण त्वचा में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है। इस समस्या से बचने के लिए हल्के हाथों से चेहरे पर स्क्रब करें। साथ ही अगर आप घरेलू स्क्रब का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो स्क्रब बहुत हार्ड नहीं होना चाहिए। स्क्रब को हल्का दरदरा ही रखें।

# अमिताभ को दर्द में देख रो पड़ी थीं इंदिरा गांधी : कुली हादसे के बाद अस्पताल मिलने पहुंची थीं, एक्टर ने कहा था- आंटी बहुत दर्द हो रहा है

26 जुलाई 1982 को फिल्म कुली की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन के साथ दर्दनाक हादसा हुआ था। को-स्टार पुनीत इस्सर ने शूटिंग के दौरान उन्हें जोरदार घूंसा मारा था, जिससे वो टेबल पर जा गिरे थे। उन्हें अंदरूनी चोट आई थी, जिसके चलते वो कई दिनों तक ढ्ढष्ट में रहे थे। इस दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी उनसे मिलने अस्पताल पहुंची थीं। अमिताभ उस दौरान दर्द में थे, जिससे जुड़ा एक किस्सा जया बच्चन के पिता तरुण कुमार भादुड़ी ने अपने लेख में शेयर किया था। उनके अनुसार, अमिताभ को दर्द में देख इंदिरा गांधी भी रो पड़ी थीं।

लेख के अनुसार, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जब अमिताभ बच्चन से मिलने ढ्ढष्ट पहुंचे, तो अमिताभ ने उनसे कहा था, आंटी बहुत दर्द हो रहा है, नींद भी नहीं आती मुझे। ये सुतने ही इंदिरा गांधी रो पड़ीं। इस समय राजीव गांधी ने उन्हें संभाला। खुद को संभालने के बाद इंदिरा गांधी ने अमिताभ बच्चन से कहा था, कोई बात नहीं बेटा, मुझे भी कई बार नींद नहीं आती, लेकिन जब आती है तो आराम मिलता है। तुम भी जल्दी सो जाओगे, फिर दर्द नहीं होगा। इतना कहते ही इंदिरा गांधी वॉर्ड से बाहर आईं और उन्होंने पीने के लिए पानी मांगा।

तरुण भादुड़ी ने अपने लेख में बताया था कि अस्पताल से घर आने के बाद अमिताभ बच्चन ने तमाम देशवासियों का आभार व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था, इस दिन को हमेशा याद रखूंगा। उनकी सलामती में देशभर के लोग हवन और पूजा करवा रहे थे। अखबारों में उन दिनों आर्टिकल छपते थे, जिनमें लिखा जाता था कि अमिताभ के लिए दुआ करें।


डॉक्टर्स ने दे दिया था जवाब, कोमा में रहे थे 26 जुलाई 1982 को अमिताभ बच्चन कुली फिल्म के लिए बेंगलुरु में एक एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे थे। शॉट की डिमांड के अनुसार पुनीत इस्सर को अमिताभ को मुक्का मारना था और उन्हें टेबल पर जाकर गिरना था। ये काम बॉडी डबल का था, लेकिन अमिताभ ने परफेक्शन के लिए खुद इसे शूट किया। मुक्का तेज लगा जिससे टेबल का एक कोना अमिताभ के पेट पर लग गया। खून नहीं आया था, लेकिन दर्द से बिग बी का बुरा हाल था।

अस्पताल गए तो डॉक्टर्स सही कारण नहीं समझ सके। पेन किलर के सहारे बिग बी ने दो दिन काटे, लेकिन जब दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर उन्हें बेंगलुरु के सेंट फिलोमेना हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। एक्स-रे हुआ लेकिन अब भी सही कारण नहीं पता चल सका। कई टेस्ट हुए, लेकिन जब चोट का ही पता नहीं चला तो इलाज कैसे होता।

तीसरे दिन जब दर्द असहनीय हुआ तो डॉक्टर्स ने दोबारा एक्स-रे कर इसे बारीकी से एग्जामिन किया। देखा कि एक्स-रे में डायफ्राम के नीचे गैस दिख रही थी, जो लीकेज का संकेत थी। दरअसल चोट लगने से अमिताभ की अंतड़ियां फंट गई थीं और सही समय पर इलाज न मिलने पर इंफेक्शन फैल चुका था। चौथे दिन जाने माने सर्जन एच.एस.भाटिया ने अमिताभ का केस देखा और तुरंत ऑपरेशन का सुझाव दिया।

ऑपरेशन से पहले अमिताभ को 102 बुखार हो गया और उनकी हार्टबीट 72 की जगह 180 हो गई। ऑपरेशन हुआ तो देखा कि अंदर से आंतें फंट चुकी हैं। ऐसी कंडीशन में 3-4 घंटे जिंदा रहना भी मुश्किल था, लेकिन वो 4 दिनों से जूझ रहे थे। चौथे दिन बिग बी कोमा में चले गए। दो ऑपरेशन हुए और दो महीनों तक उन्हें हॉस्पिटल में रखा गया।

हादसे से पहले ही अमिताभ बच्चन को लिवर की समस्या थी और साथ ही वो अस्थमैटिक भी थे। ऑपरेशन के अगले ही दिन उन्हें निमोनिया हुआ जिससे हालत और बिगड़ गई। बेंगलुरु में इलाज के बाद उन्हें एयरबस से मुंबई लाया गया था। क्रेन से उन्हें ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में स्ट्रेचर पर शिफ्ट किया गया था। 8 अगस्त को उनका दोबारा ऑपरेशन हुआ। अस्पताल के बाहर उनके चाहने वालों की चौबीसो घंटे भीड़ रहती थी। पूरे देश में कहीं पूजा करवाई जा रही थी तो कहीं यज्ञ। जया बच्चन खुद भी अमिताभ की सलामती के लिए सिद्धि विनायक गई थीं, लेकिन जब वो पहुंचीं तो देखा कि उनसे पहले ही कई लोग बिग बी के लिए वहां पूजा कर रहे थे। लोगों की दुआएं रंग लाईं।



## 10 सेकेंड का ऐड बनाने में लगते हैं महीनों

### अक्षय-अमिताभ सरकारी विज्ञापन के पैसे नहीं लेते; पान मसाला के ऐडवर्टाइजमेंट पर 50 करोड़ का खर्च



**टीवी पर आप पान मसाला का ऐड देखते हैं, इसे बनाने में 50 करोड़ से भी ज्यादा का खर्च आता है। इतने बजट में एक फिल्म भी बन सकती है। एक ऐड फिल्म अमूमन 10 से 30 सेकेंड के बीच होती है, लेकिन इसे बनाने में महीनों लग जाते हैं। वहीं इस 10 सेकेंड के ऐड को एक बार चैनल पर टेलिकास्ट करने का चार्ज 50 रुपए से 5 लाख रुपए तक होता है।**

रील टु रियल के नए एपिसोड में ऐड फिल्मों की मेकिंग प्रोसेस पर बात करेंगे। इसके लिए हमने फेमस ऐड फिल्म मेकर प्रभाकर शुक्ला से बात की। एक ऐड फिल्म बनाने में 25 लाख से 50 करोड़ का खर्च प्रभाकर ने कहा कि आमतौर पर एक अच्छी ऐड फिल्म बनाने में 25-30 लाख रुपए का खर्च आता है। जिन ऐड फिल्मों में बड़े स्टार होते हैं और ङ्कस्नङ्ग-स्पेशल इफेक्ट्स का इस्तेमाल ज्यादा किया जाता है, उनका बजट करोड़ों में होता है। जैसे कि पान मसाले के ऐड में बड़ी स्टार कास्ट होती है। इसका बजट 50 करोड़ या इससे ज्यादा भी हो सकता है, क्योंकि इसमें स्टार कास्ट की फीस भी शामिल होती है।

प्रभाकर ने कहा कि शाहरुख खान, अजय देवगन और अक्षय कुमार फीचर्ड पान मसाले के ऐड को बनाने में 50 करोड़ से ज्यादा का खर्च आया था। इतने में एक अच्छी-खासी फिल्म बन जाएगी।

सरकार की तरफ से पान मसाला या शराब के ऐड की इजाजत नहीं क्या सरकार पान मसाला या शराब पर ऐड फिल्म बनाने की परमिशन देती है? प्रभाकर ने कहा, नहीं, सरकार की तरफ से परमिशन नहीं होती। ऐसे में ये कंपनियां पान मसाले को इलायची और शराब को सोडा वॉटर बताकर प्रचार कराती हैं। इसे सरोगेट ऐडवर्टाइजमेंट कहते हैं।'

इमेज का हवाला देकर ऐसे विज्ञापन करने से बचते हैं स्टार्स पहले एक्टर्स आसानी से शराब और पान मसाले का प्रचार करते थे। बाद में काफी आलोचना झेलनी पड़ी, जिसकी वजह से अब ज्यादातर स्टार्स इसे अवॉयड ही करते हैं। अच्छी फीस मिलने के बाद भी एक्टर्स अपनी इमेज का हवाला देकर इसमें काम करने से मना कर देते हैं। अक्षय कुमार को तो बाकायदा स्टेटमेंट जारी कर माफी मांगनी पड़ी थी। अक्षय ने कहा था कि वे आगे से इन ब्रांड्स (पान मसाला) के ऐड करने से बचेंगे।

तीनों खान की फीस सबसे ज्यादा, अक्षय-अमिताभ फ्री में करते हैं सरकारी विज्ञापन प्रभाकर ने बताया कि इस वक्त फिल्म इंडस्ट्री से तीनों खान यानी शाहरुख, सलमान और आमिर ऐड फिल्म करने के सबसे ज्यादा पैसे चार्ज करते हैं। कभी-कभी ये जिस ब्रांड का ऐड करते हैं, उसमें इक्विटी या शेयर भी ले लेते हैं।

दूसरी तरफ अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार ऐसे दो सेलिब्रिटीज हैं, जो सरकारी विज्ञापन के लिए पैसे नहीं लेते। वे फ्री में इनके लिए ऐड फिल्म करते हैं। अमिताभ बच्चन का पोलियो और अक्षय कुमार का धूम्रपान निषेध वाला ऐड इसके उदाहरण हैं।

10 सेकेंड के ऐड को एक बार टेलिकास्ट करने का चार्ज 5 लाख रुपए तक प्रभाकर ने बताया कि ऐड फिल्म को टेलिकास्ट करने के लिए चैनल वाले पैसे लेते हैं। हर चैनल अलग-अलग फीस चार्ज करते हैं। कुछ चैनल 10 सेकेंड के ऐड को एक बार टेलिकास्ट करने के लिए 100 रुपए तो कुछ 50 रुपए फीस चार्ज करते हैं। कुछ चैनल 10 सेकेंड के ऐड को एक बार दिखाने के लिए 5 हजार रुपए तक भी चार्ज करते हैं। इस तरह चैनल वाले दिन भर में कई बार ऐड दिखाते हैं। जितनी बार दिखाएंगे, उतना ज्यादा पैसा उन्हें ब्रांड की तरफ से मिलता है।

जिन चैनल्स पर क्रिकेट मैच की लाइव स्ट्रीमिंग होती है, वहां 10 सेकेंड का ऐड दिखाने के लिए 3-5 लाख रुपए चार्ज किए जाते हैं।जिन शोज की टीआरपी बहुत ज्यादा होती है, उनकी स्ट्रीमिंग के दौरान 10 सेकेंड की ऐड फिल्म को दिखाने का चार्ज 3-4 लाख रुपए तक होता है।

## कंगना को इमरजेंसी की रिलीज रुकने से हुआ आर्थिक नुकसान

### बोलीं, फिल्म में सारी जमापूंजी लगा दी थी, इसी वजह से बेचना पड़ा बंगला

**फिल्म इमरजेंसी की रिलीज रुकने से कंगना रनोट को काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। यही वजह है कि उन्हें पिछले दिनों अपना मुंबई स्थित बंगला बेचना पड़ा है। कंगना ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया।**

न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में कंगना ने कहा, मेरी फिल्म रिलीज होने वाली थी तो मैंने उसमें अपनी पर्सनल जमापूंजी लगा दी थी। अब वो रिलीज नहीं हो पाई तो क्या करती। प्रॉपर्टी ऐसे ही समय में काम आती है, इसलिए मुझे बंगला बेचने का डिसीजन लेना पड़ा।

कंगना ने जिस मुंबई स्थित बंगले को बेचा है, उसे वो अपने प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स के ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल करती थीं। इसे उन्होंने 32 करोड़ में कोयंबटूर की श्वेता बथीजा को बेचा है। इसे बेचकर उन्हें 12 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ है। ये प्रॉपर्टी मुंबई के पाली हिल, बांद्रा जैसे पॉश इलाके में है। इसे कंगना ने 2017 में 20 करोड़ रुपए में खरीदा था।

बीएमसी ने की थी तोड़फोड़ पाली हिल स्थित कंगना की यह वही प्रॉपर्टी है जिसको सितंबर 2020 में बीएमसी ने नुकसान पहुंचाया था। तब अनाधिकृत निर्माण के आधार पर उनके बंगले में तोड़फोड़ की गई थी।

'इमरजेंसी' को मिला यूए सर्टिफिकेट वर्कफ्रंट पर कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' को कुछ बदलावों के बाद सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है। इस फिल्म के कई सीन पर सीबीएफसी ने आपत्ति जताई थी। अब यह फिल्म कई कट और बदलावों के बाद कुछ ही हफ्तों में रिलीज की जाएगी। पहले ये 6 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी।



## नकली हंसी पर ट्रोल हुईं अर्चना पूरन सिंह

### जवाब में कहा- मैं समझदार और पढ़ी-लिखी हूं, कॉमेडी की भी अच्छी समझ रखती हूं

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का दूसरा सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। पहले सीजन को ऑडियंस से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। शो की जज अर्चना पूरन सिंह, जो अपनी हंसी और मस्ती के लिए जानी जाती हैं, सोशल मीडिया पर फेक लाफ के आरोपों का सामना भी कर चुकी हैं। इन ट्रोल्स और शो के बारे में अर्चना ने दैनिक भास्कर से बातचीत की और अपनी बात रखी।

#### कॉमेडी की अच्छी समझ रखती हूं

अर्चना ने कहा, पहले शो कॉमेडी सर्कस में मेरा लाफ्टर कुछ कमजोर पंच पर डाल दिया जाता था, जिससे लोगों को ऐसा लगने लगा कि मैं किसी भी जोक पर हंसने लगती हूं। मेरी हंसी नकली है। लेकिन ऐसा नहीं है। मैं एक समझदार और पढ़ी-लिखी औरत हूं। कॉमेडी की अच्छी समझ रखती हूं। अगर आप कपिल शर्मा शो देखेंगे, तो एक भी जगह ऐसा नहीं होगा कि कोई मजाक फनी नहीं हो और फिर भी मैं हंस रही हूं।

#### शो वाकई में मजेदार है

अर्चना ने आगे कहा, लोग ट्रोल करते हैं, पर मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शो वाकई में मजेदार है। मेरा काम ये है कि मैं हर किरदार को सराहूं क्योंकि इसमें बहुत मेहनत लगी होती है। मेरे लिए हंसना, मुस्कुराना और एक्ट को दिल से एन्जॉय करना इस काम का हिस्सा है।



#### कपिल शर्मा शो का जो बेसिक ढांचा है, वो वही रहेगा

पहले सीजन को मिली-जुली प्रतिक्रियाओं पर अर्चना ने कहा, देखिए, कपिल शर्मा शो का जो बेसिक ढांचा है, वो वही रहेगा। ये शो का फॉर्मैट है। अब अगर ऑडियंस बोल रहे हैं कि ये पुराना लग रहा है, तो नया लाने के लिए हम कहां से कुछ बिल्कुल अलग लाएं? पिछले सीजन में हमने सबसे बड़ा सरप्राइज- सुनील ग्रोवर लाया। लोग सवाल करते हैं कि इस सीजन में नया क्या है? और आप कुछ नया क्यों चाहते हैं? इसका जवाब यहीं है कि ऑडियंस कपिल शर्मा शो देखना चाहते हैं, तो उसकी अपनी कुछ बुनियाद है, कुछ पिलर्स हैं, जो बहुत अच्छे से काम करते हैं। अर्चना ने आगे बताया कि शो में कुछ नया और पुराना बैलेंस करना कितना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, हम कई बार लोगों से मिलते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि वो करो जो पहले करते थे, हमें वही चाहिए। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग कहते हैं, नया करो। हमें दोनों तरह के ऑडियंस को ध्यान में रखते हुए बैलेंस बनाए रखना होता है- थोड़ा नया जोड़ें और थोड़ा वही रखें, जो पहले देखा और पसंद किया गया है। शो का एक फॉर्मेट है और हम उसी को फॉलो कर रहे हैं।

**शो की क्रिएटिव टीम बहुत शानदार है**-क्रिएटिव टीम की तारीफ करते हुए अर्चना ने कहा, शो की क्रिएटिव टीम बहुत शानदार है। वो हर पहलू पर विचार करती है और ध्यान रखती है कि शो सभी ऑडियंस की उम्मीदों पर खरा उतरे।

## ऋतिक-सुजैन की शादी टूटने पर बोले जायद खान : मुंबई में शादी टिकना मुश्किल, यहां भटकाव हैं, हमारे परिवारों ने कभी एक-दूसरे पर कीचड़ नहीं उछाला

एक्टर जायद खान ने बहन सुजैन खान के ऋतिक रोशन से तलाक के बारे में बात की है। दोनों ने 2014 में तलाक लिया था। जायद ने कहा कि उस समय दोनों के परिवारों ने एक-दूसरे को काफी सपोर्ट किया था।

**दोनों परिवारों ने ऋतिक-सुजैन को सपोर्ट किया**-सुभोजित घोष को दिए इंटरव्यू में जायद ने कहा कि शादी सर्वाइव करने के लिए मुंबई एक मुश्किल जगह है। यहां काफी भटकाव हैं। जायद बोले, हमारी काफी मॉडर्न फैमिली है। अगर दो लोग एक-दूसरे का साथ नहीं चाहते हैं तो सबको ये बात समझनी चाहिए और उन्हें सपोर्ट करना चाहिए।

जो कुछ भी हुआ, हमारे परिवारों ने कभी एक-दूसरे पर कीचड़ नहीं उछाला और न ही कभी किसी के बारे में बुरा कहा। मैं ऋतिक के अब भी काफी क्लोज हूं। वो बहुत अच्छे इंसान हैं। तलाक के बाद सुजैन को अर्सलान और ऋतिक को सबा मिलीं। दोनों के नए पार्टनर्स भी बहुत अच्छे लोग हैं। लाइफ ऐसे ही आगे बढ़ती है।

तलाक के बाद बहन सुजैन की ट्रोलिंग पर जायद ने कहा, आपको मोटी चमड़ी का होना पड़ता है। ये बात अहम होती है कि आपकी फैमिली आपको इस दौरान कितना इमोशनल सपोर्ट करती है। हमारी फैमिली उस दौरान चट्टान की तरह खड़ी रही। इसके अलावा मेरे पास कहने को कुछ नहीं।

**बच्चों की को-पेरेंटिंग कर रहे हैं ऋतिक-सुजैन**-ऋतिक की शादी सुजैन खान से साल 2000 में हुई थी। दोनों ने 2014 में तलाक ले लिया था। ऋहान और ऋदान दोनों सुजैन और ऋतिक के बेटे हैं। तलाक के बाद दोनों बेटों की कस्टडी सुजैन को मिली। वो और ऋतिक दोनों बच्चों की को-पेरेंटिंग करते हैं। समय-समय पर दोनों बेटों के साथ वक्त बिताने के लिए वेकेशन पर भी जाते हैं। तलाक के कुछ साल बाद सुजैन ने अर्सलान गोनी को डेट करना शुरू कर दिया था।

## कॉन्सर्ट के बीच स्टेज साफ करते नजर आए अरिजीत सिंह

### बोले- माफ करना, ये मेरा मंदिर है, आप इसे गंदा नहीं कर सकते

अरिजीत सिंह ने हाल ही में लंदन में लाइव परफॉर्म किया। लेकिन अपनी परफॉर्मेंस के दौरान अरिजीत स्टेज की सफाई करते नजर आए। उन्होंने कहा कि ये मेरा मंदिर है, यहां आप खाना नहीं रख सकते। दरअसल, स्टेज पर ऑडियंस में से किसी ने खाने का सामान रख दिया था, जो अरिजीत को पसंद नहीं आया।

#### अरिजीत सिंह ने की स्टेज की सफाई

वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि अरिजीत सिंह 'ऐ दिल है मुश्किल' गाना गा रहे हैं। इसी दौरान उनकी नजर स्टेज पर रखे कुछ फूड आइटम पर जाती हैं। जिसके बाद अरिजीत ने तुरंत उसे उठाया और फिर सिक्योरिटी को दे दिया।

#### 'मुझे माफ करना, ये मेरा मंदिर है

इसके बाद अरिजीत ने हाथ जोड़ते हुए कहा कि 'मुझे माफ करना, ये मेरा मंदिर है, आप यहां खाना नहीं रख सकते।' वहीं, इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं। एक ने लिखा, अरिजीत के लिए सम्मान और भी ज्यादा बढ़ गया। दूसरे ने लिखा, प्यार...प्यार...प्यार। एक ने लिखा कि, फिर उन्होंने मंदिर में जूते क्यों पहन रखे हैं?

#### फैन को चुप कराते हुए दिखे थे अरिजीत सिंह

बता दें, इससे पहले भी अरिजीत सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वो अपनी एक रोती हुई फैन को चुप कराते नजर आए थे। अरिजीत स्टेज पर बैठ और गाना गाने लगे थे। उन्होंने अपनी फैन को इशारों में आंसुओं को पोंछने के लिए भी कहा था।

#### दो नेशनल अवार्ड जीत चुके हैं अरिजीत

अरिजीत सिंह के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने राब्ता, तुम ही हो, कभी जो बदल बरसे, फिर भी तुमको चाहूंगा जैसे सॉन्ग गाए हैं। इसके अलावा अरिजीत सिंह को दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिल चुके हैं। एक उन्हें 2018 की फिल्म पद्मावत के सॉन्ग बिन्ते दिल के लिए बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर मिला था। दूसरा, 2022 की ब्रह्मास्त्र के 'केसरिया' गाने के लिए बेस्ट सिंगर का अवॉर्ड मिला है।

## ऐश्वर्या राय की वजह से सलमान-सोमी का ब्रेकअप हुआ था

### सोमी बोलीं- उनका रिश्ता बहुत आगे बढ़ गया था, मैंने दूर जाना ही बेहतर समझा

सोमी अली ने बताया है कि फिल्म हम दिल दे चुके सनम के सेट पर सलमान खान और ऐश्वर्या राय की लव स्टोरी शुरू हुई थी। इससे पहले सलमान, सोमी के साथ रिलेशनशिप में थे। हालांकि जब सोमी को ऐश्वर्या से उनकी लिंकअप की खबरें मिलीं तो उन्होंने एक्टर से ब्रेकअप करना ही सही समझा। जूम टीवी को दिए इंटरव्यू में सोमी ने कहा, 'फिल्म हम दिल दे चुके सनम की शूटिंग चल रही थी। एक रोज जब मैंने सलमान को फोन किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। फिर मैंने फिल्म के डायरेक्टर संजय लीला भंसाली को फोन किया और उन्होंने कहा- सलमान अभी आपसे बात नहीं कर सकते क्योंकि वह एक शॉट में बिजी हैं।

यह सुनकर मुझे बहुत अटपटा लगा। मैंने उनसे कहा- अगर वह शॉट दे रहे हैं, तो आप डायरेक्शन क्यों नहीं कर रहे हैं? आप मेरा फोन क्यों उठा रहे हैं?

**सलमान के साथ गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहती थीं सोमी**-सोमी ने आगे कहा, 'बाद में ऐश्वर्या, सलमान के जिम में आने लगीं, जहां मैं और सलमान साथ रहते थे। सलमान के साथ मैं गैलेक्सी अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर रहती थी, जहां हमारा जिम भी था।' सोमी ने यह भी बताया कि फिल्म हम दिल दे चुके सनम के सेट पर ऐश्वर्या और सलमान को प्यार हो गया था। उन्होंने कहा, 'इस बारे में मुझे अंदर के नौकरों से जानकारी मिल रही थी, जो मेरा फेवर करते थे। मैं अपने दिल में जानती थी कि उनका रिश्ता कुछ ऐसा है जो फलने-फूलने वाला है। मैं जानती थी कि मेरे जाने का समय हो गया है।

**2001 में सलमान- ऐश्वर्या का ब्रेकअप हुआ था**-सोमी के इस बयान से पहले भी मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया गया था कि फिल्म हम दिल दे चुके सनम के सेट पर सलमान और ऐश्वर्या के बीच करीबियां बढ़ी थीं। फिल्म में उनकी ऑनस्क्रीन केमेस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। हालांकि, ये रिश्ता ज्यादा दिन नहीं चला और दोनों ने 2001 में अलग होने का फैसला किया।

सलमान से अलग होने के बाद 20 अप्रैल 2007 को ऐश्वर्या ने अभिषेक बच्चन से शादी कर ली थी।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



महानता वह नहीं होती कि आप गिर गए और उठे ही ना,
महानता उसे कहते हैं जब आप गिरकर बार-बार उठते हैं
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# चित्तौड़गढ़ के अनगढ़ बावजी में वृक्षारोपण कार्यक्रम

# बजट घोषणाओं की अविलम्ब क्रियान्विति कर रहे सुनिश्चित : मुख्यमंत्री शर्मा

- पर्यावरण संरक्षण-संवर्द्धन हमारी प्रमुख प्राथमिकता
- हरियाला होगा राजस्थान, 50 करोड़ पेड़ लगाएंगे





बढ़ता राजस्थान

## मुख्यमंत्री के साथ 1008 जोड़ों ने किया वृक्षारोपण

**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल हैं। एक व्यक्ति के पेड़ लगाने से आने वाली कई पीढ़ियों को वृक्षों द्वारा प्राणवायु मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने 'हरियालो राजस्थान' के अंतर्गत प्रदेशभर में 7 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए हैं और एक दिन में दो करोड़ पेड़ लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। पांच साल में 50 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का हमने लक्ष्य भी निर्धारित किया है। शर्मा गुरूवार को चित्तौड़गढ़ के नरबदिया स्थित अनगढ़ बावजी परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान के लिए शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत आमजन एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि श्री मोदी सामाजिक सरोकारों के प्रेरणापुंज हैं। उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता के प्रमुख वाहक बन गए हैं।

### अमराभगत की धूणी में किए दर्शन

मुख्यमंत्री शर्मा ने अनगढ़ बावजी तपोस्थली पहुंचने पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री अमरा भगत की धूणी पर घी की आहूति दी एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभास्थल पर ही मंत्रोच्चार के साथ पीपल का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर 1008 जोड़ों ने भी विधि विधान के साथ पूजा कर वृक्षारोपण किया।

### हमारी सरकार दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे मंत्रिगण प्रदेशभर का दौरा कर, सचिवालय में बैठक और जनसुनवाई कर दिन-रात जनता की सेवा कर रहे हैं। हमने संकल्प पत्र में किए वादों एवं परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं को अविलम्ब धरातल पर उतारा है। हाल ही में 10 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ, शिलान्यास एवं लोकार्पण हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के प्रति हमारे दृढ़संकल्प को दर्शाते हैं।

### सभी विधानसभा क्षेत्रों का हो रहा विकास

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की 200 विधानसभाओं की करीब 8 करोड़ जनता के विकास एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश की हर पंचायत एवं गांव में विकास कार्य स्वीकृत कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा की प्रोफाइलिंग करने के निर्देश दिए हैं, जिससे एक कार्ययोजना के अंतर्गत वर्षाजनित समस्याओं का समयबद्ध रूप से निस्तारण एवं विकास कार्यों की रूपरेखा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### 2027 तक किसानों को मिलेगी दिन में भी बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है और वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, उद्योग एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए पानी की आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ईआरसीपी, देवास परियोजना, इंदिरा गांधी नहर एवं यमुना जल समझौता जैसे अहम कदमों से राज्य में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गतिशील है।

### चित्तौड़गढ़ को दीं बजट में अनेक सौगातें

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चित्तौड़गढ़ के लिए बजट में कई घोषणाएं की हैं, जिनकी त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 3 हजार 530 करोड़ रुपये की लागत से जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना को चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद और उदयपुर से जोड़ा जाएगा। साथ ही, माही बेसिन के अतिरिक्त पानी को फीडर नहर के माध्यम से जयसमंद बांध में लाकर चित्तौडगढ़ के बांधों को भरवाएंगे। उन्होंने बताया कि 65 करोड़ की लागत से मातृकुंडिया डेम से डिंडोली डेम फीडर निर्माण, चित्तौडगढ़ के दुर्ग पर रोप-वे के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) एवं राजकीय संग्रहालय चित्तौड़गढ़ का उन्नयन कार्य भी किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि भैंसरोड़गढ़ सेंक्र्युरी को कूनो नेशनल पार्क से जोड़ते हुए चीतों के विचरण के लिए कॉरिडोर एवं सफारी के लिए मध्यप्रदेश के साथ एमओयू करते हुए फीजिबिलिटी स्टडी करवाई जा रही है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा भी कर ली गई है।



### मेवाड़ है शक्ति और भक्ति की भूमि

**मुख्यमंत्री ने चितौड़गढ़ के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए यहां के शौर्य एवं पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि मेवाड़ शक्ति और भक्ति की भूमि है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, भक्त शिरोमणि मीरा बाई, पन्नाधाय की स्वामीभक्ति और भामाशाह जैसे दानवीरों की यह भूमि हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है।**

## अहिल्याबाई का जीवन महिला सशक्तिकरण का उदाहरण : राष्ट्रपति

### इंदौर में डीएवीवी टॉपर्स स्टूडेंट को दिए गोल्ड मेडल; उज्जैन में पूजन कर महाकाल लोक देखा



बढ़ता राजस्थान

**उज्जैन/इंदौर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। यहां उन्होंने 46 टॉपर्स स्टूडेंट को गोल्ड मेडल प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भारत के स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार 7 बार नंबर वन आने पर इंदौर के लोगों ने असाधारण उदाहरण पेश किया।

उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई शिक्षा के महत्व को समझती थी। उनके पिता ने उन्हें उस दौर में शिक्षित किया। जब लड़कियों के लिए पढ़ना आम बात नहीं थी। महिला सशक्तिकरण का उनका जीवन एक उदाहरण है। देवी अहिल्या बाई का जीवन इस बात का उदाहरण है कि महिलाएं सभी क्षेत्र में सक्रिय होकर क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उज्जैन में कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन में सदियों से संस्कृति और सभ्यता की परंपरा निरंतर अस्तित्व में बनी हुई है। उज्जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केंद्र भी रहा है। राष्ट्रपति ने कहा- मैंने अपनी जनसेवा की यात्रा स्वच्छता के कार्य से ही की थी। नोटिफाइडड एरिया काउंसिल की अध्यक्ष रहने के दौरान मैं प्रति दिन एक वार्ड से दूसरे वार्ड जाती थी। सफाई कार्य का निरीक्षण करती थी। इस दौरान अच्छे कामों को देखकर खुशी होती थी। पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान देशव्यापी अभियान बन गया है। इससे देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि मध्यप्रदेश के कई शहरों को सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया है। राष्ट्रपति ने सफाई मित्र सम्मेलन में अपने संबोधन की शुरुआत और अंत जय महाकाल के जयघोष के साथ किया।

### सामाजिक-धार्मिक विकास करेगा सिक्स लेन हाईवे

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा- उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन हाईवे से आध्यात्मिक-सांस्कृतिक नगरी उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। यह हाईवे मध्यप्रदेश का पर्यटन, सामाजिक और धार्मिक विकास भी करेगा। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छ भारत अभियान में देशभर में दूसरा स्थान पाया है। इंदौर सात बार से देशभर में सबसे स्वच्छ शहर बना हुआ है। सबसे स्वच्छ राजधानी का अवार्ड भी भोपाल को मिला है। यह हमारा गौरव है। कार्यक्रम में उज्जैन के पांच सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया।

## भाजपा के हरियाणा चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

### अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को 2100 महीने



बढ़ता राजस्थान

**रोहतक (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी गई है। महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है। यह राशि कांग्रेस के कल जारी घोषणा पत्र से 100 रुपए ज्यादा है। इसमें 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसी 20 बातें हैं। रोहतक में संकल्प पत्र जारी करते हुए नड्डा ने कहा कि अस्पतालों में डायलिसिस फ्री होगा और चिरायु आयुष्मान योजना में 10 लाख तक इलाज मुफ्त हो सकेगा। नड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 20 संकल्प रखे हैं। हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखने के लिए सिग्नल आपको डाउन करना है। वह किसका करना है, ये आपको तय करना है।

इस प्रोग्राम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के अलावा बड़े नेता मौजूद थे।

### संकल्प पत्र जारी करने के बाद जेपी नड्डा की 5 अहम बातें

#### 1. कांग्रेस का रियल मेनिफेस्टो जमीन घोटाला

जेपी नड्डा ने कहा हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी। पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुईं। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था। उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला, किसानों की जमीन को हड़पना, उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना।

#### 2. भाजपा का संकल्प पत्र सीरियस डॉक्यूमेंट

मेनिफेस्टो को विरोधियों ने डायल्यूटेड बना दिया। भाजपा के लिए संकल्प पत्र सीरियस डॉक्यूमेंट है। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है। हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल में 68 हजार करोड़ से बढ़कर ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है। पहले 7 मेडिकल कॉलेज होते थे, जो आज 15 हो चुके हैं। पहले मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 700 सीटें थी, जो आज 2 हजार से ज्यादा हैं। 10 साल पहले 500 गांवों में बिजली थी, आज 5800 गांवों में बिजली पहुंच चुकी है।

#### 3. कांग्रेस किसानों को 1-2 रुपए मुआवजा देती थी

यहां किसान की चर्चा बहुत होती है। कांग्रेस में ऐसे-ऐसे नेता हैं, जो किसानों की बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले किसानों को मुआवजे में 1-2 रुपए के चेक मिलते थे। आज सरकार किसानों को लाखों रुपए दे रही है। किसानों को पहले प्रति एकड़ 6 हजार रुपए मुआवजा मिलता था, लेकिन अब 15 हजार रुपए कर दिया गया है।

#### 4. पहले 8, अब 24 फसलों पर एमएसपी दे रहे

किसानों को पहले 8 फसलों पर एमएसपी देते थे, लेकिन आज 24 फसलों पर दे रहे हैं। सरकार ने हर खेत तक पानी पहुंचाया। खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक हजार खेल नर्सरी बनाईं। पहले दिल्ली से हरियाणा के लिए चार घंटे लगते थे, लेकिन आज एक घंटा भी नहीं लगता। ये फर्क आपको साफ दिख रहा है।

#### 5. हरियाणा का रेल बजट 9 गुना बढ़ाया

हरियाणा में रेलवे का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 गुना बढ़ा दिया है। मैंने ये सारी बातें आपको इसलिए बताईं कि आप जनता के सामने सच की स्थिति को स्पष्ट कर सकें। भाजपा के लिए संकल्प पत्र एक सीरियस डॉक्यूमेंट हैं, इसमें हमने जो वादे किए हैं। वह 100 प्रतिशत देंगे।

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले- हरियाणा का माहौल भाजपा के पक्ष में**-भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि आज 2024 के चुनाव को लेकर संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया है। इसमें जो भी बातें होंगी, उसे सरकार बनने पर लागू किया जाएगा। 2014 और 2019 में जो संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया था, उसके सभी वादे सरकार ने 10 सालों में पूरे किए। हरियाणा का माहौल भाजपा के पक्ष में है। जैसे केंद्र में मोदी सरकार बनी, वैसे ही हरियाणा में बीजेपी सरकार बनेगी।

## जयपुर में मर्डर की सूचना पर पुलिस परेड : खून से सना मिला प्लास्टिक कट्टा; खोलने पर मिला मवेशी का शव

**जयपुर।** जयपुर में बुधवार रात मर्डर की सूचना ने पुलिस की परेड करवा दी। करधनी थाना पुलिस को रोड किनारे खून से सना प्लास्टिक का कट्टा मिला। कट्टे को खोलकर देखने पर मवेशी का शव बंधा मिला। मर्डर की सूचना महज अफवाह होने पर पुलिस टीम ने राहत की सांस ली। हेड कॉन्स्टेबल अजेन्द्र सिंह ने बताया- रात करीब 8 बजे राहगीर से सूचना मिली थी। मंगलम सिटी से निवारू रोड की तरफ जाने पर रोड किनारे एक प्लास्टिक का कट्टा बंधा पड़ा है। कट्टे के अंदर से खून बहने के साथ तेज बदबू उठ रही है। सम्भतय: किसी की हत्या कर प्लास्टिक कट्टे में शव को बांधकर फेंका गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com